वर्ष 10 अंक 190
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
19 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये


# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर


nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 अमेरिकी कानून के उल्लंघन का प्रयास करने वाले छात्रों को सजा भुगतनी.. | 06 'फूले' पिक्चर पर विवाद क्यों? : डॉ सुरेश गर्ग | 11 महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है डब्ल्यूपीएल : मंधाना







"जीवन की राहों में मुश्किलें तो आएंगी, पर उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही असली जीत है।"



Saurabh Shivhare


RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)

SIGNATURE GLOBAL

Titanium SPR

SECTOR 71, GURUGRAM

3.5 & 4.5 BHK

UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## अगर चिकित्सक के मन में संवेदना नहीं तो वह चिकित्सक कहलाने लायक नहीं : मुख्यमंत्री

**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि एक चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान उसकी संवेदना होती है और अगर चिकित्सक के मन में संवेदना नहीं है तो वह चिकित्सक कहलाने का अधिकारी है या नहीं, इस पर जरूर विचार होना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-गोरखपुर में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 500 बिस्तरों की सुविधा वाले "पावर ग्रिड विश्राम सदन" का शिलान्यास और भूमि पूजन करने के बाद यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

अस्पतालों में आने वाले मरीजों के साथ ही उनके अटेंडेंट (तीमारदारों) की पीड़ा को साझा करते हुए योगी ने कहा, "एक चिकित्सक अपनी संवेदना से गंभीर से गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज की आधी बीमारी को दूर कर सकता है। उसका व्यवहार उसी प्रकार होना चाहिए और संवेदना के इस केंद्र में अगर एक मरीज के साथ तीन से चार अटेंडेंट होते हैं, तो उनके लिए भी संवेदना होनी चाहिए।"

योगी ने कहा कि अस्पतालों में हर मरीज के साथ दो-चार तीमारदार भी आते हैं और यह कितना अमानवीय है, जब कड़ाके की सर्दी, मूसलाधार बारिश, चमकती बिजली और तेज धूप में किसी को बाहर जाने के लिए मजबूर कर दिया जाए। यह कल्पना करिए कि यह स्थिति आज किसी के साथ है तो कल आपको भी उससे गुजरना पड़ सकता है।




उन्होंने गोरखपुर के एम्स का उदाहरण देते हुए कहा कि इस पूरे परिसर में कम से कम 1,200 लोग (अटेंडेंट) ऐसे होंगे जिनको बाहर जहां-तहां सिर छुपाने के लिए पटरी पर, सड़कों के किनारे या किसी अन्य जगह पर जाकर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "इसलिए जरूरी है कि पहले हम ऐसे लोगों के बारे में मानवीय तौर पर सोचें जो अपने मरीज की पीड़ा के साथ यहां जुड़े हैं, लेकिन उनको एक अतिरिक्त पीड़ा उठानी पड़ती है।"

मुख्यमंत्री ने एम्स-गोरखपुर में मरीजों के परिजनों के लिए 500 बिस्तरों की सुविधा वाली आवासीय सुविधा के लिए पावर ग्रिड को धन्यवाद देते हुए कहा कि एम्स में यह एक नयी उपलब्धि प्राप्त हुई है।

उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकारों के शासनकाल में चिकित्सा व्यवस्था की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि 2003 से यह आवाज उठाई जा रही थी, उस समय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे।

योगी ने कहा, '' दिल्ली के बाहर छह एम्स बनाने की घोषणा वाजपेयी ने की थी और आज प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश के अंदर बिना भेदभाव के उसका मूर्तरूप सबको देखने को मिल रहा है। देश में मोदी जी के कार्यकाल में 22 एम्स बने हैं या बन रहे हैं और उनमें से गोरखपुर एक है।''

योगी ने कहा कि एम्स-गोरखपुर का भूमि पूजन प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2016 में किया और 2019 में पहला बैच प्रवेश लिया। वर्ष 2021 में एम्स-गोरखपुर का लोकार्पण मोदी जी ने किया। उन्होंने कहा कि 2016 में जो बीज एम्स के रूप में रोपा गया था आज वह एक वटवृक्ष बनकर हजारों पीड़ितों को आरोग्यता का लक्ष्य प्राप्त करने का एक नया केंद्र बन गया है।

योगी ने मरीजों के तीमारदारों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ बुनियादी चीजों को देखना होगा, हम अस्पताल की इमारत तो बना लेते हैं, भवन बनाने के बाद मरीज तो भर्ती हो जाता है लेकिन उसका तीमारदार वहां नहीं रह सकता यह अक्सर देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने डेढ़ वर्ष पहले की एक घटना बतायी जब वह लखनऊ में एसजीपीजीआई के दौरे पर निकले थे।

योगी ने कहा, " मैंने देखा वहां पर सड़कों पर लोग लेटे थे, जहां कहीं लोग लेटे थे। मैंने एसजीपीजीआई के निदेशक से पूछा कि ये कौन हैं तो उन्होंने बताया कि ये मरीज के परिजन हैं, इनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है।"

मुख्यमंत्री ने कहा, " मैंने निदेशक से कहा कि आपके पास भूमि है, उन्होंने कहा कि हां है, तो फिर मैंने कहा कि अगर जमीन है तो फिर अटेंडेंट के लिए भी हमें कोई व्यवस्था देनी होगी और अगले दिन मैंने मुख्यमंत्री आवास में बैठक बुलाई और विभिन्न विभागों से समन्वय कर मरीजों के अटेंडेंट के रहने की व्यवस्था के लिए पहल की गयी।"

योगी ने कहा कि "मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने पीजीआई, केजीएमयू समेत तीन रैन बसेरा दिए और तत्कालीन ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने एम्स-गोरखपुर के लिए रैन बसेरा स्वीकृत किया।-

## नेशनल हेराल्ड मामले में 'जनता के पैसे के गबन' को लेकर भाजपा का कांग्रेस कार्यालय के निकट प्रदर्शन




नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल हेराल्ड मामले में जनता के पैसे के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कांग्रेस के अकबर रोड कार्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस्तीफे की मांग की।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा की शहर इकाई के कार्यकर्ता मान सिंह रोड पर एकत्र हुए, जहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाए और भ्रष्टाचार के मामले में राहुल गांधी का नाम आने पर उनके इस्तीफे की मांग की।

सचदेवा ने कहा, ''मामला 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति का कम मूल्यांकन करने से जुड़ा है, जिसे 50 लाख रुपये में मां ने अपने बेटे को सौंप दिया।''

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं के अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

कांग्रेस ने आरोपपत्र को प्रतिशोध की राजनीति बताया है।


सचदेवा ने पूछा कि अगर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लगता है कि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है तो उन्होंने जमानत के लिए आवेदन क्यों किया।

उन्होंने कहा, ''इसके बजाय उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी चाहिए थी और खुद को सही साबित करना चाहिए था।'' उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला ''साजिश, भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला है जिसके लिए कांग्रेस नेता जवाबदेह हैं।''

## सभी छिपे हुए नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हों : अमित शाह

**नयी दिल्ली**, (भाषा) केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी छिपे हुए नक्सलियों से यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शाह ने कहा कि कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने राज्य के बीजापुर जिले में संचालित विभिन्न अभियानों में आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ 22 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि सुकमा के बड़ेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो गई है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''छिपे हुए नक्सलियों से मेरी अपील है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। इकत्तीस मार्च 2026 से पहले हम देश को



नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं।''

केंद्रीय गृहमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि ''सुकमा (छत्तीसगढ़) में अन्य 22 नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया, जिससे आत्मसमर्पण करने वालों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो गई है।'' उन्होंने कहा, ''नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में इस सफलता के लिए मैं सुरक्षा बल के जवानों और छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देता हूं।''

गृहमंत्री ने मध्य प्रदेश के नीमच में बृहस्पतिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा, ''नक्सलवाद भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और सीआरपीएफ, विशेषकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।''

कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है, जो गुरिल्ला और जंगल युद्ध, विशेष रूप से नक्सली खतरे से निपटने में, अपनी दक्षता के लिए जानी जाती है।

शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 400 से अधिक अग्रिम परिचालन चौकियां स्थापित की हैं और इसके कारण इन क्षेत्रों में हिंसा में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है तथा ''हम अब इसे समाप्त करने के करीब हैं।''

## अरविंद श्रीवास्तव राजस्व सचिव नियुक्त, समीर सिन्हा नागरिक उड्डयन प्रमुख होंगे

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को शीर्ष स्तर पर किए गए फेरबदल के तहत वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों अरविंद श्रीवास्तव और समीर कुमार सिन्हा को क्रमशः राजस्व और नागरिक उड्डयन सचिव नियुक्त किया गया है।

वर्ष 1994 बैच के कर्नाटक कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्रीवास्तव वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में सचिव के रूप में श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

सिन्हा को वुमलुनमंग वुअलनम के स्थान पर नागरिक उड्डयन सचिव नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि नागरिक उड्डयन सचिव वुअलनम को व्यय विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

## सीलमपुर हत्याकांड : शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आप और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप

**नयी दिल्ली**, (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में 17-वर्षीय किशोर की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया।

दोनों पक्षों ने दिल्ली में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है।

न्यू सीलमपुर के जे ब्लॉक इलाके में बृहस्पतिवार को किशोर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भाजपा-नीत केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

आतिशी ने 'एक्स' पर लिखा, ''सीलमपुर में 17-वर्षीय युवक की हत्या दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था का एक और उदाहरण है।''



उन्होंने कहा, ''दिल्ली पुलिस क्या कर रही है? गृहमंत्री अमित शाह क्या कर रहे हैं? डबल इंजन सरकार क्या कर रही है?''

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि युवक के परिवार को न्याय मिलेगा।

उन्होंने कहा, ''मैंने पुलिस आयुक्त से बात की है। पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है और मुझे उम्मीद है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि युवक के परिवार को न्याय मिले।''

विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने हत्या की घटना की निंदा की और कहा कि कानून प्रवर्तक मामले को गंभीरता से ले रहे हैं, साथ ही उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

तिवारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सीलमपुर में कुणाल नामक 17-वर्षीय दलित युवक की हत्या की घटना बेहद चिंताजनक है। इलाके के लोगों में गुस्सा स्वाभाविक है।''

उन्होंने कहा, ''मैं कल रात से ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संपर्क में हूं। अधिकतर अपराधियों की पहचान कर ली गई है और गहन जांच की जा रही है।''

तिवारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति की अपील भी की। उन्होंने कहा, ''यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए कि पुलिस कार्रवाई में बाधा न आए।''

भाजपा विधायक रविंदर सिंह नेगी ने कहा, ''हमने परिवार को आश्वासन दिया है कि घबराने या इलाका छोड़ने की कोई जरूरत नहीं है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अपना काम कर रही है, दोषियों को सजा मिलेगी।''

उन्होंने कहा, ''हिंदुस्तान में हिंदू रहेंगे। किसी को अपना घर छोड़ने की जरूरत नहीं है। हमने पोस्टर हटा दिए हैं और लोगों को भरोसा दिलाया है कि हम उनके साथ खड़े हैं।''

## महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज असली राष्ट्रीय नायक हैं, औरंगजेब नहीं: राजनाथ

**छत्रपति संभाजीनगर** (महाराष्ट्र), (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय नायक हैं, न कि मुगल शासक औरंगजेब।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह में सिंह ने कहा कि जो लोग औरंगजेब या बाबर का महिमामंडन करते हैं, वे देश के मुसलमानों का अपमान करते हैं।

सिंह ने कहा, ''महाराणा प्रताप साहस और देशभक्ति के प्रतीक थे... छत्रपति शिवाजी महाराज ने विशेष रूप से गुरिल्ला युद्ध रणनीति के लिए महाराणा प्रताप से प्रेरणा ली थी।''

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि स्वतंत्रता के बाद वामपंथी झुकाव वाले



इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज दोनों को उचित श्रेय नहीं दिया, बल्कि औरंगजेब का महिमामंडन किया। उन्होंने कहा, ''जो लोग मानते हैं कि औरंगजेब एक नायक था, उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू की किताब पढ़नी चाहिए, जिन्होंने लिखा था कि मुगल बादशाह एक क्रूर, कट्टरपंथी शासक था।''

सिंह ने कहा कि ऐसा व्यक्ति नायक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ''दारा शिकोह ने उपनिषदों का अनुवाद किया और औरंगजेब ने उनकी हत्या कर दी। दारा शिकोह सभी धर्मों का सम्मान करते थे।''

सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और मुगल सम्राट अकबर के प्रभुत्व को चुनौती दी।उन्होंने कहा कि अपनी अनुकरणीय वीरता के अलावा महाराणा प्रताप ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। उन्होंने कहा, ''आदिवासी और मुसलमान उनकी सेना का हिस्सा थे। हकीम खान सूरी ने मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए हल्दीघाटी की लड़ाई में अपना जीवन बलिदान कर दिया। एक मुस्लिम युवक शिवाजी महाराज का अंगरक्षक था।''

भाजपा नेता ने कहा कि राणा प्रताप और शिवाजी महाराज दोनों ही मुस्लिम विरोधी नहीं थे। सिंह ने कहा, ''हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम देश के युवाओं को बताएं कि महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज केवल इतिहास की किताबों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रेरणा के जीवित स्रोत हैं।'' उन्होंने यह भी पूछा कि औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और दिल्ली में औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड करने में क्या गलत है।

## दिल्ली सरकार ने मानसून में 194 स्थानों पर जलभराव से निपटने की योजना तैयार की

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार मानसून के समय राष्ट्रीय राजधानी को जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए संवेदनशील स्थानों पर स्वचालित पंप लगाने और कर्मचारियों को तैनात करने सहित हरसंभव प्रयास कर रही है।

मानसून की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री ने जलभराव वाले मिंटो ब्रिज अंडरपास का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे। गुप्ता ने कहा, ''भारी बारिश के दौरान जलनिकासी के लिए यहां स्वचालित पंप लगाए गए हैं और 2.5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। कर्मचारी भी हर समय ड्यूटी पर रहेंगे।'' संवेदनशील स्थानों की पहचान कर ली गई है और सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

## बंगाल के राज्यपाल हिंसा पीड़ितों से मिलने मालदा पहुंचे, आज कर सकते हैं मुर्शिदाबाद का दौरा

कोलकाता, 18 अप्रैल (भाषा) पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मुर्शिदाबाद में साम्प्रदायिक हिंसा भड़कने के कारण अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने वाले पीड़ितों से मिलने के लिए शुक्रवार को पड़ोसी मालदा जिला पहुंचे। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे अपना दौरा टालने का अनुरोध किया था।

बोस ने मालदा के लिए ट्रेन में सवार होने से पहले कोलकाता में संवाददाताओं से कहा, ''मैं (हिंसा प्रभावित) क्षेत्र में जा रहा हूं।''

उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''मैं पीड़ितों से मिलूंगा, हिंसा प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट की पुष्टि करूंगा, अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों का दौरा करूंगा। राज्य पुलिस और केंद्रीय बल साथ मिलकर काम कर रहे हैं तथा स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। दौरे के बाद, मैं अपनी सिफारिशें भेजूंगा।''



मालदा पहुंचने पर बोस ने कहा, ''शिविरों में, मैं पीड़ितों की शिकायतें सुनूंगा, उनकी जरूरतें जानने की कोशिश करूंगा और उनका निवारण करने के लिए सक्रियता से कदम उठाऊंगा।'' राजभवन सूत्रों ने संकेत दिया कि बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद का दौरा कर सकते हैं।

मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में, वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ 11 और 12 अप्रैल को हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

जिले के कई निवासी और भी हिंसा होने की आशंका के चलते पड़ोसी मालदा जिला पलायन कर गए थे।

दंगा करने और तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता को लेकर अबतक 274 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा प्रभावित इलाकों में अर्द्धसैनिक और पुलिस बल तैनात किये गए हैं।

# भाजपा का जैन समाज पर हमला: विश्वास का विश्वासघात और भारत की बहुलता पर प्रहार : कांग्रेस नेता राजेश कुमार सेठी जैन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



नागालैंड कांग्रेस नेता व राष्ट्रीय समन्वयक अल्पसंख्यक विभाग आल इंडिया कांग्रेस कमिटी मणिपुर राज्य के प्रभारी राजेश कुमार सेठी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जैन समाज, जो अपनी अहिंसा और भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में अपार योगदान के लिए जाना जाता है, आज अभूतपूर्व हमलों का शिकार है, और इसके केंद्र में है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)।

सेठी ने बताया हाल की घटनाएं जैन समाज के प्रति एक खतरनाक शत्रुता को उजागर करती हैं, जो भाजपा के शासन में हो रही हैं, और उस समुदाय के साथ विश्वासघात कर रही हैं, जिसने लंबे समय तक इस पार्टी का समर्थन किया है। मध्य प्रदेश के नीमच में, तीन जैन मुनियों पर हनुमान मंदिर के अंदर क्रूर हमला हुआ, जिसने भाजपा शासित राज्य की कानून-व्यवस्था पर जैन समाज के विश्वास को हिला दिया। मुंबई में, भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार के तहत, एक दिगंबर जैन मंदिर को हाईकोर्ट में चल रहे कानूनी मामले के बावजूद बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया, जो न्यायिक प्रक्रिया और धार्मिक पवित्रता के प्रति घोर अवमानना को दशार्ता है। सबसे चौंकाने वाली बात, भाजपा नेताओं जागृति शुक्ला और शैलेंद्र सिंह का एक वायरल ऑडियो उनकी जहरीली मानसिकता को उजागर करता है, जिसमें उन्होंने जैन समाज को मुसलमानों के समान बताया, कहा कि जैन और मुस्लिम एक हैं, और जैन समाज की तुलना रावण से करते हुए दावा किया कि कल्कि अवतार के समय रावण की भूमिका में जैन समाज होगा। ये शब्द केवल शब्द नहीं हैं—ये एक शांतिप्रिय अल्पसंख्यक समुदाय को बदनाम करने और हाशिए पर धकेलने की सुनियोजित साजिश हैं।

सेठी ने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी ने सही कहा था कि भाजपा आज मुसलमानों के खिलाफ कार्य कर रही है, ईसाइयों के खिलाफ कार्य कर रही है, और अब जैन समाज के साथ यह अत्याचार हो रहा है। कल यह सिख समाज या अन्य समुदायों के साथ हो सकता है। भाजपा के शासन में यह खतरनाक पैटर्न भारत की बहुलवादी पहचान को ही खतरे में डाल रहा है।

जैन समाज, जो भाजपा का एक बड़ा समर्थक वर्ग रहा है, आज इस विश्वासघात का सामना कर रहा है चाहे वो जैन समाज के तीर्थ स्थान हो या जैन शादी संतो का बिहार हो रहा हो, एक के बाद एक घटना, इन अत्याचारों के सामने भाजपा नेतृत्व की चुप्पी गंभीर सवाल उठाती है: क्या यही है सबका साथ, सबका विकास? भाजपा शासित राज्यों में जैन समाज को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? पार्टी की निष्क्रियता और इसके नेताओं की नफरत भरी बयानबाजी भारत की एकता को तोड़ने की खतरनाक मंशा को दशार्ती है।

### कांग्रेस और राहुल गांधी: जैन समाज की आवाज

आज श्री राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी जैन समाज की आवाज बनकर संसद में उनके अधिकारों और सम्मान के लिए अडिग होकर लड़ रहे हैं। यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने राहुल गांधी जी के नेतृत्व में जैन समाज को अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था, ताकि उनके अधिकार और पहचान सुरक्षित रहें। यह वही राहुल गांधी हैं, जिन्होंने देश के कोने-कोने में पदयात्राओं के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, प्रेम और मोहब्बत के संदेश को फैलाया, और ह्ममोहब्बत की दुकानह्व खोलकर भारत की एकता को मजबूत किया। भाजपा की विभाजनकारी नीतियों के विपरीत, राहुल गांधी का समावेशी दृष्टिकोण और जैन मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस चुनौतीपूर्ण समय में जैन समाज के लिए आशा और न्याय का प्रतीक है। हम हर नागरिक—चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या वर्ग से हो—से अपील करते हैं कि वे इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। आज जैन समाज के साथ हो रहा है; कल यह किसी और के साथ हो सकता है। इस दमन के सामने चुप्पी सहभागिता है।

सेठी ने कहा कि भाजपा को इस घृणा और विभाजन के माहौल को बढ़ावा देने के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। हम नीमच हमले के दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई, मुंबई में ध्वस्त जैन मंदिर के लिए न्याय, और जैन समाज का अपमान करने वाले भाजपा नेताओं के लिए कठोर सजा की मांग करते हैं।

सेठी ने जैन समाज से कहा आज आवाज नहीं उठाओगे, तो कल तुम्हारी पहचान मिटा दी जाएगी। अत्याचार के खिलाफ खड़े हो जाओ, क्योंकि विनाश का तूफान नजदीक है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज निवास में ओड़िशा स्थापना दिवस पर मोहक ओड़िसी नृत्य की भव्य प्रस्तुति



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

राज निवास, नई दिल्ली: नई दिल्ली स्थित राज निवास में ओड़िशा स्थापना दिवस के अवसर पर पारंपरिक संगीत और सांस्कृतिक छटा के साथ एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन ओड़िशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित था, जिसमें विशेष रूप से शास्त्रीय नृत्य ओड़िसी की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रसिद्ध ओड़िसी नृत्यांगना डॉ. चंदना राल ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भावपूर्ण अभिव्यक्तियों, तालबद्ध पदचापों और नृत्य की शुद्धता ने ओड़िशा की सांस्कृतिक आत्मा को मंच पर जीवंत कर दिया। इस भव्य अवसर पर माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना एवं श्रीमती संगीता सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। माननीय उपराज्यपाल ने डॉ. चंदना राल की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं दीं और भारतीय शास्त्रीय परंपराओं को सहेजने व आगे बढ़ाने में उनके योगदान की प्रशंसा की।

यह आयोजन ओड़िशा की सांस्कृतिक गरिमा और परंपराओं को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रस्तुत किया गया। डॉ. चंदना राल की ओड़िसी नृत्य प्रस्तुति इस संध्या का प्रमुख आकर्षण रही, जिसमें कला की गरिमा, गहराई और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम देखने को मिला। समारोह का समापन सांस्कृतिक गौरव, एकता और उन सभी के प्रति आभार के भाव के साथ हुआ जिन्होंने इस आयोजन को सफल और अविस्मरणीय बनाया।

# सतीश महाना की अध्यक्षता में कानपुर के समग्र विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## कानपुर रिंग रोड के निर्माण की समीक्षा में एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया की कानपुर रिंग रोड का कार्य 04 पैकेज में होना है, जिसके अन्तर्गत 03 पैकेज में कार्य प्रारम्भ हो गया है एक पैकेज के टेण्डर का कार्य प्रक्रियाधीन है और अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की समीक्षा में एन0एच0ए0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि 02 पैकेज में कार्य पूर्ण होना है। परियोजना का निर्माण कार्य मैसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0 द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है कार्य तेजी से चल रहा है, परियोजना का निर्माण छः लेन में शहीद पथ जंक्शन से प्रारम्भ होकर बनी पर समाप्त होगा। पैकेज 02 ऊपरगामी बनाया जाएगा तथा आउटर रिंग रोड के निकट नीचे उतरेगा। आउटर रिंग रोड पर जंक्शन का निर्माण किया जाएगा, उक्त परियोजना का निर्माण कार्य मैसर्स पी0एन0सी0 द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है जो कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उक्त परियोजना जल्द ही पूर्ण होगी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कानपुर नगर दक्षिण वासियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये बैठक में विचार-विमर्श किया गया विभागीय समंजन स्थापित करते हुए कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए। सैबसी झील के निर्माण की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए गए की इसका स्वरूप बेहतर सुरक्षित बनाया जाए इसके लिए कार्य करना सुनिश्चित करें । जाजमऊ से चकेरी एयरपोर्ट को जाने वाले मार्ग के निर्माण में आ रही बढ़ाओ को दूर करते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करना सुनिश्चित किया जाए।

पनकी पड़ाव पुल में चार लेन मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि सेतु निगम द्वारा प्रस्ताव बनाकर कार्य योजना में सम्मिलित कर लिया गया है। मेगा लेदर क्लस्टर के संबंध में 31 मई तक जो भी कार्य किया जाना है, उसे पूर्ण करें अन्यथा वैकल्पिक रास्ता तलाशते हुए निस्तारण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए,कानपुर विकास प्राधिकरण अपनी भूमि को संरक्षित करते हुए पर को एवं तालाबों को जल संचयन हेतु विकसित करने हेतु कार्य करना सुनिश्चित करें।

एमडी केस्को को निर्देशित किया गया कि लाल बंगला बाजार में अंडरग्राउंड विद्युत केबल का कार्य यथाशीघ्र आरंभ कराया जाए इस हेतु जो भी प्रक्रियाएं हैं या जो भी कार्य किए जाने हो, उन्हें युद्ध स्तर पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

पुलिस कमिश्नर यह सुनिश्चित कराए कि शहर में जो भी बरात निकले, वह सड़क के एक साइड से ही निकाला जाए एवं सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ही बरात निकले।डिफेंस कॉरिडोर की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कराते हुए आ रही बधाओं को शीघ्र दूर कराया जाए।

नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि जीके फर्स्ट में सड़क पर लगने वाली सब्जी मंडी को पुल के नीचे से अन्य स्थान पर व्यवस्थित कराना सुनिश्चित करें। बनियापुरवा एसपी की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्थिति में जुलाई में एसपी प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। नगर आयोग को निर्देश दिए, नाला सफाई का जो भी कार्य कराया जाए, उसमें से प्रत्येक स्थिति में सिल्ट उठाई जाए , साथ ही प्रत्येक गली, मोहल्लों,सड़को की सफाई हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित होकर सफाई करें। वहीं, एमडी केस्को को निर्देशित करते हुए कहा कि संवाद की स्थिति रहे और फाल्ट होने पर उसका निराकरण युद्ध स्तर पर कराया जाए।

बैठक में महापौर प्रमिला पाण्डेय, विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, सुरेन्द्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, मण्डलायुक्त विजयेंद्र पांडियन, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरिश्चंद्र, एम0डी0 केस्को सैमुअल पॉल, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रीमती रुक्खमणिदेवी नाहटा मूर्ति अनावरण



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

दिल्ली: श्री महाबलीपुरम् तीर्थ में ध्वजारोहण, पार्श्व- पद्मावती महापूजन व श्रीमती नाहटा का मूर्ति अनावरण हुआ।

श्रीमती रुक्खमणिदेवी नाहटा (जन्मः 6 जुलाई, 1938, पुण्य तिथि: 19 नवम्बर, 2022) की मूर्ति का अनावरण प.पू. साध्वी श्री मंजूलाश्री जी म.सा. की निश्रा में श्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, समाज कल्याण मंत्री-दिल्ली, श्री कंवर सिंह तंवर, सांसद एवं श्री कन्हैयालाल पटावरी (अध्यक्ष- भगवान महावीर मेमोरियल समिति) द्वारा श्रीसंघ की उपस्थिति में 10 अप्रैल, 2025 को किया गया। इस समारोह में श्री करतार सिंह तंवर-विधायक व श्री सुंदर सिंह तंवर-निगम पार्षद भी पधारे।

श्रीमती रुक्खमणिदेवी नाहटा एक धर्मपरायण, उदारमना, वात्सल्यमूर्ति एवं परोपकारी जैन श्राविक थीं, जिन्होंने अपने जीवन काल में जिन शासन सेवा के अनेकों कीर्तिमानकारी कार्य किये। करीब 150 वर्ष पूर्व समय के प्रतिकूल प्रवाह तथा विपरीत स्थितियों से विच्छेदित परमात्मा शीतलनाथ के कल्याणकों की भूमि भद्दिलपुर, परमात्मा नमिनाथ एवं परमात्मा मल्लिनाथ के चार-चार कल्याणकों की भूमि मिथिला तीर्थ की भी पुनर्स्थापना एवं प्रतिष्ठा संपन्न करवाकर जिनशासन की अपूर्व प्रभावना की। श्री पार्श्व पद्मावती महाबलीपुरम् तीर्थ, भाटी, दिल्ली का निर्माण एवं प्रतिष्ठा भी उनके द्वारा करवायी गयी।

विभिन्न तीर्थों एवं संस्थाओं में तीर्थ विकास, जीव दया, अनुकम्पा आदि के विविध कार्यों हेतु उन्होंने मुक्त हस्त से दान दिये। वे नियमित रूप से देव-दर्शन, प्रतिक्रमण के अलावा अट्ठम तप, तेले, अट्ठाई आदि विविध तपश्यायें भी की। तीर्थ दर्शन हेतु देश के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रें के दर्शन-वंदन का लाभ लिया। अपने पति श्रेष्ठिवर्य श्री हरखचन्द जी नाहटा द्वारा मांडवला (राज-) में आयोजित उपधान महातप में आपने भी इस तप की महान आराधना की। भारत सरकार ने आपके सुकृत्यों के सम्मान में आप पर एक डाक टिकट जारी किया।

# उर्दू और अरबी कक्षाओं के नए सत्र का उद्घाटन (2025-26): इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, नई दिल्ली



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर (IICC) ने आज अपने परिसर में वर्ष 2025-26 के लिए अपने बहुप्रतीक्षित उर्दू और अरबी भाषा पाठ्यक्रमों के नए सत्र का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में भाषा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध शिक्षार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों की गर्मजोशी और उत्साहपूर्ण सभा देखी गई।

इस सत्र का उद्घाटन प्रतिष्ठित विद्वान प्रोफेसर रियाज उमर ने किया, साथ ही श्री मनमोहन शर्मा और श्री ख्वाजा एम. शाहिद, संयोजक, शिक्षा और पुस्तकालय समिति, IICC ने भी इस सत्र का उद्घाटन किया।

उनकी उपस्थिति और व्यावहारिक टिप्पणियों ने सांस्कृतिक समझ और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने में भाषा के महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर क्कक्ष्उ के कोषाध्यक्ष श्री सिकंदर हयात और श्री मोहम्मद नौशेरवान भी मौजूद थे, जो इस पाठ्यक्रम के समन्वय के लिए जिम्मेदार हैं और IICC के अध्यक्ष जनाब सलमान खुर्शीद के निजी सहायक के रूप में भी काम करते हैं। पाठ्यक्रमों के आयोजन और सुविधा में उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थन की बहुत सराहना की गई।

IICC शैक्षिक और सांस्कृतिक पहलों को बढ़ावा देने के अपने मिशन में दृढ़ है, और ये भाषा पाठ्यक्रम उर्दू और अरबी की समृद्ध भाषाई परंपराओं को तलाशने और उनसे जुड़ने के लिए उत्सुक विविध पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों को आकर्षित करना जारी रखते हैं।

# गीता के अर्जुन से लेकर हिंद की चादर तक युवाओं के लिए धर्म का शाश्वत संदेश

## सनातन धर्म-सेवा, सह-अस्तित्व और संकल्प का सतत प्रवाह, सिख धर्म के नौवें गुरू, गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व की बधाइयाँ, सनातन है, तभी सुरक्षा है, सनातन बचेगा, तभी मानवता बचेगी: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने अमेरिका की धरती से दिये अपने संदेश में कहा कि ऋषियों की भूमि भारत की आत्मा यदि किसी तत्व में निहित है, तो वह है, सनातन धर्म। यह केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, सह-अस्तित्व का दर्शन, और शाश्वत मूल्यों की जीवनदायिनी धारा है। आज जब दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही है यथा वातावरणीय संकट, मानसिक तनाव, नैतिक पतन और सामाजिक विघटन, ऐसे समय में सनातन धर्म की सार्वकालिक और सार्वभौमिक शिक्षाएं हमारे लिए दिशा और समाधान दोनों प्रदान करती हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सनातन है, तभी सुरक्षा है। सनातन बचेगा, तभी मानवता बचेगी। सनातन धर्म उस मूल चेतना का नाम है जो न किसी कालखंड में बंधा है, न किसी जाति या सीमा में सीमित है। यह एक सतत प्रवाह है, एक ऐसी आध्यात्मिक नदी, जो सबको अपनाती है, सबका कल्याण चाहती है और सबको जोड़ती है।

आज के युवा वर्ग के लिए सनातन धर्म केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की प्रासंगिकता और भविष्य की संभावनाएं समेटे हुए है। यह धर्म युवाओं को आत्मबल, सेवा, सहनशीलता, और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जब दुनिया वायरल ट्रेंड्स और शॉर्टकट सक्सेस के पीछे भाग रही है, तब सनातन धर्म आत्म-अनुशासन, दीर्घकालिक सोच, और सच्चे उद्देश्यपूर्ण जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।



उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और पंथों के बीच का अंतर समझना आज अत्यंत आवश्यक है। पंथ विशेष मत या पूजा-पद्धति पर आधारित होते हैं, जो समय, स्थान और परिस्थिति के अनुसार विकसित होते हैं। ये जलाशयों की तरह होते हैं, स्थिर और सीमित लेकिन धर्म, विशेषतः सनातन धर्म माँ गंगा की तरह है, जो सतत बहती रहती है, सबको शीतलता देती है, और कभी रुकती नहीं। वह धर्म जो न केवल ईश्वर की खोज सिखाता है, बल्कि मनुष्य को कर्तव्यबोध, करुणा और कर्मयोग का मार्ग भी दिखाता है।

आज का युवा सबसे अधिक ऊर्जा और संभावनाओं से परिपूर्ण है। यदि उसकी शक्ति को सही दिशा मिले, तो वह राष्ट्र ही नहीं, पूरी मानवता के भविष्य को आकार दे सकता है। सनातन धर्म का यह स्पष्ट संदेश है, धर्मो रक्षति रक्षितः जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। सर्वे भवन्तु सुखिनः सबका कल्याण ही हमारा परम उद्देश्य है। अहिंसा परमो धर्मः हिंसा से नहीं, प्रेम और सह-अस्तित्व से ही स्थायी समाधान संभव है।

सनातन धर्म युवाओं से केवल भक्ति नहीं चाहता, वह जागरूकता, जिम्मेदारी और जीवंतता चाहता है। गीता का अर्जुन केवल युद्ध में नहीं, आत्म-संशय के विरुद्ध खड़ा होता है। वही अर्जुन आज के हर युवा में छिपा है, जो जब जागेगा, तब परिवर्तन की धारा बहेगी।

सनातन धर्म एक जीवंत, वैज्ञानिक और मानवतावादी जीवन-दर्शन है। इसका उद्देश्य किसी को बांधना नहीं, सबको जोड़ना है। आज जब विचारधाराओं की टकराहट हो रही है, तब सनातन का समन्वयवाद ही स्थायी समाधान है और इस संदेश को लेकर चलने वाले सबसे बड़े दूत हैं हमारे युवा हो सकते है। आइए, हम सब मिलकर इस सतत प्रवाह को आगे बढ़ाएं। सनातन को जानें, समझें, क्योंकि जब तक सनातन है, तब तक मानवता सुरक्षित है।

स्वामी जी ने सिख धर्म के नौवें गुरू, गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व की बधाइयाँ देते हुये कहा कि हिंद की चादर के नाम से प्रसिद्ध गुरु तेग बहादुर जी मानवता के सच्चे रक्षक थे। उनका जीवन सेवा, परोपकार और मानवीय गरिमा के लिए बलिदान की अमिट गाथा है। उन्होंने धर्म की स्वतंत्रता, और दूसरों की आस्था की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर उनकी साधना, देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम को नमन।

# अमेरिकी कानून के उल्लंघन का प्रयास करने वाले छात्रों को सजा भुगतनी होगी: अमेरिकी विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली,** (भाषा) अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कानून के उल्लंघन का प्रयास करने वाले छात्रों को सजा भुगतनी होगी, जिसमें देश से निर्वासित किया जाना भी शामिल है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड ने पीटीआई को डिजिटल माध्यम से दिए गए साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप प्रशासन आव्रजन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम और 'एलियन रजिस्ट्रेशन एक्ट' (प्रवासी जीकरण अधिनियम) समेत आप्रवासन कानूनों को कठोरता से लागू कर रहा है।

मैकलियोड ने अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के सामने आ रहीं समस्याओं के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा, "अगर आप कानून का पालन करते हैं तो अमेरिका आपको अवसर मुहैया कराएगा। लेकिन कानून का उल्लंघन करने वालों को परिणाम भुगतने होंगे।" अमेरिका में भारतीय छात्र निर्वासन के बढ़ते खतरे का सामना कर रहे हैं, क्योंकि अधिकारी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से लेकर छोटे-छोटे कानूनी उल्लंघनों समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर एफ-1 वीजा रद्द कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा था, "हमें पता है कि कई भारतीय छात्रों को अमेरिकी सरकार की ओर से उनके एफ-1 वीजा की स्थिति के बारे में सूचना मिली है, जो कि छात्र वीजा है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावास



सहायता प्रदान करने के लिए छात्रों के संपर्क में हैं।"

जायसवाल कई भारतीय छात्रों को ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों की ओर से भेजे गए संदेशों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। इन पत्रों में छात्रों के वीजा रद्द होने की आशंका के बारे में बताया गया है। हालांकि मैकलियोड ने किसी खास मामले का उल्लेख नहीं किया, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दंड से बचने के लिए अमेरिकी कानूनी व वीजा आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक है। अवैध आव्रजन से जुड़े व्यापक मुद्दे पर, मैकलियोड ने कहा कि ट्रंप प्रशासन आव्रजन कानूनों को कठोरता से लागू कर रहा है। उन्होंने कहा, "अमेरिकी सरकार अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारे कानूनों को तोड़कर प्रवेश करने वालों का स्वागत नहीं करेगी।"

मैकलियोड ने भारतीय परिवारों के रिश्तेदारों समेत अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों से स्वेच्छा से अपने देश लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "अभी भी अपने वतन लौटने का अवसर है।" उन्होंने कहा कि वे अपने प्रस्थान के लिए गृह मंत्रालय से संपर्क करें या सीबीपी ऐप का उपयोग करें। अमेरिकी अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि जो लोग अवैध रूप से देश में प्रवेश कर गए हैं, वे सख्त प्रवर्तन उपायों से बचने के लिए स्वेच्छा से देश छोड़ देंगे।

उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में 3.3 लाख से अधिक भारतीय छात्रों ने अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिला लिया, जो इससे पिछले साल की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। इस हिसाब से भारत एक ऐसा देश है, जिसके सबसे ज्यादा छात्र अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हैं।

हालांकि, खबरों के अनुसार, ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले महीने फरवरी में भारतीय छात्रों को जारी किए गए वीजा की संख्या में 30 प्रतिशत की गिरावट आई। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस की भारत यात्रा के बारे में मैकलियोड ने कहा कि वह जयपुर और आगरा की अपनी निजी यात्रा से पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मैकलियोड ने कहा, "वे दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे।"

मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को भारत वापस भेजे जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अमेरिका ने उसे भारतीय कानून के तहत न्याय का सामना करने के लिए वापस भेजा है। उन्होंने कहा, "भारत और अमेरिका आतंकवाद रोधी प्रयासों में सहयोग करते रहेंगे।"

## जेईई (मेन) दूसरे संस्करण के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे: एनटीए

नयी दिल्ली, (भाषा) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन) के दूसरे संस्करण के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे। एनटीए के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अंतिम उत्तर कुंजी शुक्रवार तक जारी कर दी जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-मेन, 2025 के दूसरे संस्करण की अंतिम उत्तर कुंजी 18 अप्रैल को जेईई (मेन) वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगी। जेईई (मेन), 2025 के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित किए जाएंगे।'' एनटीए को अनंतिम उत्तर कुंजी में त्रुटियों के बारे में अभ्यर्थियों से कई शिकायतें मिली हैं। एजेंसी ने इस सप्ताह की शुरुआत में छात्रों से कहा था कि वे अंतिम उत्तर कुंजी की प्रतीक्षा करें और किसी निष्कर्ष पर न पहुंचें।

परीक्षा 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने द्रौपदी का हवाला दिया, व्यभिचार मामले में व्यक्ति को बरी किया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को व्यभिचार के मामले में आरोपमुक्त कर दिया है। यह मामला उस महिला के पति ने दायर किया था, जिसके साथ व्यक्ति के कथित रूप से संबंध थे। अदालत ने कहा कि महिला को पति की संपत्ति मानने का मामला महाभारत में द्रौपदी के मामले में अच्छी तरह से दर्ज है।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने भारतीय दंड संहिता की धारा 497 के तहत व्यभिचार के अपराध को असंवैधानिक बताते हुए उच्चतम न्यायालय के फैसले पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि ''पुराने कानून'' में यह प्रावधान था कि संबंधित अपराध केवल विवाहित महिला के पति की सहमति या मिलीभगत के अभाव में ही माना जाता है।

अदालत के 17 अप्रैल के फैसले में कहा गया, ''महिला को पति की संपत्ति माना जाना और इसके विनाशकारी परिणाम महाभारत में अच्छी तरह से वर्णित हैं, जिसमें द्रौपदी को जुए के खेल में किसी और ने नहीं, बल्कि उसके अपने पति युधिष्ठिर ने दांव पर लगा दिया था,



जहां अन्य चार भाई मूकदर्शक बने रहे और द्रौपदी के पास अपनी गरिमा के वास्ते विरोध करने के लिए कोई आवाज नहीं थी।''

इसने कहा, ''जैसा कि हुआ, जुए के खेल में हार के बाद महाभारत का युद्ध हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर लोगों की जान चली गई और परिवार के कई सदस्य मारे गए।

एक महिला को एक संपत्ति के रूप में मानने की मूर्खता के परिणाम को प्रदर्शित करने के लिए ऐसे उदाहरण मौजूद होने के बावजूद, हमारे समाज की स्त्री-द्वेषी मानसिकता को यह तभी समझ में आया, जब उच्चतम न्यायालय ने भादंसं की धारा 497 को असंवैधानिक घोषित कर दिया।''

वर्तमान मामले में पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी याचिकाकर्ता के साथ व्यभिचार संबंध में थी और वे दूसरे शहर चले गए, जहां वे एक होटल में साथ रुके और पति की सहमति के बिना उनके बीच यौन संबंध बने।

मजिस्ट्रेट अदालत ने याचिकाकर्ता को आरोपमुक्त कर दिया था, जबकि सत्र अदालत ने इसे निरस्त करते हुए व्यक्ति को समन भेजा था।

शीर्ष अदालत के फैसले पर विचार करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि महिला के पति द्वारा दायर शिकायत रद्द की जानी चाहिए।

मामले में व्यक्ति को आरोपमुक्त करते हुए पीठ ने कहा, ''इसलिए यह स्पष्ट है कि पुरातन कानून का उद्देश्य काफी पहले समाप्त हो चुका है और आज की संवैधानिक नैतिकता के अनुरूप नहीं है, क्योंकि जिस उद्देश्य से इसे बनाया गया था, वह अब स्पष्ट रूप से मनमाना हो गया है, बहुत पहले ही इसका औचित्य खत्म हो चुका है और आज के समय में यह पूरी तरह से तर्कहीन हो गया है।''

# घर खरीदारों से धोखाधड़ी मामला : ईडी ने नोएडा की रियल्टी कंपनी के प्रवर्तक को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) घर खरीदारों का करीब 107 करोड़ रुपये गबन करने से जुड़े धनशोधन के मामले में नोएडा से संचालित एक रियल एस्टेट कंपनी के मुख्य प्रवर्तक (प्रमोटर) को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संघीय जांच एजेंसी ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि उन्नति समूह के अनिल मिठास को 16 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था। उसने बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें 24 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

धन शोधन का यह मामला उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की



ओर से उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग्स लिमिटेड (यूएफएचएल) और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ 107 करोड़ रुपये की 'धोखाधड़ी और जालसाजी' के आरोप में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी ने बताया कि उसकी जांच में खुलासा हुआ कि उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 119 में स्थित अरण्य नामक आवासीय परियोजना के लिए उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग्स लिमिटेड और आईवीआरसीएल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा घर खरीदारों से 2012 और 2019 के बीच 522.9 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई थी।

बयान के मुताबिक निर्माण के लिए सम्पूर्ण धनराशि का उपयोग करने के बजाय, प्रवर्तकों ने उक्त उद्देश्य के लिए 'कुछ भाग' का उपयोग किया तथा शेष धनराशि को ''फर्जी ऋण और अग्रिम राशि, शेयर प्रीमियम, सामग्री के लिए अग्रिम भुगतान, जमा आदि'' के माध्यम से विभिन्न कंपनियों को स्थानांतरित कर दिया।

ईडी ने बताया कि नोएडा की परियोजना धन की कमी के कारण अटक गई।

एजेंसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपीआरईआरए) के निर्देश पर तैयार की गई कंपनी की ऑडिट रिपोर्ट में 107 करोड़ रुपये के गबन का पता चला है।

# वक्फ अधिनियम 2025 उस विचार का उल्लंघन करता है जिस पर राष्ट्र का निर्माण होता है: डेरेक ओ ब्रायन

नयी दिल्ली, (भाषा) तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि वक्फ अधिनियम-2025 समानता, व्यक्तिगत स्वायत्तता, संघवाद और उस विचार का उल्लंघन करता है जिस पर राष्ट्र का निर्माण हुआ है।

एक ब्लॉग पोस्ट में तृणमूल कांग्रेस के नेता ने कहा कि मुद्दा केवल भूमि या कानून के बारे में नहीं है, बल्कि सम्मान के बारे में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर अधिकारों को एक व्यक्ति के लिए फिर से लिखा जा सकता है, तो इसे सभी के लिए दोबारा लिखा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''वक्फ संशोधन विधेयक केवल भूमि या कानून के बारे में नहीं है। यह सम्मान के बारे में है।'' ओ ब्रायन ने ब्लॉग का शीर्षक 'क्या मैं पर्याप्त भारतीय हूं' दिया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि लाखों भारतीयों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक एवं हाशिए पर पहुंच चुके समुदायों के लिए, यह एक केवल एक सवाल नहीं है, बल्कि एक वास्तविकता है।'' तृकां नेता ने कहा, ''यह एक बोझ है। यह उनके होने पर गहरा संदेह है। उनका अस्तित्व। हर कानून। हर नीति।'' उन्होंने कहा, ''वक्फ संशोधन विधेयक केवल एक विधायी प्रस्ताव नहीं है। यह एक आईना है। और इसमें जो हम देखते हैं, उससे हम सभी को परेशान होना चाहिए - चाहे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, कोई भी धर्म हो या फिर किसी को फर्क नहीं पड़ना चाहिए। क्योंकि अगर किसी एक के लिए अधिकारों को फिर से लिखा जा सकता है, तो वे सभी के लिए फिर से लिखे जा सकते हैं।''

ओ ब्रायन ने कहा, ''यह विधेयक समानता का उल्लंघन करता है। यह व्यक्तिगत स्वायत्तता का उल्लंघन करता है। यह संघवाद का उल्लंघन करता है। और, सबसे बढ़कर, यह उस विचार का उल्लंघन करता है जिस पर हमारा महान राष्ट्र बना है... संविधान यह नहीं पूछता कि हम कितने जुड़े हैं। यह गारंटी देता है कि हम जुड़े हैं।'' टीएमसी के राज्यसभा में संसदीय दल के नेता ने अधिनियम को संघवाद पर हमला बताया। उन्होंने कहा, ''संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची दो के तहत भूमि राज्य का विषय है। कल, केंद्र सरकार को हिंदू मंदिर बोर्डों या चर्च द्वारा प्रबंधित भूमि पर कब्ज़ा करने से कौन रोक सकता है। यह सुधार के लिये नहीं है। यह नियंत्रण के लिये है। और इस तरह की अतिशयता भारतीय संघवाद पर सीधा हमला है।''

टीएमसी नेता ने अधिनियम में कुछ प्रावधानों



की ओर इशारा किया, जिसमें ''पांच साल का मानदंड'' भी शामिल है, जो कहता है कि कोई व्यक्ति वक्फ को भूमि तभी समर्पित कर सकता है जब वह कम से कम पांच साल से इस्लाम धर्म का पालन कर रहा हो। उन्होंने कहा, ''यह न केवल मनमाना है, बल्कि गहरा भेदभावपूर्ण भी है। अन्य धार्मिक बंदोबस्तों (समानता के अधिकार का उल्लंघन) के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध मौजूद नहीं है। हिंदू, ईसाई या सिख किसी भी समय अपनी धार्मिक संस्थाओं को संपत्ति दान कर सकते हैं। धर्मार्थ बंदोबस्त करने से पहले अकेले मुसलमानों के लिये धर्म का पालन करने की समय सीमा क्यों निर्धारित की जानी चहिये।''

ओ ब्रायन ने 'वक्फ बाय यूजर' को हटाने को एक गंभीर मुद्दा बताया। ''वक्फ बाय यूजर'' लंबे समय से धार्मिक या परोपकारी उद्देश्य से इस्तेमाल की जा रही संपत्ति होती है, जिसके लिए लिखित दस्तावेज या रजिस्ट्री की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा, ''मुस्लिम संस्थाओं को इसी मान्यता से वंचित करके, सरकार धार्मिक समुदायों के बीच एक कानूनी पदानुक्रम बना रही है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है।'' उन्होंने सवाल किया कि क्या कानून व्यापक भलाई के लिए बनाए जा रहे हैं या सांप्रदायिक वर्गीकरण के लिये।

सांसद ने कहा, ''यह सब सिर्फ़ ज़मीन या कानून के बारे में नहीं है। यह सम्मान के बारे में है। इस बारे में कि क्या हमारा संविधान अब भी हम सभी के लिए मायने रखता है या सिर्फ़ कुछ लोगों के लिए।'' उन्होंने वक्फ पैनल में गैर-मुस्लिमों को शामिल किए जाने और किसी संपत्ति के वक्फ होने या न होने की घोषणा करने का अधिकार सरकारी अधिकारी को सौंपकर सत्ता के केंद्रीकरण के बारे में भी चिंता जताई।


# उच्चतम न्यायालय ने पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत खारिज की

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने एक महिला द्वारा अपने पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज कराई गई दहेज उत्पीड़न शिकायत को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनका नाम अनावश्यक रूप से इसमें शामिल किया गया है और उनके खिलाफ मामला चलाने की अनुमति देना ''कष्टप्रद सुनवाई'' के समान होगा।

ऐसे मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसलों का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि दहेज के मामलों में पति के रिश्तेदारों का नाम शामिल करने की प्रथा निंदनीय बताई गई है।

अदालत ने कहा कि यह सच है कि दंपति के बीच विवाह मई 2012 में पारित तलाक के आदेश द्वारा समाप्त हो गया था तथा शिकायत तलाक के तीन वर्ष बाद दर्ज की गई।

इसने कहा, ''हमें यह मानने में



कोई हिचकिचाहट नहीं है कि वर्तमान अपीलकर्ताओं को अनावश्यक रूप से शिकायत में घसीटा गया है, जबकि उनके खिलाफ विवाह के दौरान और कोटा में एक साथ रहने के दौरान पति-पत्नी के बीच हुई किसी घटना को लेकर कोई विशेष आरोप नहीं है।''

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ अपील पर 16 अप्रैल को अपना फैसला सुनाया।

## आईसीजी जहाज 'विग्रह' ने जाल में फंसे दो लुप्तप्राय कछुओं को छुड़ाया

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के जहाज 'विग्रह' के चालक दल ने लुप्तप्राय प्रजाति के ओलिव रिडले के दो कछुओं को बचाया, जो समुद्र में छोड़ दिये गए करीब 600 किलोग्राम के जाल में उलझे हुए थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ओलिव रिडले कछुए हर साल फरवरी और मार्च के बीच ओडिशा तट पर लाखों की संख्या में आते हैं।

आईसीजी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय तटरक्षक के जहाज विग्रह ने भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 के तहत लुप्तप्राय प्रजाति ओलिव रिडले के दो कछुओं को छुड़ाया, जो लगभग 600 किलोग्राम जाल में उलझे हुए थे। हमारे समुद्री रक्षक समुद्री जैव विविधता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' आईसीजी ने इस अभियान की एक तस्वीर और एक वीडियो क्लिप भी साझा की है।--

# दिल्ली सरकार ने 110 अस्पतालों को जल्द आयुष्मान भारत योजना लागू करने का दिया निर्देश

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने 100 से अधिक अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना को जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी।

आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा योजना को लागू नहीं किया था।

सूत्र ने बताया कि विभाग ने 110 अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए परामर्श जारी किया है।

इस पहल के तहत, दिल्ली सरकार के साथ समझौता करने के वास्ते इन अस्पतालों को अनुबंध पत्र की एक प्रति भेजी गई है।

सूत्र ने बताया कि अस्पतालों को जल्द से जल्द समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया है ताकि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को



स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए पांच अप्रैल को केंद्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही दिल्ली इस स्वास्थ्य योजना को लागू करने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत, 27 विशेषज्ञताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त इलाज मिलता है।

# लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा के सभापति किसी पार्टी के प्रवक्ता नहीं हो सकते: सिब्बल

नयी दिल्ली, (भाषा) राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा न्यायपालिका को लेकर की गई टिप्पणियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह ''असंवैधानिक'' है और राज्यसभा के किसी सभापति को कभी भी इस तरह का 'राजनीतिक बयान' देते नहीं देखा था।

सिब्बल ने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच समान दूरी बनाए रखते हैं और वे ''पार्टी प्रवक्ता'' नहीं हो सकते। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हर कोई जानता है कि लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी बीच में होती है। वह सदन के अध्यक्ष होते हैं, किसी एक पार्टी के अध्यक्ष नहीं। वे मतदान भी नहीं करते हैं, वे केवल तभी मतदान करते हैं जब पक्ष एवं विपक्ष को बराबर मत मिलते हैं। उच्च सदन के साथ भी यही बात है। आप विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच समान दूरी पर हैं।'' सिब्बल का कहना था, ''आप जो कुछ भी कहते हैं वह समान दूरी



बनाए रखने वाली होनी चाहिए। कोई भी अध्यक्ष/सभापति किसी पार्टी का प्रवक्ता नहीं हो सकता। मैं यह नहीं कहता कि वह (धनखड़) हैं, लेकिन सैद्धांतिक रूप में कोई भी अध्यक्ष/सभापति किसी भी पार्टी का प्रवक्ता नहीं हो सकता। अगर ऐसा लगता है तो आसन की गरिमा कम हो जाती है।'' राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए न्यायपालिका द्वारा समयसीमा निर्धारित करने और 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने को लेकर बृहस्पतिवार को सवाल उठाते हुए कहा था कि उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# संसदीय समिति के सदस्यों ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ानों में विलंब को लेकर चिंता जताई

नयी दिल्ली, (भाषा) संसद की एक समिति के सदस्यों ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ानों में विलंब को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि यह एक भयावह स्थिति है, जिससे यात्रियों को बहुत असुविधा हो रही है।

सूत्रों का कहना है कि जनता दल (यू) के सांसद संजय झा की अध्यक्षता वाली परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति की बैठक में विभिन्न सदस्यों ने नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों से टर्मिनल 2 (टी 2) के बंद होने से पैदा हुई स्थिति और हाल में उड़ानों के परिचालन में हुई देरी को देखते हुए मंत्रालय की योजना के बारे में सवाल किया। बैठक बृहस्पतिवार को हुई।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे बड़ा और व्यस्ततम हवाई अड्डा है। इसमें तीन टर्मिनल - टी1, टी2 और टी3 - और चार रनवे हैं। वर्तमान में टी2 और एक रनवे आरडब्ल्यू 10/28 को मरम्मत कार्यों के लिए अस्थायी रूप से




बंद किया गया है।

टी2 को 15 अप्रैल को बंद कर दिया गया था और वहां से सभी उड़ानें टी1 पर स्थानांतरित कर दी गई हैं। बैठक में कुछ सांसदों ने कहा कि मौजूदा समस्या को उजागर करने के लिए उनकी उड़ानों में देरी का हवाला दिया।

सूत्रों के अनुसार, जवाब में मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि उड़ान में व्यवधान मुख्य रूप से पिछले सप्ताह की धूल भरी आंधी के कारण हुआ और आश्वासन दिया कि स्थिति में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं, हालांकि सांसदों ने कहा कि स्थिति खराब और सामान्य होने से बहुत दूर है। सूत्रों ने यह भी कहा कि मंत्रालय का स्पष्टीकरण ''संतोषजनक'' नहीं है।

बैठक में मौजूद एक सांसद ने कहा कि हवाई अड्डे पर केवल रेस्तरां और कैफे चलाने वाले ही खुश हैं, क्योंकि उनका कारोबार काफी अच्छा चल रहा है, क्योंकि देरी और भीड़भाड़ के कारण यात्रियों को काफी समय हवाईअड्डे पर बिताना पड़ता है।



# घरेलू व कामर्शियल सिलेंडरों की कालाबाजारी व रिफलिंग का भंडाफोड़

## 86 सिलेंडर सहित 6 लोग हिरासत में, घरों से कर रहे थे अवैध रिफलिंग व सप्लाई का कार्य

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। यूं तो बरेली में जगह-जगह कमर्शियल और डोमेस्टिक सिलेंडरों की कालाबाजारी और रिफिलिंग का का धंधा जोरों पर चल रहा है जो सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत घातक है कभी भी बम रूपी यह सिलेंडर कहीं भी ब्लास्ट हो सकता है और अनगिनत लोगों को मौत के घाट उतार सकता है इसके बावजूद भी कारपोरेशन के अधिकारी इससे अंजान बने बैठे हैं ,ताज मामला प्रेम नगर थाना क्षेत्र का है जहां मुखबिर सूचना पर प्रेम नगर पुलिस ने घरेलू बा कमर्शियल सिलेंडर की रिफिलिंग और कालाबाजारी का एक बड़ा भंडाफोड़ किया जहां आरोपी चांद बाबू पुत्र साविर, मो वामीज पुत्र अब्दुल, मो० सलीम पुत्र मो० शफी, माँ कादिर पुत्र, माँ यामीज, माँ अकरम पुत्र माँ हसीन निवासी भूड़ कब्रिस्तान थाना प्रेमनगर द्वारा बताया गया कि दानिश खान पुत्र अबरार हुसैन निवासी भूड़ गैंस सिलेण्डर की अवैध रिफलिंग व सप्लाई का कार्य करते है तथा यह लोग अपने घरों में रिफलिंग का कार्य भी करते हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के पहुँचे तो चांदबाबू के घर से 10 दस घरेलू सिलेण्डर भरे व 02 दो सिलेण्डर खाली व रिफलिंग की 01 एक रॉड व मोटर यामीन के घर पर 11 ग्यारह कॉर्माशियल सिलेण्डर भरे हुये व 01 एक छोटा सिलेण्डर 01 एक कॉर्माशियल सिलेण्डर खाली, मौ सलीम के घर से 13 तीन सिलेण्डर घरेलू व 04 चार सिलेण्डर खाली व राड रिफलिंग, मौ० कादिर के घर से 12 दो सिलेण्डर घरेलू व 20 बीस सिलेण्डर घरेलू खाली व रिफलिंग की है।

एक राड, मौ० अकरम के घर से 10 दस बड़े सिलेण्डर व 02 दो सिलेण्डर 20 घरेलू सिलेण्डर खाली व 03 तीन स्फिलिंग राड व दो कांटा वजन करने के बरामद हुए, सभी सिलेण्डरों व उपकरणों को कब्जे में लेकर थाना परिसर प्रेमनगर में लाये गये। जिसके उपरांन्त जिला पूर्ति अधिकारी बरेली को सूचित किया गया तो जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में आपूर्ति लिपिक गौरव सक्सेना. पूर्ति निरीक्षक हरेन्द्र बहादुर सिंह एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भी याकूब की टीम थाना प्रेमनगर पहुँची। जिसके संबंध में थाना प्रेमनगर बरेली पर मु०अ०सं० 0140/25 थारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम बनाम चांद बाबू पुत्र साविर, मो० यामीन पुत्र अब्दुल, मो० सलीम पुत्र मो० जफी, मौ० कादिर पुत्र माँ० यामीज, माँ० अकरम पुत्र माँ० यसीन, दानिश खान पुत्र अबरार हुसै भूड कब्रिस्तान थाना प्रेमनगर जिला बरेली पंजीकृत किया गया।

बरामद माल को अभिरक्षा में लेते हुये मैसर्स लक्ष्मी एचपी गैस ऐजेन्सी लल्ला मार्केट बीडीए कालौनी बरेली के कर्मचारी हरपाल सिंह की सुपुर्दगी में इस निर्देश के साथ दिया गया कि सभी वस्तुओं को बिना खुर्द-बुर्द करें सुरक्षित रखें और सक्षम न्यायलय द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराए।

# फरार चल रहे अभियुक्तों पर पुलिस की लगातार दबिश

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा अपराध की रोकथाम, अपराधियों व महिलाओ के साथ घटित घटनाओ से संबंधित अभियुक्तो, गैर जमानतीय वारंटियो, स्थायी वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर जनपद बरेली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम जनपद बरेली के पर्यवेक्षण में एवं प्र०नि० प्रेमनगर जनपद बरेली के नेतृत्व में थाना प्रेमनगर, जनपद बरेली पुलिस टीम द्वारा थाना प्रेमनगर बरेली पर न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट (एन०बी०डब्लू०) व स्थायी वारंट मे टीमे बनाकर कार्यवाही करते हुए स्थायी वारंटी/गैर जमानतीय वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गयी तो 2 गैर जमानतीय वारंटियो की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जिसमें राजकुमार पुत्र मेवाराम नि0 111 जाटवपुरा थाना प्रेमनगर, अमान मिया पुत्र जावेद मिया नि0 100 शाहबाद भूड थाना प्रेमनगर बरेली हैं।

# सपा नेता पर ठगी, रंगदारी और हत्या करने की कोशिश का गंभीर आरोप

■किसान से एक करोड़ की ठगी, रंगदारी में पांच करोड़ की मांग, हत्या की कोशिश का सनसनीखेज मामला

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां समाजवादी पार्टी के एक दबंग नेता हरीश लाखा पर एक किसान से एक करोड़ की ठगी, पांच करोड़ की रंगदारी मांगने और जानलेवा हमला करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित किसान राजकुमार का आरोप है कि उन्होंने 11.59 करोड़ में कृषि भूमि खरीदने का सौदा किया था, जिसके एवज में उन्होंने एडवांस के तौर पर एक करोड़ रुपये दिए। लेकिन तय समय पर रजिस्ट्री नहीं की गई। इसके बाद सपा नेता ने कोर्ट के आदेश के बावजूद फर्जी इकरारनामा करवा कर जमीन पर कब्जे की कोशिश की और विरोध करने पर हथियारबंद गुर्गों से जानलेवा हमला कराया गया। क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें जून 2024 में किसान राजकुमार ने मेरठ निवासी चिन्मय के माध्यम से 3.86 हेक्टेयर भूमि का सौदा किया था। जिसका किसान द्वारा एक करोड़ रुपये का एडवांस भुगतान कुछ नगद कुछ चेक द्वारा कर दिया गया। उसके बावजूद भी विक्रेता अगस्त से अक्टूबर तक रजिस्ट्री टालते रहे। वहीं 17 अक्टूबर को हथियारबंद लोग किसान अमर सिंह के ऑफिस में घुसे, 5 करोड़ की रंगदारी मांगी।अमर सिंह के सीने पर तमंचा ताना गया, बंधक बनाकर धमकाया गया। कोर्ट से स्टे मिलने के बावजूद मार्च 2025 में जमीन पर कब्जे की कोशिश और किसान अमर सिंह की गला दबाकर हत्या की कोशिश, शोर मचने पर हमलावर भागे।राजकुमार का आरोप है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद हरीश लाखा ने विक्रेता से फर्जी इकरारनामा करवा लिया, जो न केवल न्यायालय की अवमानना है, बल्कि गंभीर जालसाजी और धोखाधड़ी भी है। अब पीड़ित ने अब इस मामले में मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है पीड़ित ने उपमुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मांग की है कि हरीश लाखा, चिन्मय, विजया और अन्य आरोपियों पर क्ढउ की धारा 420 (धोखाधड़ी), 386 (रंगदारी), 307 (हत्या की कोशिश), गैंगस्टर एक्ट और कोर्ट की अवमानना जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए।

### चोरी की योजना धराशाई, पुलिस ने कर दी मुठभेड़ की कार्रवाई

# चार बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के लगी गोली

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी





बरेली। मामला मीरगंज थाना क्षेत्र का है जहां मीरगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में गुरुवार देर रात एक बड़ी सफलता हाथ लगी। चोरी की योजना बना रहे चार आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी असरुद्दीन के पैर में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। मीरगंज पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश नेशनल हाईवे के किनारे स्थित एक परित्यक्त ईंट-भट्टे में बड़ी लूट की योजना बना रहे हैं। इनके पास अवैध हथियार और चोरी का माल भी मौजूद है। इस सूचना पर मीरगंज थाने की टीम और एसओजी की टीम ने क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ में एक बदमाश असरुद्दीन को पैर में गोली लगी, जिसके बाद चारों आरोपियों को दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि लगभग 9 महीने पहले उन्होंने ग्राम सिधौली में एक सरार्फा दुकान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी की चोरी की थी। उन्होंने यह वारदात निसार, चिरागुद्दीन, रियाजुद्दीन उर्फ भूरा और दिलशाद के साथ मिलकर अंजाम दी थी। चोरी का सामान उन्होंने हमजा ज्वेलर्स और मुकीम सुनार को बेचा था, जिनकी दुकानें बारादरी थाना क्षेत्र के जोगीनवादा और पशुपति विहार कॉलोनी में स्थित हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14,210 नकद, 1 किलो 79 ग्राम चांदी, 20 ग्राम सोना, एक अवैध तमंचा, एक महिंद्रा कार, दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। टीम ने मुठभेड़ में फतेहगंज पूर्वी के नगरिया कला निवासी असरुद्दीन, सुभाषनगर अंगूरी टांडा निवासी रुखसत उर्फ बिहारी, फतेहगंज पूर्वी के नगरिया कला निवासी कादिर, फतेहगंज पूर्वी के चठिया चटनपुर निवासी हरिओम को गिरफ्तार किया है। इन चारों बदमाशों पर बरेली और शाहजहांपुर के कई थानों में लूट, चोरी और नकबजनी जैसे गंभीर अपराधों के दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या में दो आरोपी सहित पत्नी गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी थाने में मृतक के भाई ने पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराई थी हत्या की रिपोर्ट

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है,हत्या के एक संगीन मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है, यह कार्यवाही पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। घटना , 16 अप्रैल 2025 की है, जब वादी अशोक कुमार पुत्र स्व. हुलास राय, निवासी ग्राम खलम देहा जागीर, थाना अलीगंज, जनपद बरेली ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में रिपोर्ट दर्ज कराई। वादी ने आरोप लगाया कि उसके भाई केहर सिंह की हत्या उसकी पत्नी रेखा और उसके प्रेमी पिन्टू उर्फ टिंकू ने मिलकर साजिश के तहत की है।

इस मामले में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर मु0अ0सं0 153/2025, धारा 103 (1) व 3/5 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः**

पिन्टू उर्फ टिंकू पुत्र राकेश शर्मा, निवासी ग्राम सिंधोली, धनीपुर मंडी, थाना धनीपुर मंडी, जनपद अलीगढ़, उम्र लगभग 34 वर्ष। रेखा, पत्नी स्व. केहर सिंह, निवासी ग्राम खेलम देहा जागीर, थाना अलीगंज, जनपद बरेली (वर्तमान पताः मौहल्ला ठाकुरद्वारा, कस्बा फतेहगंज पश्चिमी, बरेली), उम्र लगभग 29 वर्ष। दोनों अभियुक्तों को राजश्री मेडिकल कॉलेज, बरेली के गेट के सामने स्थित एक ढाबे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

फतेहगंज पश्चिमी पुलिस की तत्परता व कार्यकुशलता से हत्या जैसे गंभीर अपराध में तत्काल पुलिस कार्यवाही की क्षेत्र मे जमकर प्रशंसा हो रही है।

# जिगरी दोस्त ने शराब के सुरूर में की दोस्त की हत्या

नेशनल एक्सप्रेस



शराब के नशे में दोस्त ने की मीट विक्रेता दोस्त की हत्या, चाकू से काटी गर्दन, आरोपी गिरफ्तार

बरेली मामला फरीदपुर थाना क्षेत्र का है जहां फरीदपुर कस्बे की बड़ी सब्जी मंडी में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मुर्गे का मांस बेचने वाले इलियास उर्फ भूरा की उसके पुराने साथी जाहिद उर्फ मल्ली ने गर्दन पर चाकू मारकर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार, दोनों दोस्तों के बीच शराब पीते समय किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। नशे में धुत जाहिद ने चाकू से इलियास की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा।

इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद इलियास की मौत हो गई।

मृतक इलियास फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर कस्सावान का निवासी था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं—एक बेटी और दो बेटे। पिता की मौत से बच्चों और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

एसपी दक्षिणी अंशिका ने बताया कि आरोपी जाहिद को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव समुन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हरदुआगंज पुलिस द्वारा पोक्सो से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त जंगलिया उर्फ यतेन्द्र चौहान पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम मोरथल थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़ को ग्रेटर अलीगढ रामघाट रोड के पास से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना लोधा पुलिस टीम द्वारा एक शातिर चोर अभियुक्त इन्तजार पुत्र इरशाद उर्फ काले निवासी एडीए कालोनी शाहजमाल डी थाना देहलीगेट अलीगढ़ को चोरी की एक ई-रिक्शा सहित अमरपुर नेहरा के कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया।



## कार्यालय ग्राम पंचायत मस्तपुर अकबरपुर विकासखंड हाथवंत(फिरोजाबाद)

पत्रांकः मीमो/निविदा/मनरेगा योजना अन्तर्गत/वर्ष 2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांकः19/04/2025

ग्राम पंचायत मस्तपुर अकबरपुर विकासखण्ड हाथवंत जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु 19/04/2025 से 19/04/2025 तक पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत मस्तपुर अकबरपुर से दिनांक 19/04/2025 को 10:00 बजे से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 29/04/2025 को समय 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय के सीलबंद बाक्स में डाली जायेगी जो उसी दिन सायं 04.00 बजे ग्राम पंचायत समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा रु. 200 धरोहर धनराशि रु.....

| | कार्य का नाम | अनु.लागत मूल्य | जमानत राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तालाब से सामुदायिक शौचालय तक सीसी निर्माण कार्य । | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |
| 2. | पप्पू के घर से गुरु के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य । | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |
| 3. | सत्यदेव के घर से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |
| 4. | सुंदर के घर से तिराह तक सीसी निर्माण कार्य। | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |

निविदा की शर्तेः-

1. सामग्री की आपूर्ति का विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं । 2. आपूर्ति करता है को निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर, चैक / बैंक डी.डी. जो ग्राम पंचायत के पक्ष में जमा करनी होगी । 3. आपूर्ति करता के प्रमाण पत्रों के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा । 4. आपूर्ति सामग्री कम अथवा अधिक आवश्यकता अनुसार हो सकती है । 5. निविदा स्वीकृत स्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अधो हस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा 16. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्रवाई नहीं हो पाती है तो कार्यवाही अग्रिम दिवस में की जाएगी । 7. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय केंद्र फिरोज़ाबाद होगा ।

प्रधान सचिव


# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा काउंसलिंग कर एक और परिवार को टूटने से बचाया




नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जीवनगढ़ थाना क्वार्सी क्षेत्र की रहने वाली आरजू (बदला हुआ नाम) तथा फिरोज (बदला हुआ नाम) के बीच आरजू का अपनी माँ के साथ ही ज्यादा समय मोबाइल पर समय बिताने को लेकर विवाद हुआ।जिसके पश्चात आरजू ने अपने पति के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसपर दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पुलिस कार्यालय अलीगढ़ पर बुलाकर दोनों से वार्ता की गई तो सही तथ्य सामने आए कि दोनों के बीच पत्नी का अपने मायके में फोन पर ज्यादा समय बिताने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा काउंसलिंग की गई तथा आपरेशन जागृति के अंतर्गत झूठी शिकायत करने पर होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। पत्नी ने अपनी गलती मानी तथा दोनों पक्ष राजी खुशी साथ रहने को तैयार हो गए।

# पीठ दर्द की रोकथाम पर किया जन जागरूकता सत्र का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। रीढ़ की हड्डी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर बढ़ती चिंताओं को उजागर करने और पीठ दर्द के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज ने आज अलीगढ़ शहर में एक जन जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया। इस सत्र का नेतृत्व मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. भूपेंद्र प्रताप भारती ने किया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को पीठ दर्द की रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. भूपेंद्र प्रताप भारती ने कहा, ह्लपीठ और गर्दन से जुड़ी समस्याएं आज एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बन चुकी हैं, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आर्थिक तनाव का भी कारण बन रही हैं। इन समस्याओं के पीछे कई कारण हो सकते हैं कृ साधारण मांसपेशियों में खिंचाव और डिस्क डीजेनेरेशन से लेकर खराब कार्यशैली, मोटापा, और शारीरिक गतिविधियों की कमी तक। आज पीठ दर्द केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गया है; हम किशोरों और युवाओं में भी इसके मामलों में तेजी से वृद्धि देख रहे हैं, जिसका मुख्य कारण बैठकर रहने की आदत, गलत मुद्रा और खराब सड़क एवं वाहन के कारण होने वाली चोटें हैं।ह्व मैक्स अस्पताल पटपड़गंज जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सभी को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल विभिन्न शहरों में ऐसे जागरूकता सत्रों का आयोजन करता रहेगा ताकि लोग रीढ़ की सेहत के प्रति सजग हो सकें और समय रहते सही कदम उठा सकें।

# शिवपाल यादव से युवा सपा नेता शाहनवाज राईन ने की मुलाकात



नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के लखनऊ स्थित आवास पर आज युवा सपा नेता जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज राईन ने मुलाकात कर कार्यकताओं की समस्याओं से अवगत कराया जिस पर शिवपाल सिंह यादव ने प्रत्येक समाजवादी साथी की हर हाल में मदद का आश्वासन दिया। समाजवादी पार्टी के जुझारू एवं कर्मठशील सिपाही समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शहनवाज राईन ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात की और क्षेत्र मे कार्यकताओं की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने शाहनवाज राईन को दुलारते हुए आशीर्वाद दिया और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की बात कही और इस कार्य में उनका हौंसला बढ़ाते हुये हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया इस मौके पर शाहनवाज राईन के साथ वरिष्ठ अर्जुन सिंह, विवेक यादव, मुकेश सिंह, आकाश गुप्ता,समाजवादी अर्जुन सिंह, नगर अध्यक्ष मो.लकी कुरैशी, जिला सचिव सिद्धार्थ यादव, अल्तमस कुरैशी, उरूज खान, अरविंद कुमार, आबान कुरैशी, अयान मंसूरी, , अनस सिद्दीकी, मो.नदीम आदि भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीस अप्रैल को लगेगा दूसरा व अंतिम हज प्रशिक्षण कैंप

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह/चंदौसी संभल /हज 2025 का प्रशिक्षण केंद्र मोहल्ला पंजाबी थान स्थित पंजाबियों वाली मस्जिद में 20 अप्रैल दिन रविवार सुबह 9:00 बजे से लगेगा उसमें हज के मुताबिक भारत सरकार की गाइडलाइन अनुसार प्रशिक्षण बाहर से आए मौलाना द्वारा दिया जाएगा जिसमें हाजियों को सफर कैसे करना है मक्का मदीना मुजदल्फा मीना में क्या-क्या कार्य करने हैं और क्या नहीं करने इसकी तफसील से जानकारी दी जाएगी जिसे हज को जाने वाले हाजियों को कोई परेशानी ना हो इसकी जानकारी खिदमत ए हरमैन हज उमरा ग्रुप के चेयरमैन शफीक अहमद सिद्दीकी व सदस्य हाजी शाह आलम मंसूरी ने दी

### पिकअप ने मारी जोरदार टक्कर तीन लोग घायल



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर सम्भल। पिकअप की टक्कर से बुग्गी में सवार तीन लोग घायल हो गये घटनास्थल पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को गुन्नौर सरकारी अस्पताल पहुँचाया। शुक्रवार को बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव भगतानगला के पास पिकअप ने बुग्गी में टक्कर मार दी।बुग्गी से रामस्वरूप पुत्र ईश्वरी,नैनसुख व रामदास पुत्रगण रेवती सिंह निवासी गांव रानीगंज थाना रजपुरा तीनों लोग अपने गांव रानीगंज से बबराला शादी का सामान और बाजार से सब्जी लेने आ रहे थे।उनकी बुग्गी को पीछे से पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर डायल 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुँची घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया।जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान तीनों की हालत गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही का किया कार्य

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बहजोई मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल के निर्देशानुसार मलेरिया विभाग की टीम द्वारा ब्लाक बहजोई के ग्राम रमपुरा में रैण्डम आधार पर घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही का कार्य किया गया। ग्राम में सम्पादित किये गये कार्य का विवरण निम्नवत है,ग्राम में कुल जाँचे गये घरों की संख्या,लार्वा धनात्मक पाये गये घरों की संख्या,घरों के अन्दर जाँचे गये कुल कन्टेनरों की संख्या,लार्वा धनात्मक पाये गये कन्टेनरों की संख्या,खाली कराये गये कन्टेनरों की संख्या जिनमें जल भरा हुआ पाया गया,ग्राम में पैम्फलेट वितरण कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी गयी।

### बीच बचाव करने आए दो युवकों को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला। कार सवार दबंगों ने बीच बचाव करने आए दो युवकों को मारपीट का घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों को हिरासत में लिया है। एक्सयूवी 300 में शाहनवाज, सुफियान, फैजान सहित 2 अन्य निवासीगण अनामिका टॉकीज मंगलसेन गली कार से अपने साथ अर्श पुत्र मोहम्मद अली निवासी एमपी रोड नई बस्ती गुरुद्वारा के पास को घर से कार में बिठाकर ले गए। आरोप है कि उन्होंने मुल्तान सिंह की कोठी के सामने ले जाकर अर्श उर्फ अईया के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में बीच बचाव करने के लिए वरुण और रोहित निवासीगण नई बस्ती एमपी रोड आए तो दबंगों ने वरुण और रोहित को मारपीट का घायल कर दिया। मौके पर जुटी भीड़ ने तीन आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि उनके दो साथी भागने में सफल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# प्रतिष्ठित कंपनियों के नकली लुब्रिकेन्ट ऑयल व ग्रीस बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

## दो आरोपी काफी भारी मात्रा में सामान के साथ गिरफ्तार





नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी सम्भल। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डा० प्रदीप कुमार व क्षेत्राधिकारी चन्दौसी आलोक सिद्धू के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा बजाज, हीरो, कैस्ट्रोल, बूडोल, मौजाइल, सुपर एक्टिव, किसान शक्ति, बीको, मैक्स, बोस, स्पीड पावर, एमरान आदि भिन्न भिन्न कम्पनियों के नकली मोबिल ऑयल व नकली ऑयल बनाने वाला आशीष बार्ष्णेय निवासी नया बाजार कस्वा व थाना बहजोई जिला सम्भल व. आरोपी प्रतीक गुप्ता निवासी गली न0 6 सीता रोड़ चन्दौसी जनपद सम्भल को मय नकली मोबिल ऑयल मय मोबिल ऑयल बनाने/पैकिंग के उपकरण मय लैपटॉप, प्रिन्टर, फोन, गाडियों (नकली ऑयल डिस्ट्रीबूयशन में प्रयुक्त वाहन) सहित थाना बहजोई जनपद सम्भल पर पंजीकृत मु0 में गिरफ्तार कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। घटना संक्षिप्त में पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि बहजोई व बनियाठेर, चन्दौसी क्षेत्र में प्रतिष्ठित कंपनी जैसे बजाज, हीरो, कैस्ट्रोल, मौजाइल, बूडोल, सुपर एक्टिव, किसान शक्ति, बीको, मैक्स, बोस, स्पीड पावर, एमरान आदि की नकली इंजन ऑयल, ग्रीस व लूब्रिकेन्ट बनाने की फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा दोनो ही जगह, बहतरी फाटक, कन्थरी रोड पर आईसक्रीम फैक्ट्री के पास मोबिल की फैक्ट्री, थाना बनियाठेर क्षेत्र में व बम्बा रोड के पास थाना बहजोई स्थित गोदाम पर ऑयल कंपनी के प्रतिनिधियों सहित जब चैकिंग की गयी तो उपरोक्त दोनो गोदामों में भिन्न-भिन्न कम्पनियों जैसे बजाज, हीरो, कैस्ट्रोल, मौजाइल, बूडोल, सुपर एक्टिव, किसान शक्ति, बीको, मैक्स, बोस, स्पीड पावर, एमरान, आपसन आदि के ऑयल के कार्टन बोतल/पाऊच ड्रम व ऑयल मिक्सिंग व पैकेजिंग की मशीनें, हजारों खाली डिब्बे, ढक्कन, स्टीकर इत्यादि प्राप्त हुये।अभियुक्त आशीष वार्ष्णेय निवासी नया बाजार कस्वा व थाना बहजोई जिला सम्भल व प्रतीक गुप्ता निवासी गली न0-6 सीता रोड़ चन्दौसी जनपद सम्भल से जब पूछताछ की गई तो उनके द्वारा यह बताया गया कि हम अपने अन्य साथियों की मदद से प्रयोग किया हुआ मोबिल ऑयल खरीद लेते है, जो कि मेरे अन्य साथी क्षेत्र से खरीदते है। हम उसमें विस्कोसिटि ऐजन्ट एवं अन्य केमिकल व रंग मिलाकर ब्रांडेड कंपनियों की नकल जैसा मोबिल ऑयल गोदाम में तैयार करके ब्रांडेड कंपनी के डिब्बे स्टीकर और उपकरणों की मदद से सील करके अपने नकली माल को असली बताकर आसपास की दुकानो में तथा अन्य जनपदों में अपने साथी डिस्ट्रीबूयटर को बेंचकर जो उन्हे भोले भाले ग्राहको को असली बताकर फुटकर में बेचकर भारी मुनाफा कमाते है।

मिश्रित/नकली मोबिल ऑयल की वजह से न केवल ब्रांडेड कंपनियों को आर्थिक नुकसान होता है बल्की ब्रांडेड कंपनी की छवि खराब होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर भोले भाले वाहन स्वामियो के वाहनों छति व उसके कारण दुर्घटनायें होती है।

इन दोनो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि यह कार्य हम अपने अन्य साथियों जिनके नाम है, शहनावाज पुत्र नवीजान निवासी मौहल्ला अब्दुला कस्बा व थाना बिलारी तथा उसके अन्य साथी शकील पुत्र मुन्ने खां, मौहम्मद इमरान पुत्र नन्ने निवासी मौहल्ला अब्दुला कस्बा व थाना बिलारी, मौहम्मद हिलाल पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम रतनपुर थाना पाकबाडा, फिरोज पुत्र मुन्ने खां नि० करूला थाना कटघर मुरादाबाद, आरिफ पुत्र नामालूम नि० मुरादाबाद, के साथ करते है।

# प्रभारी सचिव ने समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारीगण के साथ की बैठक



## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का 10 मई को होगा सफलतापूर्वक आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी सम्भल। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चन्दौसी अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 10.05.2025 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार शुक्रवार दिनांक 18.04.2025 को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारीगण के साथ आयोजित की गयी। जिसमें प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद, वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवाद, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद से संबंधिक मुद्दे तथा सार्वजिनक उपयोगिता बिलों जैसे बिजली या पानी से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह-समझौतों के माध्यम से निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर सिविल जज (सी.डि.)/ए.सी.जे.एम., संभल स्थित चंदौसी, आदित्य सिंह, सिविल जज (जू,डि.) जे.एम., संभल स्थित चंदौसी, दिव्या गर्ग, सिविल जज (जू.डि.), बाह्य न्यायालय संभल, नावेद अख्तर, सिविल जज (जू.डि.), कोर्ट नं.-01 बाह्य न्यायालय संभल, ललित कुमार सिविल जज (जू.डि.), कोर्ट नं.-02 बाह्य न्यायालय संभल वंदना सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजयुमों के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मामले पर राहुल गाँधी, सोनिया गांधी का पुतला दहन कार्यक्रम भाजयुमो संभल के नेतृत्व में शुक्र वार सांय 5:15 बजे फुब्बारा चौक चंदौसी पर किया गया जिसमे शिखर गोयल जिलाध्यक्ष भाजयुमो सम्भल अंकुर अग्रवाल,सतीश अरोरा,मनोज कठेरिया, सुधीर मल्होत्रा,मोनू गुप्ता,अभिनव शर्मा, मोक्षिका शर्मा,नीलम अरोरा किरन शर्मा, आकाश आहूजा रित्विक चौधरी,अलोक शाक्य, शुभम पाठक,यश मदान, शुभम अग्रवाल अनुज वार्ष्णेय, क्रांति कुमार ऋषभ रस्तोगी,राजीव, रविन्द्र वार्ष्णेय आकाश, हर्ष अरोरा मोनू खुराना अरुण सहगल, तुषार अग्रवाल अंकुल देव, सावन शर्मा आदि पार्टी के लोग मौजूद रहे।

# सपना बोली, बहुत बदनाम हो चुकी हूँ अब जिंदा रहूंगी तो बस राहुल के साथ




## महिला वन स्टॉप सेंटर भेजी, वन स्टॉप सेंटर भेजा गया

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। दामाद के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला का दिल पत्थर का हो गया। अपने बिलखते बच्चों के हाथ जोड़कर मनाने पर भी न पिघली। पति और बच्चों के कहने पर भी घर जाने को तैयार न हुई। दिनभर थाने में पंचायत चली। पूरे गांव की महिलाएं समझाने में लगीं। हर वह रिश्तेदार बुलाया गया, जिसे वह बहुत मानती थी, पर आज सब बेगाने हो गए। पति ने तलाक देने से इनकार कर दिया है। परिवार को टूटने से बचाने की खातिर फिर से अपनाने को तैयार है। पुलिस ने काउंसलिंग के लिए उसे वन स्टॉप सेंटर भेजा है, बाद में महिला को थाना मडराक वापस भेज दिया है। सपना 6 अप्रैल को अपने होने वाले दामाद के भाग गए थे। 10 दिन बाद बुधवार को अचानक दादों थाने पहुंचे थे। इसके बाद से ही दोनों के समझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मडराक थाना पुलिस ने थाने के मीटिंग हाल में सपना से सबको मिलवाया। अपने दोनों भाइयों को लेकर सपना की बेटी भी आई, जिसकी शादी राहुल से 16 अप्रैल को होनी थी। उसने भी मां को समझाया। दोनों बेटे हाथ जोड़कर खड़े हो गए। पति जितेंद्र सहित सबने घर चलने के लिए मनाया। मगर, सपना अपने निर्णय पर अड़ी रही। बोली, बदनामी बहुत हो चुकी है। अब जिंदा रहूंगी तो बस राहुल के साथ। शाम के छह बजे तक कोई परिणाम न निकला तो पति, रिश्तेदार और गांव के लोग बच्चों को लेकर चले गए। सीओ महेश कुमार ने बताया कि पारिवारिक मामला होने के चलते महिला की काउंसलिंग कराई जा रही है। महिला के पति ने होने वाले दामाद पर जो आरोप लगाए हैं, उनकी भी जांच कराई जा रही है। जांच व काउंसिलिंग पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। राहुल के पिता ओमवीर सिंह कोर्ट में दिनभर बेटे का इंतजार करते रहे। उन्हें उम्मीद थी कि पुलिस उसे पेश करेगी। उन्होंने बताया कि दोनों क्या फैसला लेते हैं वह हमें मंजूर रहेगा। राहुल की बुआ मालवती ने दोनों को अपनाने की बात कही है।

# रामजीलाल सुमन मामले में अगली सुनवाई 25 अप्रैल को



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। एमपीएमएलए कोर्ट में राज्यसभा सांसद बाबर लाल सुमन के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट की जज साहिबा कीर्ति सिंह ने स्वयं बयान लिखे तो प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शैलेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 21 मार्च 2025 को संसद के उच्च सदन में समाजवादी पार्टी के नेता सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा गृहमंत्रालय पर चर्चा के समय षडयंत्र के तहत भारतभूमि के अमर सपूत राष्ट्र गौरव सम्राट महाराणा संग्राम सिंह उर्फ राणा सांगा को गद्दार शब्द कहने एवं सनातनियों को गद्दार की औलाद कहना दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि यह एक हमारे अमरयादित एवं राष्ट्र विरोधिकृत है यह न केवल संसद की गरिमा और ऐतिहासिक सत्य का अपमान है बल्कि कूट रचित तरीके से देश की आत्मा और स्वाभिमान को भी आहत किया है भारतीय संसद के उच्च सदन में संविधान के प्रमुख हिस्से राज्य की नीति निर्देशक तत्वों को तार तार करते हुए राष्ट्रीय गौरव राणा सांगा जी को गद्दार कहा यह टिप्पणी न केवल संसद की गरिमा को अपमानित करती है बल्कि भारत की ऐतिहासिक चेतना राष्ट्र नायको एवं संवैधानिक मूल्यों की अवमानना है ऐसा कथन न केवल ऐतिहासिक वीर पुरुष का अपमान है बल्कि राष्ट्र की अस्मिता ,इतिहास एवं आत्म गौरव पर सीधा प्रहार है यह न केवल भ्रामक है अपितु जान बूझकर भी वैमनस्यता फैलाने की मनसा से दिया गया कथन है यह आचरण ना तो सहन करने योग्य और न हीं क्षमा किए जाने योग्य है यदि संसद के भीतर राष्ट्र नायकों के अपमान की इस नई पर पाटी को यही नहीं रोका गया तो यह हमारे लोकतंत्र राष्ट्रीय चरित्र एवं सामाजिक समरसता के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होगी। जब स्वयं अपने देश के जनप्रतिनिधि इस प्रकार के आपत्तिजनक और तथ्यहीन वक्तव्य देंगे तो फिर हम बाहरी आलोचनाओं से कैसे बच पाएंगे इस दुर्भाग्यपूर्ण वक्तव्य से देश के करोड़ों राष्ट्रभक्ति युवा आहत हुए जिस कारण वह उत्तेजित और आंदोलन करते हैं जो कि आज तक न्याय की प्रतीक्षा में उग्र होते जा रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा ऐसे राष्ट्र नायक के अपमान को जातिगत चश्मे से देख रहे हैं जो की बहुत दुखद है राष्ट्र नायकों के सम्मान में पार्टी को ऐसे सांसद को बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए था यहां उपस्थित हाई कोर्ट अधिवक्ताओं राजेश कुमार सिंह चौहान, अधिवक्ता सतीश सिंह, विकास राजपूत, प्रमोद कुमार सिंह, अमित सारस्वत आदि लोग उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण की मांगलिक क्रियाओं से हुआ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रारंभ


नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। शुक्रवार को श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य श्री 108 आदित्य सागर मुनिराज ससंघ के मंगल सानिध्य में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण कर किया गया। इससे पूर्व बैंड बाजों के साथ महिला मंगल कलश लेकर घटयात्रा में नृत्य भक्ति करते हुए सम्मिलित हुई घटयात्रा बेसवॉ मुख्य बाजार से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची।

इस दौरान पुष्पेंद्र शास्त्री के निर्देशन में पंडाल की शुद्धि हुई। उसके उपरांत ध्वजारोहण डॉ एस.के.जैन श्रीमती देवेंद्र कुमारी जैन, दीप प्रज्जवलन अजय कुमार जैन, नीरजा जैन हरदुआगंज वाले और मंडप का उद्घाटन एडवोकेट शैलेन्द्र जैन ने किया।

समिति के पदाधिकारियों द्वारा देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण के साथ मांगलिक कार्य शुरू हुआ। मंगलायतन विश्वविद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा बहुत ही सुन्दर नृत्य भक्ति प्रस्तुति दी, शाम को आरती, भजन व आचार्य श्री के प्रवचन हुए। इस दौरान मुख्य रूप से हरिकांत जैन, रविन्द्र जैन, लक्ष्य जैन, संजय जैन, योगेंद्र कुमार जैन, श्रेयास जैन, दीपेन्द्र जैन, अखिलेश कुमार जैन, विकास जैन सहित भारी संख्या में श्रद्वालु उपस्थित रहे।

# संघ प्रमुख ने सुबह शाखा में लिया हिस्सा, आज लेंगे बालसखा में भाग



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। संघ प्रमुख मोहन भागवत ब्रज प्रांत के प्रवास के तहत अलीगढ़ में गुरूवार को आए, शुक्रवार सुबह उन्होंने केशव भवन में शाखा में हिस्सा लिया, शाम को वह ब्रज और मेरठ प्रांत में संघ की गतिविधियों मंथन किया। वर्तमान में इन दोनों प्रांतों में कितनी शाखाएं हैं, किन क्षेत्रों में शाखाओं की स्थिति कम है। किस तरह वहॉ शाखाओं की संख्या बढ़ाई जा सकती है। वह यहॉ पर ब्रज और मेरठ प्रांत के पदाधिकारियों को हर घर में संघ का मंत्र लेकर पहुंचे हैं। इसमें सबसे बड़ी तैयारी शताब्दी वर्ष में प्रत्येक घर में संघ की पहुंच होने के अभियान की रणनीति है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर संघ की शाखाएं लगाने का लक्ष्य है।

वर्ष 2025 संघ के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1925 में संघ की स्थापना हुई थी। इसलिए शताब्दी वर्ष में संघ का प्रयास प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर दस्तक देना है, इसलिए रणनीति भी तैयार की गई है। इन दिनों उत्तर प्रदेश में संघ प्रमुख मोहन भागवत के प्रवास चल रहे हैं। इसी के तहत 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक संघ प्रमुख ब्रज प्रांत के प्रवास के तहत अलीगढ़ में रहेंगे। यहां केशव सेवाधाम में संघ प्रमुख तथा ब्रज प्रांत के पदाधिकारी रुकेंगे। ब्रज और मेरठ प्रांत में संघ की गतिविधियों की स्थिति पर मंथन किया जाएगा। वर्तमान में इन दोनों प्रांतों में कितनी शाखाएं हैं, किन क्षेत्रों में शाखाओं की स्थिति कम है।

किस तरह वहां शाखाओं की संख्या बढ़ाई जा सकती है। किन-किन क्षेत्रों में संघ के अनुकूल वातावरण नहीं है और किस तरह वहां वातावरण अनुकूल बनाया जा सकता है। उन कारणों पर भी विचार किया जाएगा, जिनके कारण वातावरण संघ के अनुकूल नहीं है। किन-किन क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति कमजोर है और किस तरह के सेवा कार्यों की जरूरत है। इन सभी बिंदुओं पर पांच दिन मंथन किया जाएगा। इसका लक्ष्य संघ के अनुकूल स्थिति बनाना है, जिससे वहां शाखाओं की संख्या बढ़ाई जा सके। उत्तर प्रदेश में इन दिनों जातिवाद को लेकर राजनीति हो रही है। इसके पीछे राजनीतिक दलों का टारगेट उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव हैं। अब प्रदेश में प्रवास कर रहे संघ प्रमुख मोहन भागवत भी जातिवाद पर प्रहार करते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में ऐसे बुजुर्ग स्वयंसेवकों की भी बड़ी संख्या है, जिन्होंने संघर्ष का समय देखा है। शासन स्तर पर प्रतिकूल परिस्थिति और आर्थिक संकट को झेलते संघ के लिए कार्य किया। जेल भी गए तथा पुलिस का उत्पीड़न भी सहा। ब्रज प्रांत के ऐसे स्वयंसेवक संघ प्रमुख से मिल सकते हैं।

बताया जा रहा है कि इसके लिए ऐसे स्वयंसेवकों की सूची बनाई जा रही है जिनकी संघ प्रमुख से भेंट होगी। सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने बताया कि संघ प्रमुख के आगमन को लेकर तैयारियां जारी हैं। कई वरिष्ठ कार्यकताओं की भी सर संघचालक से भेंट हो सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ब्रज प्रांत की बैठक रविवार को एटा में होगी, जिसमें ब्रज प्रांत के अलीगढ़, आगरा और बरेली मंडल के जिलों के संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक दो दिन चलेगी। बताया जा रहा है कि संघ ही हाल ही में बंगलूरू में हुई प्रतिनिधि सभा की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी पदाधिकारियों को दी जाएगी। इसके अलावा ब्रज प्रांत में चल रही संघ की गतिविधियों के डाटा एकत्र किया जाएगा, जिसे अलीगढ़ में 17 से 21 अप्रैल तक होने वाले संघ प्रमुख मोहन भागवत के प्रवास के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा। संघ के सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने बताया कि बैठक में ब्रज प्रांत के सभी मुख्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

# किसी के बहकावें में आकर झूठे मुकदमें दर्ज न कराएं



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था। इस बार ऑपरेशन जागृति के 06 उद्देश्य प्रमुखता में है। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन (डंतपजंस क्पेबवतक) के मामलों पर चर्चा है। प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको बवनदेमसपदह/नचचवतज मिल सके।

## संपादकीय

# वक्फ की 'सुप्रीम' समीक्षा

**सर्वोच्च** अदालत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर 'अंतरिम आदेश' जारी करने के मूड में है, लेकिन कानून पर फिलहाल रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। नए कानून की संवैधानिकता को चुनौती देती 73 याचिकाएं प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने हैं। कुछ सवाल न्यायिक पीठ ने भी उठाए हैं, लेकिन वे वक्फ से जुड़े विवादों पर चिंतित भी हैं। प्रधान न्यायाधीश ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भडक़ती-सुलगती हिंसा पर परेशानी और हैरानी जताई। अंततः उन्होंने अपील के स्वर में कहा-'मामला सर्वोच्च अदालत के सामने है, लिहाजा हिंसा बेमानी है। हिंसा नहीं की जानी चाहिए।' बहरहाल सर्वोच्च पीठ की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रही। पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के मुद्दे पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है और दो सप्ताह में उसका जवाब मांगा है। नए कानून में जो प्रावधान तय किए गए हैं, न्यायिक पीठ उनसे सहमत नहीं लगती। जस्टिस खन्ना ने कहा है कि अंग्रेजों से पहले वक्फ रजिस्ट्रेशन नहीं होता था। कई मस्जिदें 13वीं-14वीं सदी की हैं। आप ऐसे 'वक्फ बाय यूजर' को कैसे रजिस्टर करेंगे? वे दस्तावेज कहां से दिखाएंगे? यह असंभव है। यदि वक्फ बाय यूजर की संपत्ति को 'डी-नोटिफाई' किया जाता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। न्यायिक पीठ का तीन मुद्दों पर मूड स्पष्ट दिखाई दिया। एक, अदालत से वक्फ घोषित संपत्ति 'डी-नोटिफाई' नहीं होगी। वह वक्फ बाय यूजर हो अथवा वक्फ बाय डीड हो। दूसरा, कलेक्टर वक्फ संपत्ति का सर्वे कर सकते हैं, लेकिन वक्फ की संपत्ति वक्फ बोर्ड के पास ही रहेगी। उसकी प्रकृति नहीं बदल सकते। अदालत को सूचित करेंगे। तीसरा, वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद के सभी सदस्य मुस्लिम होने चाहिए, सिवाय पदेन सदस्यों के। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को लेकर प्रधान न्यायाधीश जस्टिस खन्ना और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बीच तीखी बहस भी हुई।

न्यायमूर्ति ने पूछा कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक बोर्ड या मंदिरों के प्रबंधन में किसी मुसलमान को शामिल करेगी? यहां तक कि सॉलिसिटर जनरल ने न्यायिक पीठ के तीनों न्यायाधीशों के धर्म (हिंदू) पर सवाल उठाया। प्रधान न्यायाधीश ने जवाब दिया-'जब हम इस सीट पर बैठते हैं, तो हमारी व्यक्तिगत पहचान मायने नहीं रखती। कानून के सामने सभी पक्ष एकसमान हैं।' अब यदि सर्वोच्च अदालत कोई अंतरिम आदेश जारी करती है, तो उसमें कुछ निर्देश सरकारी कानून के खिलाफ भी हो सकते हैं। मुस्लिम पक्ष के वकील कपिल सिब्बल बार-बार अनुच्छेद 26 और 20 करोड़ लोगों की आस्था और उनके धार्मिक प्रबंधन के अधिकार का मुद्दा उठा रहे थे, तो प्रधान न्यायाधीश ने साफ कहा कि अनुच्छेद 26 सार्वभौमिक और धर्मनिरपेक्ष है। यह विधायिका को कानून बनाने से नहीं रोकता। यह सभी समुदायों पर लागू होता है। संसद ने हिंदुओं के संदर्भ में भी कानून बनाए हैं। न्यायमूर्ति ने सिब्बल को धार्मिक बातें कहने से रोका। सिब्बल ने ही 'अंतरिम आदेश' की मांग की थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कानून पर रोक लगाने की मांग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने उसे भी खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने यह भी स्पष्ट किया कि जामा मस्जिद सरीखी स्मारक इमारतें यथावत रहेंगी। उनसे कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। जस्टिस खन्ना ने वक्फ संशोधन कानून की धारा 2-ए के प्रावधान पर चिंता जताई। इतना तो स्पष्ट लगता है कि न्यायिक पीठ वक्फ कानून को खारिज नहीं करेगी और रोक लगाने के भी आसार नगण्य हैं, लेकिन ऐसे कुछ सुधार करवा सकती है, जो संविधान के मद्देनजर न्यायोचित नहीं हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: सशक्त एवं विकसित भारत



प्रो. नीलिमा गुप्ता कुलपति
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय,(केंद्रीय विश्वविद्यालय), सागर, मध्य प्रदेश

विदेशों में भारतीय शिक्षा ब्रांड का निर्यात करने और शिक्षा के क्षेत्र में भारत 'विश्व गुरु' बनने की तैयारी कर रहा है। एनईपी 2020 ने हमारी सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित कर, नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया है। भारतीय शैक्षणिक आभा का विस्तार महिला नेतृत्व, डिजिटलीकरण और प्रभावी संसाधन जुटाने की रणनीतियों को अपनाने से हुआ है, जिससे देश ज्ञान केंद्र में बदल गया है।भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली, दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी प्रणालियों में से एक है जो राष्ट्र की सतत आजीविका और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। जैसे-जैसे भारत ज्ञान अर्थव्यवस्था और समाज बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, वैसे-वैसे अधिक युवा भारतीय उच्च शिक्षा को पाने की आकांक्षा रख रहे हैं। हमारी समृद्ध, प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली, विशेष रूप से गुरुकुल प्रणाली, मौलिक परंपराओं, चर्चाओं और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा के साथ समग्र शिक्षा, नैतिक विकास और एक मजबूत गुरु-शिष्य (शिक्षक-छात्र) संबंध पर जोर देती थी, जिसमें वेद, गणित, विज्ञान और दर्शन जैसे विषय सम्मिलित थे। विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को काफी प्रभावित किया जिसने पारंपरिक गुरुकुल प्रणाली से पश्चिम-प्रभावित मॉडल में स्थानांतरित होकर, अंग्रेजी भाषा पर जोर दिया। हमारी सांस्कृतिक और नैतिक राष्ट्रीय शैक्षिक नीति, एनईपी 2020 के माध्यम से फिर से पुनर्जीवित हुई है, जो विभिन्न शैक्षिक अनुभवों के माध्यम से छात्रों में ईमानदारी, सहानुभूति, सम्मान और जिम्मेदारी जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देती है जिसका उद्देश्य उच्च नैतिक चरित्र और नैतिक आचरण वाले नागरिकों को विकसित करना है। एनईपी 2020 का दस्तावेज उच्च शिक्षा में बदली हुई वैश्विक वास्तविकताओं को समाहित करने की दिशा में एक रास्ता प्रतीत होता है जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। इसका उद्देश्य 2030 तक भारत की शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना है। यह एक प्रभावी शिक्षा प्रणाली है जो प्रत्येक छात्र की अनूठी क्षमताओं का निर्माण करने के लिए सीखने के सकारात्मक अवसर और अनुभव प्रदान करता है। इस नीति में शिक्षा की सभी मौजूदा चुनौतियों को ध्यान में रखा गया है. बदलते परिवेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के विविध पहलुओं और इसके सकारात्मक आयामों को देखने से यह पता चलता है कि देश निरंतर अग्रसर ल्हो रहा है. महिलाओं की भागीदारी वर्तमान भारत में महिलाओं के प्रभावी नेतृत्व के रूप में आगे आने से अकादमिक नेतृत्व परिदृश्य व्यापक हुआ है। महिलाएँ भारतीय शिक्षा प्रणाली का एक अनिवार्य हिस्सा रही हैं। भारत में महिलाओं की शिक्षा के लिए लगातार चुनौतियों का सामना करने के बावजूद महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें पुरुषों की तुलना में कम साक्षरता दर, सामाजिक बाधाएँ और



शिक्षा की पहुँच और गुणवत्ता में असमानताएँ शामिल हैं. विशेष रूप से ग्रामीण और हाशिए के समुदायों वाली महिलाएं। फिर भी, भारत ने प्राथमिक शिक्षा में लड़कियों के नामांकन को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है. आज प्राथमिक स्तर पर लड़कियों के लिए सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 96.3 प्रतिशत तक पहुँच गया है, जो लड़कों के लगभग बराबर है। भारत में कुल साक्षरता दर लगभग 74.04 प्रतिशत है, जिसमें पुरुष 82.14 प्रतिशत और महिलाएं 65.46 प्रतिशत हैं। हालाँकि, उच्च शिक्षा में भी महिला नामांकन में पिछले वर्षों में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत के स्कूलों में लगभग 50 प्रतिशत शिक्षक महिलाएँ हैं और केरल और मिजोरम जैसे राज्यों में, 80 प्रतिशत से ज्यादा महिला शिक्षक हैं. डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा भारत में अधिकांश विश्वविद्यालयों द्वारा अब ऑनलाइन शिक्षा पद्धति का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है. एनईपी 2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली में डिजिटल शिक्षा की भूमिका पर जोर देता है, जिसका उद्देश्य डिजिटल कक्षाओं और ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों सहित प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से पहुंच, गुणवत्ता और समानता को बढ़ाना है। डिजिटल शिक्षा का उद्देश्य, 21वीं सदी के एक महत्वपूर्ण कौशल के रूप में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना है और छात्रों को डिजिटल दुनिया में मार्गनिर्देशन करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है. प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित कर व्यक्तिगत शिक्षा की सुविधा प्रदान करना, विविध शिक्षण शैलियों और आवश्यकताओं की पूर्ति करना और डिजिटल डिवाइड को पाटना सुनिश्चित करना है ताकि सभी शिक्षार्थियों के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटल संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित हो सके। विशिष्ट पहलों और रणनीतियों में पीएम ई-विद्या (स्कूल जाने वाले छात्रों के लिए), दीक्षा (एक राष्ट्र - एक डिजिटल प्लेटफॉर्म), राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ), मौजूदा प्लेटफार्मों का विस्तार (स्वयं और दीक्षा), ई-सामग्री विकसित करना, उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना, डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना और ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण सम्मिलित हैं।एनईपी 2020 के संदर्भ में, संसाधन जुटाने में शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध और सामुदायिक जुड़ाव का समर्थन करने के लिए विविध वित्तपोषण स्रोतों और संसाधनों (वित्तीय, मानव, बुनियादी ढांचे और ज्ञान-आधारित) को सुरक्षित करना भी सम्मिलित है। नीति संसाधन सृजन के लिए विभिन्न तरीकों को प्रोत्साहित करती है, जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी, शोध सहयोग, बौद्धिक संपदा अधिकार, परोपकारी योगदान और कॉर्पोरेट क्षेत्र की भागीदारी सम्मिलित है। शैक्षणिक उत्कृष्टता का समर्थन करने, शोध परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए शोध और नवाचार को सक्षम करने, शोध केंद्र स्थापित करने और शीर्ष शोधकर्ताओं को आकर्षित करने, सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों को प्रारंभ करने के लिए सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सामाजिक विकास परियोजनाओं का समर्थन करने और समाज के समग्र कल्याण में योगदान देने, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए संसाधन जुटाना महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय सरकारी फंडिंग, निजी क्षेत्र की भागीदारी, पूर्व छात्रों और दान दाताओं, शुल्क संग्रह, राजस्व उत्पन्न करने के लिए ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल और खेल सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे को किराए पर देकर, अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने के लिए स्व-वित्तपोषण और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों द्वारा व्यवसायों और संगठनों को परामर्श सेवाओं के माध्यम से और राजस्व और विशेषज्ञता उत्पन्न करके और सक्रिय सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से संसाधन जुटा सकते हैं। सफल क्रियान्वयन की ओरअब समय आ गया है कि इस नीति की खूबसूरती को पूर्णतयः अमल में लाया जाए। एक कार्य योजना विकसित करने से नीति निर्माताओं को अपने दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने में मदद मिल सकती है। उच्च शिक्षा के विभिन्न हितधारकों ने भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने के लिए नई पहलों को लागू करना प्रारंभ कर दिया है और सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। एनईपी 2020 को अमल में लाने के लिए संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) के माध्यम से संस्थान के विजन-मिशन पर विचार करना चाहिए। शिक्षा की सुविधाओं और गुणवत्ता पर जोर दिया जाना चाहिए। चूंकि सभी सुधारों को एक बार में लागू नहीं किया जा सकता है और इसलिए बहु-विषयक स्नातक पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने, परिसर में मौजूदा पाठ्यक्रमों के अनुसार सीबीसीएस को लागू करने और ऑनलाइन शिक्षण को शामिल करने के लिए मिश्रित शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे गैर-वित्तीय सुधार कारगर साबित हो सकते हैं. उच्च शिक्षा बहु-विषयक पाठ्यक्रमों और बहुप्रवेश और निकास बिंदुओं के साथ बदलने के लिए तैयार है और एक संस्थान में अर्जित क्रेडिट को दूसरे संस्थान में स्थानांतरित करने की भी अनुमति देनी चाहिए। श्रेणी ए शहरों में स्थित विश्वविद्यालयों को कार्यान्वयन के केंद्रों के रूप में पहचाना जा सकता है जो बाद में पिछड़े क्षेत्रों में स्थित अन्य विश्वविद्यालयों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकते हैं। समृद्ध इतिहास, मजबूत बुनियादी ढाँचे और बड़ी संख्या में छात्रों के साथ मॉडल कॉलेज भी विकसित किए जा सकते हैं। भविष्य की राहभविष्य में उद्योगों को वित्त पोषण प्रदान करने, शोध परियोजनाओं का मार्गदर्शन करने और औद्योगिक भ्रमण की सुविधा प्रदान करना महत्वपूर्ण हो सकता है। कौशल का विस्तार शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सामान्य शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के बढ़ते एकीकरण को पूरा करता है। शिक्षा की कमजोर गुणवत्ता, संसाधनों की कमी, क्षीण सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था और अन्य चुनौतियों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी और सामाजिक समावेशन के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। उन्नत देशों के कौशल विकास मॉडल का अध्ययन किया जा सकता है और प्राचीन भारत के विश्व स्तरीय संस्थानों जैसे तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी की समृद्ध विरासत को भारतीय शिक्षा प्रणाली में कौशल विकास और गुणवत्ता चुनौतियों का समाधान करने के लिए नई दिशा दी जा सकती है। हमें प्रतिस्पर्धा के माध्यम से और उच्च शिक्षा क्षेत्र में सतत आर्थिक विकास के लिए प्रोत्साहन देकर नई गतिशीलता लानी चाहिए। एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए केंद्र, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, उच्च शिक्षा संस्थानों, नियामक एजेंसियों, निकायों और अन्य सभी संबंधित हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। अब समय आ गया है जब भारतीय ब्रांड की शिक्षा को विदेशी देशों में निर्यात किया जाए और शिक्षा के क्षेत्र में ''विश्व गुरु'' बनने के लिए खुद को तैयार किया जाए ताकि माननीय प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सपनों को पूरा किया जा सके, जिन्होंने हमें एक नई शिक्षा प्रणाली और एक नए भारत का रास्ता दिखाया है।

## 19 अप्रैल :इतिहास की अहम घटनाएं

| | |
|---|---|
| 1910 | हेली पुच्छल तारे को पहली बार खुली आंखों से देखा गया। |
| 1919 | अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई। |
| 1920 | जर्मनी और बोल्शेविस्ट ने रूस युद्ध के कैदियों को छोड़ने पर सहमति बनाई। |
| 1927 | अमेरिकी अभिनेत्री माए वेस्ट को अपने खेल सेक्स के लिए युवाओं की नैतिकता को 'गलत' बताने के लिए दस दिनों की जेल की सजा सुनाई गई थी। |
| 1933 | लेस पॉसन ने बोस्टन मैराथन जीता। |
| 1934 | डेव कोमोनेन ने बोस्टन मैराथन जीता। |
| 1943 | होलोकॉस्ट नाज़ी सैनिकों ने जर्मन कब्जे के खिलाफ पोलैंड में पहली बार बड़े पैमाने पर उत्पात मचाते हुए, शेष यहूदियों को गोल करने के लिए वॉरसॉ यहूदी बस्ती में प्रवेश किया। |
| 1947 | टेक्सास शहर बंदरगाह के पास एक फ्रांसीसी जहाज के फटने से 522 लोग मारे गए। |
| 1948 | च्यांग काई शेक चीन के राष्ट्रपति बने। |
| 1956 | अमेरिकी अभिनेत्री ग्रेस केली ने रेनियर III ने राजकुमार मोनाको से शादी की। |
| 1960 | दक्षिण कोरिया में छात्रों ने एक राष्ट्रव्यापी समर्थक लोकतंत्र विरोधी सिग्मैन री का आयोजन किया, अंतत: उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। |
| 1967 | यूगोस्लाव के लेखक मिहलजो मिहलजोव को 4 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। |
| 1972 | हंगरी द्वारा संविधान को संशोधित किया गया था। |
| 1972 | बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना। |
| 1982 | USSR द्वारा सैल्यूट 7 स्पेस स्टेशन को कक्षा में रखा गया था। |
| 1983 | परमाणु परीक्षण फ्रांस द्वारा किए गए थे। |
| 1984 | स्कॉटिश मूल के संगीतकार पीटर डोड्स मैककॉर्मिक का 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर', एक देशभक्ति गीत, जिसे पहली बार 1878 में प्रदर्शित किया गया था, जिसने आधिकारिक तौर पर 'गॉड सेव द क्वीन' को ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान के रूप में बदल दिया था। |
| 1989 | संयुक्त राज्य अमेरिका के नौसेना युद्धपोत आयोवा पर एक बंदूक बुर्ज में विस्फोट हो गया, जिसमें 47 नाविक मारे गए। |
| 1993 | माउंट कार्मेल सेंटर की 51 दिन की घेराबंदी, वाको, टेक्सास के बाहर ब्रंच डेविडियन धार्मिक संप्रदाय का घर है, जब आग लगने से 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। |
| 1995 | ट्रक बम से ओखोमा सिटी में संघीय भवन में 168 लोग मारे गए। |
| 1996 | पेप्सी कप पर दक्षिण-अफ्रीका ने कब्जा कर लिया था क्योंकि फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। |
| 1997 | रेनी वध को 14 वें मिस हवाई हवाई ट्रॉपिक इंटरनेशनल के रूप में ताज पहनाया गया था। |
| 2003 | चीन की महिला भारोत्तोलक बांग मिंग च्यान ने विश्व रिकार्ड बनाया। |
| 2005 | जर्मनी के कार्डिनल योसिफ़ रान्सिंगर रोमन कैथोलिक चर्च के नये पोप चुने गये। |
| 2006 | प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया। |
| 2007 | द विजार्ड आफ़ आईडी सीरीज के कार्टूनिस्ट ब्रैंड पार्कर का निधन। |
| 2011 | क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ क्यूबा की केन्द्रीय समिति में 45 वर्षों तक बने रहने के बाद इस्तीफा दिया। |

## समसामयिक

# 'फूले' पिक्चर पर विवाद क्यों?




डॉ. सुरेश गर्ग

बहुत ताज्जुब एवं सोचने की बात है कि जब आज़ादी के पचहत्तर वर्ष बाद सभी राजनीतिक और समाजिक संगठनों के मुखिया सर्वहारा की बात करते हैं, दलित-आदिवासियों के हमदर्द दिखने का प्रपंच करते हैं, उनके नायक-महानायकों के जन्मदिन एवं पुण्यदिन पर सार्वजनिक रूप से उनका स्तुतिगान करते हैं, उनकी प्रतिमा पर जाकर दण्डवत प्रणाम करते हैं, फिर यदि फूले दम्पत्ति पर एक फिल्म बन गयी है , तो विवाद क्यों? जबकि आज महापुरुषों की जीवनगाथा का गायन एवं सिनेमा तथा दूरदर्शन पर चित्रण प्रदर्शित करके अतिराष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का हर स्तर पर हर संभव प्रयास हो रहा है। सच्चाई से भय क्यों ? क्या आज भी एक वर्ण-वर्ग विशेष के प्रति वहीं सौ साल पुरानी मानसिकता बरकरार है? बाबा ज्योतिबा एवं बा-सावित्री बाई कोई सामान्य दम्पति नहीं बल्कि उन्हें 19वीं सदी का महानायक मानना चाहिए, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं की गुलामी, असहनीय दरिद्रता , मनुवादी वर्ण व्यवस्था के अमानवीय सामाजिक अन्याय एवं संताप के घोर अंधेरे को काट कर महिलाओं एवं अंतिम व्यक्ति के लिए एक नई सुबह दिखाने का काम किया।

उन्होंने राजा राममोहनराय द्वारा 1815 में शुरु किया सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्य को अमली जामा पहनाने की कोशिश की। उस समय महिलाओं की स्थिति अबला की तरह अमानवीयता की निकृष्टतम श्रेणी तक थी ! मनुवादी व्यवस्था में उच्चवर्ण का परचम कट्टरवादिता के शिखर पर था। उस माहौल में ज्योतिबा ने सबसे पहले अपनी पत्नी को शिक्षित किया और 1 जनवरी 1848 को पुणे के बुधवार पेठ में पहली कन्या पाठशाला खोली, जो निम्नवर्गीय लड़कियों के लिए भारत में पहला शिक्षा केंद्र बना। बा-सावित्री बाई इसकी पहली मुख्य अध्यापिका बनीं। इस पाठशाला में जब सवर्ण लड़कियाँ दाखिल हुईं, तो कट्टरपंथियों को यह रास नहीं आया और ज्योतिबा दम्पत्ति को ना ना प्रकार से प्रताड़ित किया गया। इसे धर्मविरोधी आचरण बताकर उनका सार्वजनिक स्थल पर आना जाना हराम कर दिया। उन पर की गयी गंदगी की बरसात एवं गालियों की बोछार को उन्होंने उपहार की तरह लिया ।नतीजतन सामाजिक डर से बा-सावित्री बाई के पिता ने उन्हें अपने से अलग कर दिया। उस समय उनकी मदद एक मुसलमान परिवार-जनाब उस्मान शेख ने भाई एवं मित्र की तरह की। यही नहीं शेख की बहिन बी- फातिमा ने बा-सावित्री बाई की तरह ज्योतिबा से शिक्षा ली और फिर उनके स्कूल में पहली मुसलमान शिक्षिका बन कर हाथ बंटाया। भारतीय संस्कृति में पहली महिला शिक्षिका होने का सम्मान इन दोनों महिलाओं को देना चाहिए! सार्वजनिक जीवनचर्या को अंगीकार करने बाली पहली महिला बा-सावित्री बाई हुईं, जिन्होंने भविष्य में इतिहास रचने वाली सार्वजनिक समाजसेवी पण्डिता रमावाई के लिए बुनियाद रखने का काम किया।

अपना काम करते हुए फूले दम्पत्ति ने पुणे की अछूत बस्ती में लड़के-लड़कियों के लिए देश की पहली पाठशाला खोली। इस प्रकार उन्होंने क़रीब अठारह स्कूल खोले। इस दम्पति का सेवाकार्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर तरह से महिला , दलित, निम्नवर्ग के वंचित शोषित व्यक्तियों का उत्थान करना था। उदाहरणार्थ उन्होंने जिस 'सत्यशोधक समाज' नाम के संगठन की स्थापना की, उसके माध्यम से सन1876-77 में अकाल के समय सराहनीय सेवा कार्य किया। महात्मा ज्योतिबा के निधन के बाद जब 1897वें में महाराष्ट्र में हैजा (बीमारी) फेला तब बा-सावित्री बाई ने सत्यशोधक समाज के माध्यम से अनेक केंद्रों की स्थापना करके हज़ारों लोगों की जान बचाई। यही नहीं अपने दत्तक पुत्र जो डॉक्टर था उसका दवाखाना बीमारों के लिए सार्वजनिक रूप से निशुल्क खोल दिया। यह दत्तक पुत्र वह अनाथ बच्चा था जिसे उच्च वर्ण की एक विधवा महिला ने सामाजिक प्रताड़ना के डर से त्याग दिया था। बा-सावित्री बाई वे दैवीय शक्ति थीं, जिन्होंने हैजा से पीड़ित सड़क पर कराह रहे एक लावारिस बच्चे को गोद में उठाया और अपने लड़के के अस्पताल में भर्ती करके इलाज कराया। जिसकी वजह से वे स्वयं हैजा की चपेट में आ गयीं और 10 मार्च 1897 को उनका देहावसान हो गया। विडंबना यह है कि इस महान दम्पत्ति को भारतीय इतिहास में जो स्थान मिलना चाहिए था ,वह आज़ादी के बाद भी दशकों तक नहीं मिला, और आज भी उनके नाम पर बनी फिल्म पर विवाद खड़ा किसा जा रहा है! उस समय उनके समकक्ष उच्च वर्ण के प्रतीक लोकनायक तिलक जी थे , जिन्होंने गणेश एवं शिवाजी महाराज उत्सवों के माध्यम से समस्त हिंदुओं को राष्ट्रवाद से जोड़ कर आज़ादी के आंदोलन का रास्ता प्रशस्त किया, तो फूले दम्पत्ति ने सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। इतिहास को इतिहास तक रहने दिया जाना अच्छा है, वरना गड़े मुर्दे बाहर आयेंगे तो भयानक कंकाल भी सामने आयेंगे... !

# बहाने से : दायरों मे ही निहित है सच्चा लोकतंत्र



डॉ. घनश्याम बादल

आखिर वही हुआ जिस बात का डर था। संसद ने दोनों सदनों में बहुमत की मोहर लगने के साथ वक्फ संशोधन बिल कानून में तो बदल गया लेकिन जिस तरह एक सांसद ने कहा था कि मुस्लिम समाज इस बिल को कानून के रूप में स्वीकार नहीं करेगा और कुछ प्रतिक्रियावादी नेता इस पर बयान दे रहे थे तो यह तो तय था कि कानून बनने के बावजूद इसके खिलाफ वह अदालत में जाएंगे और वह गए भी । एक दो नहीं बल्कि देशभर से इस कानून की खिलाफत करते हुए और इसे वक्फ बोर्ड के अधिकारों पर डाका डालने वाला बताते हुए या फिर मुस्लिम संप्रदाय के धार्मिक अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप बताते हुए एक दो नहीं अपितु 120 जनहित याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में दायर की गई । यह इस बात का संकेत देने की कोशिश है कि यदि सरकार मनमाने तरीके से कानून बनाएगी तो हम भी मनमाने तर्क गढ़कर प्राप्त अधिकारों का उचित - अनुचित प्रयोग करते हुए प्रतिरोध करेंगे।

सरकार समर्थकों का मानना है कि वक्फ बोर्ड के मनमर्जी करने वाले अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलते ही कुछ खास लोग बिलबिल उठे। यदि कहा जाए कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से वक्फ बोर्ड के तथाकथित मालिकों को लगा कि अब उनके पर कतर दिए गए हैं तो इधर-उधर के तर्क गढ़कर जिनमें से कुछ उचित भी कहे जा सकते हैं न्यायालय की शरण में पहुंच गए यहां तक इसमें कुछ भी अनुचित नहीं है क्योंकि भारतीय संविधान हर व्यक्ति संस्था या धर्म को अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का अधिकार देता है ।

भारत के दो जाने-माने वकीलों या कहिए कि वकील से अधिक नेता कैसे-कैसे तर्क लेकर न्यायालय में आए वह एक दुख एवं हंसी दोनों का सबब है। ये दोनों वकील शायद स्वर्गीय राम जेठमलानी के बाद के ऐसे सबसे अधिक चर्चित वकील है जो किसी भी ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर तुरंत हाज़िर होते हैं। और संविधान की खामियों का फायदा उठाते हुए न केवल भारी भरकम फीस लते हैं अपितु खुद को चर्चा में रखते हैं।

अगर संविधान की बात करें तो यह उनका अधिकार है लेकिन तर्क तक तो यह ठीक है मगर भावनाएं संवेदनाएं बहुत सारी नैतिकताएं तथा आदर्श इस प्रक्रिया में मर जाते हैं।

वकील का काम है अपने मुवक्किल के पक्ष में हर तरह के तर्क पेश करके उसे लाभ पहुंचाना । कपिल सिब्बल एवं अभिषेक मनु सिंघवी तथा उनकी टीम ने यही किया तो इसमें ग़लत क्या है। लेकिन जिस तरह से न्यायालय ने टिप्पणी की वह चर्चाओं में है हालांकि न्यायालय ने इस संबंध में कोई अंतिम फैसला नहीं सुनाया बल्कि उसने सरकार को 5 मई तक सब्र करने की नसीहत देते हुए इस कानून की कुछ धाराओं पर रोक लगा दी । खुद सॉलिसिटर जनरल मेहता ने न्यायालय से एक सप्ताह का समय कुछ स्पष्टीकरण देने के लिए मांगा था । लेकिन मुख्य मुद्दा एवं चर्चा का



विषय रहा 'वक्फ बाय यूजर' तथा गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश। इस से पूर्व भी उच्चतम न्यायालय ने देश के सर्वोच्च पदधारक राष्ट्रपति एवं राज्यपालों को एक निश्चित समय अवधि में फैसला लेने का निर्देश भरा परामर्श देने का अचंभित करने वाला फैसला सुनाया था जिसकी प्रतिक्रिया में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जिस तरह न्यायपालिका को 'सुपर संसद' के रूप में काम करने वाली संस्था के रूप में व्याख्यित किया वह भी विस्मयकारी है इसमें दो राय नहीं कि भारतीय लोकतंत्र व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का एक संतुलित समन्वयन है जिसमें इन तीनों स्तंभों के दायरे सुपरिभाषित हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से जैसे यह दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप करते दिख रहे हैं वह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि न्यायालय ने संसद के दायरे को पार किया है या नहीं लेकिन इस निर्णय की वज़ह से कुछ चीजें तो उभर कर आई हैं । जैसे यदि व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका को एकाधिकारवादी नहीं माना जा सकता है वैसे ही न्यायपालिका को भी आत्मावलोकन की आवश्यकता तो है । यदि हर भारतीय नागरिक न्यायपालिका के निर्णय से बंधा है एवं उसके दायरे में आता है तो फिर न्यायपालिका को भी अपना दायरा तय करना पड़ेगा । जिस तरह कुछ मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लेकर न्यायालय कार्रवाई करता है वैसे ही उसके जजों को भी इस दायरे में आना चाहिए। एक जज के भ्रष्ट आचरण की जांच दूसरा जज करे यह बात हज़म होने वाली नहीं है ठीक वैसे ही जैसे सांसद स्वयं बैठकर यह तय करें कि उन्हें कब और कितना वेतन बढ़ाना है।

यदि कोई अपराध करने पर किसी के भी खिलाफ एफ आई आर दर्ज की जा सकती है तो फिर उसमें माननीय जजों को ही क्यों छोड़ा जाए? हालांकि ऐसा नियम बनने पर भी बहुत सारी पेंचीदगियां आयेंगी लेकिन हमें उनका तोड़ तो ढूंढना होगा क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में जब राष्ट्रपति तक भी स्वेच्छाचारी नहीं हो सकते तब न्यायपालिका को भी यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है।

जिस तरह आज अति उत्साही सोशल मीडिया एवं टीवी चैनलों पर अधकचरे विचारों को स्थान मिल रहा है वह भी खतरनाक है। चैनलों, अखबारों एवं सोशल मीडिया मंचों की जिम्मेदारी तय करना बहुत जरूरी है । जैसे कभी अखबार में छपी हुई बात एक नज़ीर बन जाया करती थी वैसे ही आम आदमी की नजर में टीवी एंकर द्वारा कही गई बात या सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए विचार बहुत मायने रखते हैं और इससे वह कई बार दिग्भ्रमित भी होते हैं । इसमें भी यह है अकाउंटेबिलिटी तय करना जरूरी है कि बिना जांचे परखे एवं उसके क्या आफ्टर इफेक्ट होंगे इसका जिम्मा व्यक्ति चैनल या सोशल मीडिया मंच को लेना होगा।

इसमें दो राय नहीं की लंबे समय तक देश में तुष्टिकरण का दौर चला और अब अंधभक्ति भरा उग्र आस्था का दौर जोर पकड़ रहा है । देश के दो बड़े संप्रदायों के बीच जितनी गहरी खाई इन दिनों देखी जा रही है इससे पहले कभी नहीं थी । सही वह तुष्टिकरण का दौर भी नहीं था और लंबे समय के लिए देखा जाए तो यह उग्र धार्मिक उन्माद का दौर भी अच्छा सिद्ध होने वाला नहीं है । यदि भारत ने आजादी के बाद उल्लेखनीय प्रगति की है तो उसमें बेशक सबका योगदान रहा है और यहां शांति एवं सद्भाव के चलते ही विकास का एक बड़ा ढांचा खड़ा किया जा सका है। ज़रा सोचिए यदि एक तरफा झुकने का यह दौर लंबा चला तो फिर उसे नए, पुराने विकास का क्या होगा ?

जिन देशों ने अशांति एवं युद्ध देखे हैं वहां के नागरिकों से पूछिए उसका परिणाम क्या होता है ! अस्तु, इस संक्रमण काल में मुद्दे ही मुद्दे हैं, कुछ गरम मुद्दे, कुछ बहुत गर्म मुद्दे और उनकी गर्मी से राजनीतिक पार्टियां और सियासतदां फायदा भले ही उठालें लेकिन देश का भला होना मुश्किल है।

अतः बुद्धिजीवी वर्ग को खास तौर पर निष्पक्ष रहते हुए एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए आम आदमी तक बातें पहुंचाने में बहुत सावधानी बरतनी होगी।

# पीएम की जनसभा का वेन्यू बदला, सामने आई पांच बड़ी वजह

नेशनल एक्सप्रेस





कानपुर में पीएम की जनसभा स्थल अब चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार के निरीक्षण के बाद सीएसए ग्राउंड में फाइनल कर दिया गया है।

इसके पीछे पांच बड़ी वजह सामने आई है। जिसकी वजह से पीएम की जनसभा का वेन्यू बदला गया है। इसमें जो सबसे बड़ी वजह है कि पीएम की सिक्योरिटी, दूसरी बड़ी वजह रेलवे ग्राउंड में भीड़ जुटाना कड़ी चुनौती थी।

इसके पीछे पांच बड़ी वजह सामने आई है। जिसकी वजह से पीएम की जनसभा का वेन्यू बदला गया है। इसमें जो सबसे बड़ी वजह है कि पीएम की सिक्योरिटी, दूसरी बड़ी वजह रेलवे ग्राउंड में भीड़ जुटाना कड़ी चुनौती थी।

एमएम की जनसभा के लिए सबसे पहला प्रपोजल रेलवे ग्राउंड निराला नगर का गया था, अफसरों और एमपी, एमएलए ने इसका निरीक्षण भी किया। लेकिन इसके बाद अफसरों के मंथन में सामने आया कि पीएम की सिक्योरिटी सबसे बड़ी चुनौती थी।

क्यो कि नयागंज मेट्रो स्टेशन का शुभारंभ करने के बाद प्रधानमंत्री मेट्रो से ही गीता नगर मेट्रो स्टेशन तक जाएंगे। अगर रेलवे ग्राउंड में जनसभा होती तो पीएम से लेकर राज्यपाल और सीएम को गीता नगर से निराला नगर रेलवे ग्राउंड तक पहुंचाना बड़ी चुनौती होती ।

इस वजह से पीएम की जनसभा स्थल को सीएसए ग्राउंड में प्रस्तावित किया गया। क्यों कि ये ग्राउंड चारों तरफ से सुरक्षित है। मेट्रो स्टेशन गीता नगर से उतरने के बाद पीएम को जनसभा स्थल तक ले जाने में कोई मशक्कत या बड़ा ट्रैफिक डायवर्जन नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही पीएम की सिक्योरिटी को लेकर भी कोई ईश्यू नहीं होगा। अफसरों की मानें तो अगर रेलवे ग्राउंड में पीएम की जनसभा होती तो गीता नगर मेट्रो स्टेशन से रेलवे ग्राउंड तक पहुंचाना और पीएम की सुरक्षा को लेकर ज्यादा तैयारियां करनी पड़ती। वह यहां से हेलकाप्टर से साउथ सिटी जाते या फिर सड़क मार्ग से जाते। जीटी रोड पर बड़ा ट्रैफिक डायवर्जन करना पड़ता। जबकि इस रूट पर कार्डियोलाजी, हैलट, जच्चा-बच्चा अस्पताल, टीबी हॉस्पिटल से लेकर आधा दर्जन बड़े अस्पताल हैं। ट्रैफिक डायवर्जन करने पर मरीजों को कड़ी मशक्कत करने के साथ ही आम पब्लिक को भी परेशानी उठानी पड़ती। अब सीएसए में जनसभा स्थल होने पर ट्रैफिक को लेकर पुलिस अफसरों को कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी।

रेलवे ग्राउंड में अगर पीएम की जनसभा होती तो वहां पर एक से डेढ़ लाख लोगों की भीड़ जुटाना भाजपा के लिए कड़ी चुनौती हो जाता। क्यों कि इस समय कोई चुनावी जनसभा नहीं है।

स्कूल एग्जाम का टाइम चल रहा है। भाजपा नेताओं को रेलवे ग्राउंड पब्लिक से भरने में पसीना छूट जाता। अब सीएसए ग्राउंड में जनसभ होने पर रेलवे ग्राउंड से आधी से भी कम भीड़ से ही काम चल जाएगा। नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। निराला नगर का रेलवे ग्राउंड पर जनसभा कराने के लिए ग्राउंड को सबसे पहले तो साफ-सफाई और फिर उसका मेंटीनेश में बड़े पैमाने पर खर्च होता है।

अब सीएसए ग्राउंड पहले से ही मेंटेन है। बस यहां पर जनसभा के लिए पांडाल और साफ-सफाई ही करानी पड़ेगी। इतना ही नहीं यह ग्राउंड चारों तरफ से सुरक्षित है। यहां पर सुरक्षा बल और पुलिस पीएम की सिक्योरिटी ज्यादा बेहतर होगी। इससे शासन का लाखों रुपए का खर्च बचेगा। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक मैनेज करने में पुलिस अफसरों को मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। पीएम की जनसभा का वेन्यू बदलने के पीछे मेट्रो भी बड़ी वजह है। प्रधानमंत्री कानपुर में नयागंज मेट्रो स्टेशन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मेट्रो से ही नयागंज से लेकर गीता नगर तक सफर करेंगे। यहां से वह जनसभा स्थल तक जाएंगे। अगर जनसभा स्थल साउथ सिटी के रेलवे ग्राउंड में होता तो यहां से पीएम के साथ ही सीएम और राज्यपाल समेत कई दिग्गज नेताओं को पूरे प्रोटोकॉल का पालन कराना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती हो जाता। अब गीता नगर मेट्रो के पास ही जनसभा स्थल होने से अफसरों की बड़ी एक्सरसाइज बच गई।

# गुड फ्राइडे आराधना सभा का आयोजन किया

नेशनल एक्सप्रेस





कानपुर,आज शुकवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर न्यू इण्डिया चर्च ऑफ गॉड के द्वारा गोविन्द नगर चर्च में गुड फ्राइडे आराधना सभा का आयोजन किया गया जिसमें आये हुये सभी लोगों ने मिलकर प्रभु यीशु मसीह की आराधना की व उसकी महिमा में गीत गाये गये। क्वायर के द्वारा जो क्रूस पर कुरबां है वो मेरा मसीहा है,हर जख्म जो उसका है, वो मेरे गुनाह का है और होके कुरबान हर गुनाह से तूने मुझको है बचाया,हर खुशी मिली तुझमें ऐ मसीह जब से दिल में तू है आया इत्यादि गीतो को गाकर प्रभु यीशु की आराधना की। वही सभी लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के वचनो पर चलने का वादा किया एवं इस पवित्र अवसर पर अपने-अपने गुनाहो से पश्चताप करते हुये प्रार्थना की। प्रभु यीशु मसीह की वाणिया जो क्रस पर से प्रभु यीशु ने कही एक है पिता इन्हें क्षमा कर बाइबिल लूका तू आज ही मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा.... लूका हे नारी देख ये तेरा पुत्र है.... यूहन्ना हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यो छोड़ दिया.....मत्ती मैं प्यासा हूँ,पूरा हुआ यहून्ना,हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथ में सौपता हूँ इन साथ वाणियों को प्रमुख प्रचारकों के द्वारा प्रचार किया गया। पादरी जितेन्द्र सिंह, पादरी अनिल गिलबर्ट,मिसेज हेलीना सिंह,पूर्णिमा जेम्स,माई विजय श्रीवास्तव,पादरी राकेश मसीह,पादरी भीम सिंह,मिसेज सुनीता क्लेमेन्ट, पादरी ब्रजेश कुमार,पादरी सैमसन मसीह इत्यादि क्वायर का संचालन ब्रदर रोहित जॉन,मनीष जेम्स व अंकित मसीह ने किया।

विशेष गीतो को मोना पाल,ऑचल,सिस्टर डॉस्थी दास व रीता मसीह ने गाकर प्रमु की आराधना की। चर्च के मुख्य पादरी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने पूरी मानवता के उद्धार की कीमत क्रूस पर जान देकर चुकाई और हमारे सारे पाप व अधर्म के बोझ को अपने ऊपर ले लिया ताकि हम सब पापों से छूटकर उद्वार प्राप्त कर सकें और अपने श्रृष्टिकर्ता परमेश्वर पिता के साथ रह सकें। वही प्रमुख रूप से मुकेश,विश्वजीत,पादरी संदीप मसीह,हाजिरा पॉल,सुनील,पादरी हरी सिंह, मिसेज मधुलिका,सरोज मसीह,मनोज जेकब,सजीव,मार्था पॉल,नीलम व सैकड़ो लोग इस आराधना में सम्मिलित हुये।

# चकेरी एयरपोर्ट पर प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस



कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने धमकी देने वाले को एक घंटे के भीतर ही सर्विलांस की मदद से दबोच लिया।

जांच में पता चला कि सिरफिरे से प्लेन को उड़ाने की धमकी दी थी। धमकी देने वाले के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा जाएगा। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने ऐसा क्यों किया।

डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि एक अनजान नंबर से चकेरी एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही चकेरी थाने की पुलिस अलर्ट हो गई। उधर एयरपोर्ट पर बम निरोधक दस्ता और पुलिस फोर्स ने चेकिंग शुरू कर दी।

इसके साथ ही धमकी देने वाले के नंबर को सर्विलांस पर लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। चकेरी पुलिस ने धमकी देने वाले नौबस्ता के यशोदा नगर निवासी मोहित सिंह को अरेस्ट कर लिया। उसने धमकी दी थी कि चंद मिनट में ही चकेरी एयरपोर्ट पर लैंड होने वाला 72 सीटर विमान उड़ा दिया जाएगा।

इसके बाद से पुलिस और एयरपोर्ट के अफसर हरकत में आ गए। पकड़े गए आरोपी मोहित सिंह से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा जाएगा।

# मां को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारने वाले बेटे के बदले सुर

नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर में मां को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारने वाले बेटे राजा के सुर यू टेकगुरुवार को बदले हुए थे। पुलिस जब उसे जेल भेजने के लिए मजिस्ट्रेट के यहां पेश करने के लिए ले जाने लगी, तो आरोपी गिड़गिड़ाने लगा। उसने अपनी गलती स्वीकार की और हनुमंत विहार पुलिस से खुद को छोड़ने के लिए मिन्नते करता दिखा। हनुमंत विहार पुलिस ने आरोपी पुत्र को गुरुवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर जेल भेज दिया।

फतेहपुर के रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी प्रमिला सिंह के दांत में तकलीफ होने की वजह से वह 30 मार्च को हनुमंत विहार के नारायणपुरी मे रहने वाली बेटी प्रीतू के ससुराल आईं थी। प्रमिला के बेटे राजा का फतेहपुर में एक युवती से प्रेम संबंध है। लड़की और उसके परिवार का चरित्र ठीक न होने के चलते मां इस बात का विरोध करती थी।

जबकि, राजा उसी से शादी करना चाहता था। बुधवार सुबह प्रमिला घर के आंगन में कपड़े फैला रही थी, तभी राजा घर का गेट खोलकर जबरन अंदर घुस आया, फिर मां को लात मार दी। शोर-शराबा सुन प्रीतू पति सौरव के साथ बाहर निकली तो राजा ने गालीगलौज करते हुए प्रीतू की ओर चाकू लेकर झपटा।

यह देख बेटी को बचाने आईं प्रमिला के सीने पर बेटे ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद उसने खुद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब आरोपी को गिरफ्तार किया तो उसने तेवर दिखाते हुए कहा कि मैने कुछ गलत नहीं किया है।



**मजिस्ट्रेट के सामने गिड़गिड़ाने लगा आरोपी, राजा के बताए जा रहे एक युवती से प्रेम संबंध**

मेरा भी जीवन है। जिससे प्रेम करता हूं उससे शादी करने का भी हक भी

# गर्मी में पानी से तरस रहे ग्रामीण




**चारों वाटर कूलर पड़े हैं खराब, नहीं दे रहा कोई ध्यान**

नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर देहात रसूलाबाद विकास खंड के ग्राम बिरहुन में गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को ठंडे पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। रसूलाबाद विकास खंड के ग्राम बिरहुन में 4 वाटर कूलर लगे है जो चारों के चार खराब स्थित में है जो सालों से बंद पड़े है ग्राम बिरहुन 4 में कुल वाटर कूलर लगे है जो खराब पड़े हैं।

बढ़ते तापमान और चिलचिलाती धूप में ग्रामीण ठंडे पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से वाटर कूलर की मरम्मत की मांग की। लेकिन उनकी शिकायतों को नजर अंदाज कर दिया गया। अब ये वाटर कूलर गांवों में महज शोपीस बनकर रह गए हैं।

खंड विकास अधिकारी डीपी यादव फोन पर बात करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो सकी सचिव अभिषेक पांडेय जी बात होने पर इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि सभी खराब वाटर कूलर की जानकारी मेरे द्वारा उन्हें मिल चुकी है।उन्होंने ग्राम के वाटर कूलर की मरम्मत के लिए निर्देश दे दिए हैं।लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271


**मेष राशिः** लंबे समय से रुके हुए कामों पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आप मौज-मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आपको कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी, लेकिन आप अपने कामों को समय से आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**वृष राशिः**आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए उन्नति के राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छे सफलता मिलेगी। आप किसी जमीन-जायदाद आदि में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज के दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप यदि परिवार के किसी सदस्य को करियर को लेकर कोई निर्णय ले, तो उसमें अपने पिताजी से राय अवश्य लें।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके मन में बड़ों के प्रति आदर और सम्मान बना रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में रहेगा, लेकिन आपको अपने व्यवहार पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, जो लोग बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत हैं, उन्हें अच्छी सफलता मिलती दिख रही है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। यदि आपने धन को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट किया, तो उसमें नुकसान हो सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। कारोबार कर रहे लोगों को यदि कोई धन संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**वृश्चिक राशिः** अपने कामों को लेकर सतर्क रहें कार्यक्षेत्र में आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपके साथ कोई धोखा हो सकता है, जो लोग रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**धनु राशिः** मान सम्मान में वृद्धि होगी शासनसत्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है, लेकिन आप किसी व्यक्ति से बहुत ही सोच विचारकर बोले।

**मकर राशिः** इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। आपका यदि कोई संपत्ति संबंधित मामला कोर्ट-कचहरी में विवादित चल रहा था, उसमें आपको जीत मिलेगी। आप अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान दें, क्योंकि काम के चक्कर में आप खानपान पर ध्यान थोड़ा कम देंगे।

**कुंभ राशिः** आज के दिन आपकी इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आपके ऊपर कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं।

**मीन राशिः** वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी की कोई मन की इच्छा को आज पूरी हो सकती हैं। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

# सीएनसी स्कूल गांधीनगर में नन्हे मुन्ने बच्चों ने डॉक्टर अंबेडकर की उतारी आरती

नेशनल एक्सप्रेस



संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन सीएनसी स्कूल में धूमधाम के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा संसद की प्रथम विजेता मुदिता मिश्रा ने डॉक्टर अंबेडकर की शिक्षा का विस्तार से वर्णन करते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। मुदिता ने कहा कि अभाव के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की। वह भारतीय संविधान के निमार्ता थे ।समाज में ऊंच- नीच को समाप्त करने के लिए उन्होंने संघर्ष किया ।वह समता मूलक समाज की स्थापना करना चाहते थे ।उनके अधूरे कामों को हमें पूरा करना है। जयंती समारोह का संयोजन श्रीमती गायत्री प्रजापति एवं संचालन रूबी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर आयुषी वर्मा कार्तिक दिवाकर आयुष वर्मा जया वर्मा नंदिनी दिव्या शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किये।

# आज सुबह सुबह कलक्टरगंज के ट्रांसपोर्ट से लोड हुई परचून की लदी गाडी बाहर जाने वाली श्याम नगर बाईपास पर स्टेट जी एस टी सचल दल इकाई 5 ने प्रातः 4 बजे जांच व भौतिक सत्यापन करने के नाम पर विभाग ले जाने की कोशिश की



- **बीमार ट्रांसपोर्टर प्रातः 4.30 बजे मौके पर पहुचे**
- **व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्र ने प्रातः 4.45 बजे सहायक आयुक्त पांच से बात करके वही जांच करके छोड़ने को कहा और सहायक आयुक्त ने गाड़ी छोड़ दी**
- **प्रदेश व कानपुर मे परचून की गाड़ी मौके पर ही जाँच करके छोड़ने को लेकर एक पत्र स्टेट जी एस टी आयुक्त को लिखकर इमेल से भेजा**

कल की रात्रि व आज सुबह कलक्टरगंज के ट्रांसपोर्ट से लोड हुई परचून की लदी गाडी बाहर तिंदवारी(बाँदा) जाने वाली श्याम नगर बाई पास पर स्टेट जी एस टी सचल दल इकाई 5 के सहायक आयुक्त अजीत सिंह ने प्रातः 4 बजे जांच व भौतिक सत्यापन करने के नाम पर विभाग ले जाने की कोशिश की। गाड़ी के ड्राइवेट द्वारा जानकारी देने पर बीमार कलक्टरगंज के ट्रांसपोर्टर गोपाल शुक्ला सुबह 4.30 बजे श्यामनगर बाई पास मे मौके पर पहुचे और उन्होने *भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र* को बताया तब उन्होने प्रातः 4.45 बजे *सहायक आयुक्त पांच अजित सिंह* से बात करके वही मौके पर बिल, इनवॉइस व इ वे बिलों की जांच करके छोड़ने को कहा और सहायक आयुक्त ने मौके पर ही कागजो को देखकर थोड़ी देर मे गाड़ी छोड़ दी। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने उप्र मे व कानपुर मे परचून की गाड़ी मौके पर ही जाँच करके छोड़ने को लेकर एक पत्र स्टेट जी एस टी आयुक्त डॉ नितिन बंसल को लिखा व इ मेल से भेजा जिसमे कहा कि प्रदेश मे सचल दल इकाईया परचून (अलग अलग बहुत सारे वस्तुये) की गाड़िया रोककर चेक करने व भौतिक सत्यापन के लिए विभाग ले जाते है और कम से दो दिन तक भौतिक सत्यापन के नाम पर गाड़ी की जाँच की जाती है । विभाग मे परचून की गाड़ी मे लदे माल को उतारकर उसका मिलान किया जाता है व इस जाँच मे ट्रांसपोटरो को मजदूरी भी देनी पड़ती है जिससे निश्चित रूप से परचून के छोटे ट्रांसपोटेरी व माल पाने वाले छोटे व्यापारियों का भी आर्थिक नुकसान होता है। केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा इज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देने,तेज ट्रांसपोटशन व कम्पटीशन के दौर मे जल्दी से जल्दी गंत्वय तक माल पहुँचाना आवश्यक हो गया है ऐसे मे परचून की छोटे ट्रांसपोटर की व छोटे छोटे व्यापारियों की माल लदी गाड़ी विभाग ले जाकर समय व पैसे की बबार्दी होती है जबकि इन परचून की आवश्यकता होने पर मौके पर ही जांच करके उसे छोड़ा जा सकता है और मांग की कि उत्तर प्रदेश मे स्टेट जी एस टी की सचल दल इकाइयों द्वारा सड़क पर चेक करने के दौरान परचून की गाड़ियों को मौके पर ही जाँच करके छोड़ दिया जाय जिससे इन छोटे ट्रांसपोटरो व छोटे व्यापारियों का आर्थिक नुकसान न हो।

भवदीय
ज्ञानेश मिश्र
प्रदेश अध्यक्ष

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने शांति व्यवस्था बनाए रखने किया फ्लैग मार्च

## थाना बिलारी पर प्रचलित अभिलेखों का निरीक्षण





**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**बिलारी।** जनमानस सुरक्षा को व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना हेतु शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद एवं सहायक पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी बिलारी द्वारा जुमे की नमाज के परिप्रेक्ष्य में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया गया। तथा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमन चैन कायम रखने तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तथा साथ ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश द्वारा थाना बिलारी पर प्रचलित अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सम्पत्ति गृह, भोजनालय, बैरक, थाना कार्यालय एवं सीसीटीएनएस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के उचित रख-रखाव एवं अद्यावधिक किये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश।

# क्षेत्राधिकारी यातायात और मुंढापांडे पुलिस ने दुर्घटना संभावित रास्तों पर यातायात के प्रति जागरूक किया



**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना प्रभारी भगतपुर द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भगतपुर में लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया। तथा सभी को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक किया।

थाना मझोला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में पम्पलैट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हुए वाहन चलाने हेतु जागरूक व सभी को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने व क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा थाना मूंढापांडे पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में चिह्नित दुर्घटना संभावित रास्तों पर लोगों को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार व यातायात नियमों का पालन कर लोगों को जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वारंटीयों सहित शांति व्यवस्था भंग करने वाले बारह लोगों का किया गया चालान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न थानों ठाकुरद्वारा से 01 वारंटी, थाना बिलारी से 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया तथा शुक्रवार को जनपदीय पुलिस द्वारा बारह व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना ठाकुरद्वारा,01, थाना बिलारी, 01,थाना मुगलपुरा-01, थाना मूढापाण्डे-02 ,थाना मझोला,04 ,थाना कांठ-01, थाना छजलैट,01, थाना ठाकुरद्वारा,01, थाना भगतपुर,01, थाना बिलारी,01 आदि।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**बिलारी।** वादी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में निरीक्षक अपराध जयदेव सिंह थाना बिलारी द्वारा पुलिस बल साथ अभियुक्त गुलाम रब्बानी पुत्र जाकिर निवासी ग्राम थाँवला बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### डीआईजी ने सुनी फरियादियों की समस्या

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डीआईजी परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनिराज जी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के हवाई पट्टी मोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार मे टक्कर मार दी हादसे से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गम्भीर रूप घायल हो गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भदासना निवासी कैलाश 22 वर्ष मुरादाबाद फर्म में नौकरी करता था। देर रात उसका साला ढकिया चंदौसी गांव में शादी में शामिल होने आया था।

दोनों किसी काम से हवाई अड्डे मोड पार स्थित दुकान पर गए थे। वहाँ से वापस लौटते समय रोड पार कर रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी हादसे से कैलाश की मौके मृत्यु हो गई जबकि विवेक गंभीर घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवा दिया। मृतक कैलाश की पत्नी अंशू और छह माह का बेटा है। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने चालक सहित कार को कब्जे में ले लिया है।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने रिजर्व पुलिस लाइन का भ्रमण किया




**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस अकादमी मुरादाबाद द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के साथ प्रचलित उ0प्र0 आरक्षी भर्ती में पुलिस प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन्स का भ्रमण किया तथा फ्ळ्ळउ बैरक,कक्षाओं, मैस, आर0ओ0 प्लान्ट, निमार्णाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तथा साफ-सफाई आदि के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# वृद्ध महिला की रेलवे फाटक पर दुर्घटना होने पर हुई मौत

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**

**मूंढापांडे।** शुक्रवार दोपहर के बाद रिश्तेदारी में दफन में जा रही वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव खानपुर लक्खी की रहने वाली हसीना 40 वर्ष पत्नी नन्हें अपने घर की महिलाओं के साथ अपनी रिश्तेदारी में दफन रामपुर के गांव ढक्का जा रही थी।

चमरौआ गांव के रेलवे फाटक पर पहुंची थी। चमरौआ रेलवे फाटक पार करते समय मुरादाबाद की तरफ से ट्रेन आ रही थी। ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे मौत हो गई, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने कार्यवाही शुरू की पुलिस ने पूछताछ की तो दफन में साथ जा रही। घर की महिलाओं ने बताया कि दफन में जा रहीं थीं।

रामपुर की तरफ से आ रही ट्रेन के निकलने के बाद वह रेलवे क्रासिंग पार करने लगीं।



इस दौरान मुरादाबाद की तरफ से भी ट्रेन पास में आ गई इसी बीच में हमने उनको आवाज भी दी मगर उन्हें आवाज नहीं आई और ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई मृतक वृद्ध महिला के परिवार में पति नन्हें, लड़का अलीम, नईम व लड़की सकीना, सवीना ने मौत की खबर सुनकर परिवार वालों में कोहराम मच गया सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मैं फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन का दो दिवसीय शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**




**मुरादाबाद।** नेशनल बायोफार्मा मिशन के डायरेक्टर डॉक्टर राज के शिरुमलला आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। आज के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सार्थक सिद्ध हो रही है। बढ़ती बीमारी और संसाधनों की कमी और जनसंख्या का दबाव स्वास्थ्य पेशेवरों को लगातार नए समाधान खोजने के लिए प्रेरित कर रहा है। डॉक्टर फार्मासिस्ट ,नर्स और हेल्थ टेक्नोलॉजी एक्सपट्र्स के लिए इंडिया अब मात्र सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि नवाचार का अग्रदूत बन गया चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद मोबाइल क्लीनिक, टेलीमेडिसिन और कम लागत वाले डायग्नोस्टिक उपकरणों ने स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाया है। कोविद-19 महामारी ने भी यह सिद्ध कर दिया है। कैसे आवश्यकता के समय चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचार संभव होते हैं। वेंटीलेटर की कमी से लेटर कर टीकाकरण तक हर चुनौती के साथ एक नया समाधान जन्म लेता है। मुख्य अतिथि फामेर्सी सेक्टर में एआई ने बताया तीन हजार से ज्यादा ड्रग्स खोजी, डॉक्टर शिरुमलला ने सीमित संसाधनों में ही अविष्कार का जन्म लेते हैं। यही कारण की आज भारत जैसी विकासशील देशों में भी स्वास्थ्य क्षेत्र में स्टार्टअप, डिजिटल हेल्थ प्लेटफा-ॅर्म्स,आयुर्वेद और एलोपैथी का समन्वय तीव्र गति से बढ़ रहा है। डॉ राज के. शिरुमलला तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज और इंस्टीट-्यूशन इनोवेशन काउंसलिंग आईसीसी की ओर से फार्मास्यूटिकल्स रिसर्च एंड इनोवेशन स्ट्रेटथिंग इंडस्ट्री एकेडमी कोलैबोरेशन पर दिनी नेशनल कांफ्रेंस के शुभारंभ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

# कारोबारी के घर हुई लूट का खुलासा, दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** कारोबारी को घर में घंटों बंधक बनाने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार तीन लाख की नगदी व लाइसेंस पिस्टल बरामद हुई। मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के अंतर्गत कॉलोनी में तीन दिन पूर्व सुबह में पीतल कारोबारी को परिवार सहित बंधक बनाकर लाखों रुपए की लूट को अंजाम दिया था।

इस मामले में सीसीटीवी फुटेज व टीम गठित कर पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए लाखों रुपये की लूट को अंजाम देने वाले बदमाशों में दो को गिरफ्तार कर लिया जबकि, दो फरार हैं।

पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को पकड़ा। उनके पास से 3 लाख से ज्यादा नकदी लुटा गया



व्यापारी का पिस्टल सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के अनुसार देर रात थाना पुलिस को चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक पर आते हुए दो युवकों को रोका गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में शाकिबुल और वारिस उर्फ चुल्ली नाम के बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में आए लोगों की सुनी समस्याएं



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश । शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,ि-शकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुन-ुवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को किट बुक बांटी, समाज में आगे बढ़ने के लिए तालीम का होना जरूरी

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को जीएफ मोंटेसरी स्कूल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सहसचिव मौलाना कौसर हयात खान ने अपने हाथो से बच्चों को एजुकेशन किट वितरित की इस दौरान कौसर हयात ने बच्चों को समझातें हुए कहा कि तालीम ही एक वाहिद चीज है। जिस के जरिए जीने का सही तरीका आता है। कुरान- ए-करीम में भी तालीम पर जोर दिया गया है।

वर्तमान में अगर हमें अपना सर उठा कर चलना है। तो तालीम को लाजमी हासिल करना है। एक रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं आपके लिए गालिब ने स्कूल कायम किया है। आप लोग इस स्कूल से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठायें।



और स्कूल का और अपने शहर का नाम रोशन करें। इस स्कूल में कामयाबी हासिल करें। ये कदम उठाया है। बस की बात नहीं है। स्कूल के डायरेक्टर एसएम गालिब अली ने इस मौके पर कहा ये स्कूल आपके उन बच्चों के लिए खोला गया है। जिनके माता पिता के हालत व आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बच्चों को पढ़ाने के नहीं है। इस समय आप लोग अपने बच्चों को स्कूल में भेजें। इस प्रोग्राम में स्कूल की प्रिंसिपल फातिमा गालिब, सय्यद अबू बक्र और काफी संख्या में लोगो ने इसमें भाग लिया।

# विकास की नई पहचान बना रही श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट

## योगी सरकार के प्रयासों से धार्मिक, पर्यटन और निवेश हब बन रहा चित्रकूट

» राम आशीष गोस्वामी



■ काशी-अयोध्या के बाद चित्रकूट बना नया धर्मस्थल, 50 करोड़ की स्वीकृति

**लखनऊ।** एक समय दस्यु गिरोहों के आतंक के लिए बदनाम रहा चित्रकूट अब विकास की रोशनी से रौशन हो रहा है। भगवान श्रीराम के प्रिय इस तपोभूमि की पहचान अब केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि पर्यटन और निवेश के नए केंद्र के रूप में भी उभर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और सतत प्रयासों से चित्रकूट एक बार फिर ह्यजंगल में मंगलह्न का अहसास करा रहा है, जैसा रामायण काल में हुआ करता था।

### चित्रकूट की पौराणिक महिमा को मिल रही आधुनिक पहचान

त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण सहित चित्रकूट में सर्वाधिक समय बिताया था। तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में चित्रकूट की महिमा का विशेष उल्लेख किया हैझ्रचित्रकूट गिरि करहु निवासू...₹। आज योगी सरकार उसी चित्रकूट को तुलसीदास के शब्दों में वर्णित ह्यमहिमा अमितह्न के अनुरूप सजाने-संवारने में जुटी है।

### योगी सरकार के प्रमुख प्रयास

चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन, बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु ₹50 करोड़ की मंजूरी, राम वनगमन स्थल पर पर्यटक सुविधा केंद्र हेतु ₹12 करोड़, एयरपोर्ट के पास देवांगना में ₹17.56 करोड़, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विकास हेतु ₹20.45 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। प्रथम किश्त के रूप में 50, 70 और 75 लाख रुपये जारी भी हो चुके हैं।

### राम वनगमन मार्ग

केंद्र सरकार इसके लिए ₹11,000 करोड़ खर्च कर रही है, जो 2026 तक पूरा हो जाएगा। राम वनगमन से जुड़े अन्य स्थल जैसे श्रृंगवेरपुर का भी तेजी से विकास किया जा रहा है, जहाँ निषादराज और श्रीराम का मिलन हुआ था। यहाँ सामाजिक समरसता का प्रतीक एक विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है।

### पहले कार्यकाल से ही था योगी का विशेष फोकस

2017 से शुरू हुए प्रयासों में रामायण कॉन्क्लेव, मेले, डिजिटल रामायण गैलरी, लेजर शो और फेम टूर पैकेज जैसी पहलें शामिल हैं। दूसरे कार्यकाल में चित्रकूट को वैश्विक धार्मिक स्थल के रूप में ब्रांड किया जा रहा है।

# आरेडिका में मनाया गया वर्ल्ड हेरीटेज डे



» नेशनल एक्सप्रेस

**लालगंज/ रायबरेली:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में वर्ल्ड हेरीटेज डे पर सेन्ट्रल पार्क के पास बने रेलकोच हेरीटेज पार्क पर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन तथा चीफ प्लांट इंजीनियर आनन्द प्रकाश सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क पर रेलवे के कोचों एवं इंजनों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जो रेलवे की अनमोल विरासतों का संरक्षण कर रहा है साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली-बिछड़ी यादों से जोड़कर लोगों के मन को मोहित भी करता है।

भारत एक विविधताओं से भरा देश है क्योंकि यहाँ दुनियां की अनेक सभ्यताओं संस्कृतियों, वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं को पलने और पनपने का अवसर मिला। यह देश अपनी पौराणिक मान्यताओं, मंदिरों, त्योहारों, ऐतिहासिक भवनों, किलों, स्मारकों, नृत्यकलाओं, युद्ध-विधाओं, स्थानीय कलाओं, त्यौहारों, मेलों वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं आदि के लिए जाना जाता है।

भारत की इन गौरवशाली धरोहरों से देश दुनिया के जन मानस को परिचित कराने एवं इनके संरक्षण के उद्देश्य से यूनेस्को के सहयोग से हर साल 18 अप्रैल के दिन को ह्यह्यविश्व विरासत दिवसह्यह्य के रूप में मनाया जाता है ताकि लोगों को अपने पूर्वजों द्वारा छोड़ी गयी अनमोल धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

आदित्य प्रकाश, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता एवं सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों विश्वेश्वर प्रसाद, विवेकानंद, दीपक, अरविंद ओझा, धर्मेंद्र, गिरीश, भारतेंदु, प्रियंका, श्रेया, द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कॉलोनी के बच्चों ने हेरिटेज प्रदर्शनी का भरपूर आनंद उठाया तथा लगाए गए पोस्टर प्रदर्शनी से अपनी विरासत से परिचित हुए। इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण,कर्मचारी प्रतिनिधिगण,कर्मचारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घटतौली पर कसेगा शिकंजा, 1135 मशीनों की होगी री-स्टैंपिंग

» नेशनल एक्सप्रेस

**रायबरेली।** जिले में कोटे की दुकानों पर राशन की घटतौली को रोकने के लिए 1135 वेइंग मशीनों की री-स्टैंपिंग का काम शुरू कराया गया है। बुधवार को सदर तहसील के पुराने भवन में हरचंदपुर और सतांव ब्लॉक की वेइंग मशीनों को लाकर जांच की गई। जिला पूर्ति अधिकारी विमल कुमार शुक्ला ने सभी आपूर्ति निरीक्षकों को तय तारीखों को अपने-अपने तहसीलों में भेजवाकर वेइंग मशीनों की री-स्टैंपिंग करवाने के आदेश दिए हैं।

जिले में कोटे की सभी दुकानों को वेइंग मशीन दी गई हैं। कार्डधारकों को तौलकर राशन दिया जाता है। शासन की मंशा पर मशीनों की री-स्टैंपिंग का काम शुरू कराया गया है। पहले दिन सतांव और हरचंदपुर की मशीनों को सदर तहसील के पुराने भवन में लाकर जांच कराई गई।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि 17 अप्रैल को राही और अमावां की मशीनों की जांच होगी। 19 अप्रैल को महराजगंज, 21 अप्रैल को सलोन, 22 अप्रैल को ऊंचाहार, 23 अप्रैल को डलमऊ, 24 अप्रैल को लालगंज की वेइंग मशीनों की री-स्टैंपिंग होगी। 25 अप्रैल को शहर की मशीनों की जांच होगी। उन्होंने सभी आपूर्ति निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र की कोटे की दुकानों पर उपलब्ध वेइंग मशीनों की जांच कराने के आदेश दिए हैं।

### लोक जनशक्ति पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी घोषितः आरपी सिंह बने मीडिया प्रभारी



» नेशनल एक्सप्रेस

**लखनऊ।** लोक जनशक्ति पार्टी (प्रबुद्ध प्रकोष्ठ), उत्तर प्रदेश ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज प्रदेश और जिला स्तर के कई पदाधिकारियों की घोषणा की। यह घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के अनुमोदन के पश्चात लखनऊ के वीआईपी रोड, आलमबाग स्थित एक भव्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी ने की।

#### घोषित प्रदेश पदाधिकारी इस प्रकार हैं

देवेंद्र कुमार अवस्थी- प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष / प्रवक्ता, संजीव तिवारीझ्रउपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार सिंह-प्रदेश प्रधान महासचिव, योगेश सिंह-प्रदेश महासचिव, विपिन कुमार दीक्षित-महासचिव (संगठन), सचिन दीक्षित- प्रदेश सचिव, मिही लाल पासी-प्रदेश संगठन सचिव, आदित्य त्रिवेदी-महानगर अध्यक्ष, आरपी सिंह-प्रदेश मीडिया प्रभारी, उमेश तिवारी एवं राजकुमार वर्मा- प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, दीपक गुप्ता- कार्यालय प्रभारी।

#### नवमनोनीत जिला अध्यक्ष

राम नगीना सिंह-रायबरेली, विनय सिंह- अमेठी, जितेंद्र शर्मा- सुल्तानपुर, विशाल तिवारी- अयोध्या, आदर्श अवस्थी- बाराबंकी, संजीत यादवझ्र लखनऊ, नरेंद्र कुमार लोधी- उन्नाव।

कार्यक्रम में निदेशक सर्वेश चंद मुख्य अतिथि और वरिष्ठ नेता हाजी अबरार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन की विचारधारा और भविष्य की रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

# ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने की जांच शुरू

» नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेलीः बछरावा कस्बा में बांदा-बहराइच मार्ग पर 2014-15 में सेतु निगम की ओर से ढाई करोड़ से ओवरब्रिज का निर्माण किया गया था। 2021-22 में सेतु निगम ने ब्रिज को लोक निर्माण विभाग को हैंडओवर कर दिया। ओवरब्रिज में खामियां देख पीडब्ल्यूडी ने 2023 में 80 लाख रुपये से मरम्मत कराने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

फरवरी 2025 शासन ने प्रस्ताव को हरी झंडी दी और मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे। एक अप्रैल से मरम्मत चल रही है। मंगलवार को ब्रिज से मलबा गिरने से राहगीरों में दहशत फैल गई। इसकी जांच शुरू हो गई है। 15 अप्रैल रात आठ बजे कस्बे के लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग से 50 मीटर दूर ओवरब्रिज का एक हिस्सा अचानक गिर गया।

बीच रोड पर मलबा गिरने से एक घंटे आवागमन बाधित रहा। कस्बे में ओवरब्रिज से मलबा गिरने की खबर से लोगों में खलबली मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना दी। जेई और एक्सईएन ने ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त हिस्से में बैरिकेडिंग कराई और सेतु निगम के अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। लोक निर्माण विभाग की जेई अलका सिंह ने बताया कि 80 लाख रुपये से मरम्मत की जा रही है। इसी दौरान उसका कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया है। जांच कराई जा रही है। लोक निर्माण विभाग एक्सईएन महिपाल सिंह ने बताया कि रूट डाइवर्जन कर दिया गया है।

### ग्रामीण में रोष

कस्बे के मनोज, विनोद, रमेश, भाईलाल का कहना है कि ब्रिज के निर्माण खूब मनमानी की गई है। बनाने के दौरान कई बार गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसी का परिणाम है कि 10 वर्ष भी ब्रिज नहीं चला। मरम्मत में लापरवाही की गई तो ग्रामीण धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

# मिजार्पुर में कृषि मंत्री ने खेतों में पहुंच किसानों से किया सीधा संवाद

## मंत्री ने नव चेतना एफपीओ का किया निरीक्षण, मृदा प्रशिक्षण केंद्र व प्रयोगशाला का किया उद्घाटन






» नेशनल एक्सप्रेस

**लखनऊ/मिजार्पुर।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को मिजार्पुर जनपद के शिखड़ ब्लॉक स्थित रामगढ़ कला गांव में किसानों से मुलाकात की और फसलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मक्का, पपीता, मूंगफली, पत्तागोभी, केला, लोबिया, रामदाना आदि फसलों का निरीक्षण किया।

जिले में जायद सत्र के अंतर्गत मक्का उत्पादन के लिए 288 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष 517 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का का आच्छादन हुआ है। यह लक्ष्य से कहीं अधिक है, जो किसानों की सक्रिय भागीदारी और कृषि विभाग की योजनाओं के प्रभाव का प्रमाण है। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत, विकासखंड और जनपद स्तर पर जागरूकता गोष्ठियों और मेलों का आयोजन किया गया। साथ ही किसानों को अन्य जनपदों में भ्रमण व प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। कृषि मंत्री ने बताया कि जायद सत्र में 180 एकड़ क्षेत्र में संकर मक्का का क्लस्टर प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा सामान्य बीज वितरण योजना के अंतर्गत 42 कुंतल संकर मक्का बीज वितरित किए गए हैं। प्रदर्शन बीजों पर 2400 रुपए प्रति एकड़ का अनुदान, जबकि सामान्य बीजों पर 150 रुपए प्रति किलो या बीज मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक क्षेत्रों में भ्रमण कर किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभ दिलाएं। इस अवसर पर मंत्री ने नव चेतना एफपीओ का भी निरीक्षण किया और वहां मृदा प्रशिक्षण केंद्र व प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। साथ ही चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल, कृषि विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे।

# विश्व धरोहर दिवस पर पर्यटन विभाग और नेशनल पीजी कालेज ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

## विश्व धरोहर दिवस पर पर्यटन विभाग और नेशनल पीजी कालेज ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

» नेशनल एक्सप्रेस




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और नेशनल पीजी कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कालेज ह्ययूपी हेरिटेज क्विजह्न का आयोजन हुआ। संगीत नाटक अकादमी में आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय, आईटी कॉलेज सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हेरिटेज क्विज में टीम सेरेब्रल के विशेष यादव और शशांक कुमार सिंह ने पहला पुरस्कार हासिल किया। टीम ब्लैक साबत के हर्षित उपाध्याय और मृत्युंजय विक्रम सिंह को दूसरा स्थान मिला, जबकि टीम दास्तानगोई इनसाइडर के देवेश पाण्डेय और इंद्र भास्कर मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। पहले, दूसरे और तीसरे पुरस्कार क्रमशः 10 हजार, 5 हजार और 3 हजार की नकद राशि के साथ प्रदान किए गए।

इस मौके पर रील मेकिंग में पहला पुरस्कार दिपांशु यादव, दूसरा पुरस्कार मानस गुप्ता और तीसरा पुरस्कार उत्कर्ष भटनागर को मिला। वहीं फोटोग्राफी में पहला पुरस्कार नमन कुशवाहा, दूसरा पुरस्कार दमनदीप सिंह और तीसरा पुरस्कार प्रणव श्रीवास्तव को मिला। मेंहदी में पहला पुरस्कार मेहविश कुरैशी, दूसरा अदिति और तीसरा पुरस्कार अभिषेक नायर को मिला। सोलो सिंगिंग में पहला पुरस्कार यशस्वी श्रीवास्तव, दूसरा योगेंद्र तिवारी और तीसरा पुरस्कार शुभंकर विश्वास को मिला। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ बुशरा तुफैल ने किया।

# खनन अधिकारी को धमकाया, गाड़ी कोतवाली ले जाने से रोका

» नेशनल एक्सप्रेस

**रायबरेली।** लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ओवरलोड ट्रेलर को रोकने पर खनन अधिकारी को न सिर्फ धमकाया गया, बल्कि वाहन को थाना ले जाने से रोक दिया गया। सूचना पर पुलिस आई तो आरोपी भाग गए। खनन अधिकारी की तहरीर पर ट्रेलर मालिक समेत नौ लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

खनन अधिकारी उमाकांत के मुताबिक रायबरेली-टांडा हाईवे पर ऐहार स्थित टोल टैक्स के पास दोपहर में चेकिंग लगाए हुए थे। मौरंग लदे ओवरलोड ट्रेलर को रोककर चालान करने की बात कही गई। इस दौरान एक ट्रोल कर्मी ने वाहन स्वामी को प्रकरण की सूचना दी। कुछ देर बाद वाहन स्वामी अपने साथियों के साथ पहुंचकर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।

वाहन को थाना ले जाने से रोक दिया। सूचना पर पुलिस आई तो हमलावर फरार हो गए। खनन अधिकारी के मुताबिक पुलिस के पहुंचने पर वाहन को सीज करके लालगंज कोतवाली में खड़ा कराया गया। लालगंज थाना प्रभारी ने बताया कि खनन अधिकारी की तहरीर पर वाहन स्वामी जितेंद्र, वाहन चालक नाम पता अज्ञात, मोहित सिंह व पांच-छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# कांग्रेस बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

» नेशनल एक्सप्रेस




**रायबरेली :** कांग्रेस बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित सूर्या होटल में सदर विधानसभा प्रत्याशी डा. मनीष सिंह चौहान के आयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अमेठी के.एल. शर्मा ने कांग्रेस कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सम्मानित करके मैं स्वयं को गौरांवित महसूस कर रहा हूं। चुनाव में असली लड़ाई तो बूथ पर होती है, जहां कांग्रेस का सिपाही विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर अपने बूथ को जिताता है, रायबरेली और अमेठी पूरे देश में कांग्रेस का मॉडल संगठन है, दूसरे राज्यों के कांग्रेसी भी यहां के संगठन की प्रसंशा करते है । सांसद ने कहा कि लोकतंत्र को बचाये रखने में कांग्रेस कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है इसके लिए वोटर लिस्ट पर कार्यकताओं को नजर रखनी होगी, जो फर्जी तथाकथित वोट बढ़ाये जा रहे है उनको चिन्हित कर आपत्ति दर्ज करानी चाहिए, हम सबके नेता राहुल गांधी देश में लोकतंत्र बचाने की बड़ी लड़ाई लड़ रहे है, हम सबका यह कर्तब्य बनता है कि उनकी इस लड़ाई में उनके हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के प्रति आपकी निष्ठा जग जाहिर है, कांग्रेस की रीति-नीति पर आस्था रखने वालों को आगे लाकर संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस का सबसे नीचे स्तर काकार्यकर्ता भी हमारे लिए उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना संगठन के दूसरे पदाधिकारी है, कांग्रेस की असली ताकत उसके निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता है, जो अपने बूथों पर निडरता से खड़े रहकर अपने नेता को बड़ी जीत दिलाते है। शहर अध्यक्ष श्री धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस का यही बूथ स्तर का कार्यकर्ता है जो चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त करा देता है, कांग्रेस का कार्यकर्ता जाति-धर्म से ऊपर उठकर जन सेवा को प्राथमिकता देता है। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस सदर विधानसभा प्रत्याशी डा.मनीष सिंह चौहान ने उपस्थित सभी कार्यकताओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री के.एल. शर्मा जी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेद कर सम्मानित किया। कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलनश्‍ की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सदर, अमावां और राही ब्लाक के सभी बूथ कार्यकताओं को माननीय सांसद जी ने अंगवस्त्र और फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को विजयशंकर अग्निहोत्री, मोहित मौर्या, नौशाद हुसैन खतीब ने सम्बोधित किया, इस अवसर पर मुख्यरुप से नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, ओ. पी. श्रीवास्तव, सदर समन्वयक रोहित सिंह, हाजी मो. इलियास, मो. अशरफ खान, कामता नाथ सिंह, सहित जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, वार्ड अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात चोर ने घर में घुसकर की लाखों के आभूषण व नगदी की चोरी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद । थाना क्षेत्र के हाईवे के निकट मोहल्ला रामनिवास कॉलोनी में एक चोर ने घर में घुसकर लाखों के आभूषण व नगदी चोरी कर ले गया । घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नीतू पत्नी देवेंद्र यादव मूलनिवासी लोहरई थाना नगला खंगर हाल निवासी रामनिवास कॉलोनी अपने पूरे परिवार के साथ रहती है । महिला का पति गुरुवार की शाम अपना ट्रक लेकर बाहर चला गया था । गुरुवार - शुक्रवार की मध्य रात करीब 2 बजे एक चोर चोरी के इरादे से आया। चोर ने सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए एक बांस की सहायता से घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को ऊपर कर दिया। उसके बाद चोर ने अपनी चप्पल को गेट पर उतार कर लोहे का गेट खोलकर घर में घुस गया। उस समय महिला तथा बच्चे गहरी नींद में सो रहे थे। चोर ने घर में घुसते ही दूसरे कमरे में रखी अलमारी व बक्से के ताले तोड़कर करीब 5 तोले के आभूषण, 30 हजार के करीब नगदी लेकर फरार हो गया। जब नीतू सुबह नींद से जागी तो कमरे में सामान बिखरा देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। साथ ही सीसीटीवी में आए फुटेज को लेकर चोर की तलाश शुरू कर दी है ।

### पशुओं के कंकाल भरे ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़ा, जांच जारी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। शुक्रवार को जयपुर से उन्नाव जा रहे एक ट्रक को ग्रामीणों ने पचोखरा क्षेत्र में पकड़ लिया। ट्रक में पशुओं के कंकाल भरे हुए थे। मौके पर पहुंची पचोखरा पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव आनंदपुर में सुबह 10 बजे एक ट्रक निकलकर जा रहा था। तभी ट्रक में से पशु का कंकाल जमीन पर गिर गया। कंकाल देख ग्रामीणों ने ट्रक को रुकवा लिया। ट्रक चालक से पूछताछ की तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की जानकारी दे दी। पूछताछ में ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि वह जानवरों की हड्डियों को जयपुर से उन्नाव नीलामी के लिए लेकर जा रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि टोल बचाने के लिए वह आनंदपुर जारखी होते हुए फिरोजाबाद की ओर जा रहा था। तभी ग्रामीणों ने उन्हें रोक लिया। थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा ने बताया कि ट्रक में जानवरों की हड्डियां भरी हुई थीं। 49 ग्राम पंचायतों से एकत्रित की गईं हड्डियों को नीलामी के लिए लेकर जाया जा रहा था। उनके पास से ग्राम विकास अधिकारी की मुहर लगा कागज भी बरामद हुआ है। पूरे मामले की अभी जांच चल रही है।

### जनपद पुलिस ने 27 शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जनपद फिरोजाबाद में जनशिकायतों के निस्तारण के क्रम में पुलिस ने शिकायतकताओं के मौके पर जा कर 27 शिकायतों का निस्तारण कराया। जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान



के क्रम में समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से 27 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जनपद फिरोजाबाद में प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण कर रहे है।पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत का समाधान करके संतुष्ट कर रही है।

# टेंट गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान खाक

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना । शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे मोहल्ला शीशपुरी में स्थित एक टेंट गोदाम में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। शिकोहाबाद और जसराना की फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणो की मदद से आग पर काबू पाया तब तक सारा सामन जलकर राख हो गया। मोहल्ला शुशपुरी निबासी राजेश की सब्जी मंडी पर टेंट की दुकान है और मोहल्ला शीशपूरी मे उसकी गोदाम है, शुक्रवार को सुवह शाट सर्किट से गोदाम मे आग लग गईं, आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शेर सिंह पुलिस बल और दमकल की गाड़िया के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि गोदाम में टेंट, कुर्सियां, साउंड सिस्टम और अन्य शादी समारोह में उपयोग होने वाला कीमती सामान भरा हुआ था, जो पूरी तरह जलकर राख हो गया। अनुमान है कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं होगा। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

### चोरी के आरोप में वांछित चोरी के आभूषण सहित गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। सिरसागंज पुलिस ने चैकिंग के दौरान चोरी के अभियोग में वांछित प्रेम उर्फ मलिंगा को चोरी के आभूषण व 2015 रुपए सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में सिरसागंज पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित प्रेम उर्फ मलिंगा पुत्र कमलेश उर्फ भोले निवासी खेरिया पटीकरा थाना जसराना को पैगू चौराहा से चोरी के आभूषणों व 2015 रुपये सहित गिरफ्तार किया। चोर के कब्जे से एक जोडी पायल, एक जोडी अंगुठी, तीन जोडी बिछवे एयर 2015 रुपए बरामद हुए है। आरोपी पर आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

## महाराष्ट्र के पांच दिवसीय एक्सप्लोजर विजिट को चुना कंथरी ग्राम पंचायत का नाम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद के विकासखंड अरांव की कंथरी ग्राम पंचायत के प्रधान इंजी. प्रदीप कुमार महाराष्ट्र के पाँच दिवसीय एक्सप्लोजर विजिट 19 अप्रेल से 23 अप्रेल 2025 तक वहीं रुककर करेंगे अध्यन । जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम ने जिला फिरोजाबाद के अरांव विकास खंड के कन्थरी ग्राम प्रधान का नाम भेजा था निदेशालय,पूर्व में भी ग्राम पंचायत कन्थरी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए चुना जा चौका है । महाराष्ट्र के पुणे में पाँच दिवसीय ग्राम पंचायतों के भ्रमण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कुछ चुनंदा ग्राम प्रधानों को एक्सप्लोजर विजिट के लिए सरकारी खर्चे पर लखनऊ



निदेशालय से चुनकर भेजा है जिससे कि महाराष्ट्र की ग्राम पंचायतों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को देखकर आयेंगे उत्तर प्रदेश के प्रधान , महाराष्ट्र की मॉडल ग्राम पंचायतों का भ्रमण करने के बाद उत्तर प्रदेश की पंचायतों को भी और अधिक उत्कृष्ट बनाने का कार्य करें ऐसी मंशा है उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानों से की है । बता दें कि महाराष्ट्र राज्य को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार अंतर्गत कई राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, उनके द्वारा वाटर बजटिंग, ग्राम पंचायत विकास योजना, ठोस एवं अपशिष्ट तरल पदार्थ प्रबंधन, ओएसआर आदि के साथ ग्राम पंचायत में डॉक्यूमेंटेशन का अच्छा कार्य किया जा रहा है जिनका उत्तर प्रदेश के प्रधान विजिट करेंगे तथा प्रशिक्षण लेंगे जिससे उत्तर प्रदेश में भी ग्राम पंचायतो को मॉडल बनाया जा सके ।

### चलती कार में अचानक लगी आग, मचा हड़कंप



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

सिरसागंज। थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे सोथरा चौराहे बाईपास पुल के ऊपर एक कार में अचानक आग लग गई । सूचना पर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने पहुंचकर बुझाई । शुक्रवार दोपहर नेशनल हाईवे सोथरा चौराहा बाईपास पुल के ऊपर एक कार आगरा की ओर से इटावा की तरफ जा रही थी , तभी अज्ञात कारणों के चलते कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार धू धू कर जलने लगी। तभी सूचना पर इलाका पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक कार पूर्ण रूप से जलकर खाक हो गई। कार सवारो ने कूद कर अपनी जान बचाई है।

## भगवान बुद्ध जयंती शोभायात्रा की कमेटी का हुआ गठन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । शुक्रवार को भगवान भगवान बुद्ध जयंती महोत्सव समिति 2025 की कार्यकारिणी के गठन के लिए रत्नपुंज बुद्ध बिहार, जगदंबा नगर फिरोजाबाद में मुरारी लाल पूर्व सभासद की अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिसमें बुद्ध जयंती शोभायात्रा अध्यक्ष सुमन गौतम द्वारा बताया गया कि शोभायात्रा समिति का गठन सर्वसम्मति से करते हुए लता सिंह तथा रेखा बौद्ध को उपाध्यक्ष , चित्रा जौहरी महासचिव , पूर्णिमा सिंह कोषाध्यक्ष, मंजू भारती लेखा निरीक्षक ,वर्षा निगम सचिव , ममता सिंह मीडिया प्रभारी ,संघमित्रा कार्यालय अधीक्षक ,नीतू बौद्ध तथा राखी सागर झांकी निरीक्षक , ललिता सिंह, सरोज बौद्ध ,सोनिया सिंह, लक्ष्मी शाक्य, स्वीटी सिंह , अमिता यादव आदि को प्रचार मंत्री तथा मुरारी लाल सभासद राकेश कुमार , धर्वेंद्र बौद्ध , यशवीर सिंह, किशन स्वरूप ,राहुल निगम ,अशोक मानवीय, भुवनेश चंद्रा ,बॉबी लाला एड , चंचल ,राष्ट्र प्रकाश धनगर आदि को सह संयोजक चुना गया ।

## साइबर ठगी के शिकार पीड़ित के वापिस कराए रुपये

**1577493 रुपए की हुई थी ठगी**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**





फिरोजाबाद। थाना साइबर अपराध पुलिस ने साइबर ठगी में सुभाष चंद्र के 15,77,493 रुपए की 15 लाख 77 हजार चार सौन त्रिरानवै रुपए की पूर्ण धनराशि को वापिस कराया। सुभाष चन्द्र शर्मा निवासी विभव नगर थाना उत्तर जनपद ने थाना साइबर अपराध पर शिकायती पत्र दिया गया था कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा मेरे खाते से धनराशि काट ली है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में प्रभारी थाना साइबर क्राइम को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। थाना साइबर अपराध पर अभियोग पंजीकृत किया। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैकों व नोडल अधिकारियों को पत्राचार किया गया। जिसके क्रम में सुभाष चंद्र की पुरी धनराशि 15,77,493 रुपये सकुशल वापस कराए गए। सुभाष चंद्र ने जनपद पुलिस का धन्यवाद प्रकट किया।

### गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। दक्षिण पुलिस ने चैकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वादी राजेश निवासी ब्राहम्मण चौराहा सुहागनगर थाना दक्षिण के भाई मृतक मनीष कुमार को मजदूरी के पैसे माँगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने तथा मानसिक रूप से प्रताडित करना बताया गया था। जिससे वादी के भाई मनीष कुमार ने अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा लेने के उपरान्त इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में थाना दक्षिण पुलिस ने वांछित नरेन्द्र यादव उर्फ चौधरी पुत्र श्यामवीर निवासी आलमपुर जारखी थाना लाईनपार जनपद फिरोजाबाद को नगला भाऊ चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद जेल भेजा जा रहा है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । शुक्रवार को जनपद के श्री कृष्णा कॉलोनी रसीदपुर कनेटा में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव का पार्टी के कार्यकताओं ने चांदी का मुकुट पहनाकर तथा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया । इस दौरान जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ने जमकर भाजपा पर प्रहार किया उन्होंने कहा कि नफरत फैला का लोगों को भ्रमित कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है लोग कांग्रेस पार्टी की लगातार सदस्यता ले रहे हैं तथा पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस ने हमेशा देश और



देशवासियों के लिए त्याग और बलिदान दिए हैं तथा आज भी पार्टी जनता के लिए समर्पित एवं संकल्पित है । उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की शोषण और उत्पीड़न कारी नीतियों से परेशान होकर कांग्रेस की तरफ आशाभारी दृष्टि से देख रही है कि कांग्रेस ही हमारा और हमारे बच्चों का भविष्य बना सकती है ' इस दौरान अवनीश यादव , अजय यादव , हाकिम सिंह यादव , रामवीर सिंह यादव पूर्व प्रधान , संदीप कुमार यादव , जितेंद्र तिवारी , दाताराम यादव सरपंच , शेरसिंह यादव , शैलेन्द्र शुक्ला सरपंच , बबलू यादव आदि के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## अखबार से शुरू होकर घोटाले पर खत्म हुआ नेशनल हेराल्ड - राजू यादव

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन/मथुरा। नेशनल हेराल्ड के दोषी राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा मथुरा महानगर द्वारा होलीगेट तिलक द्वार पर राहुल गांधी का सैकड़ों कार्यकताओं ने पुतला फूंका और तख्ती लेकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव युवाओं का उत्साह बढ़ाने कार्यक्रम स्थल पहुचे और बताया की पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा 1937 में शुरू किए नेशनल हेराल्ड पर 2008 तक 90 करोड़ कर्ज हो गया। इसी क्रम में अगली पीढ़ी सोनिया गांधी-राहुल गांधी ने इसी कर्जे. को उतारने के लिये 2010 में यंग इंडिया लिमिटेड कंपनी



बनायी और दोनों ने 76 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी और उसी में घोटाला कर 90 करोड़ की वसूली मात्र 50 लाख में भुगतान कर चुका दी। भाजपा सरकार आते ही मामले की जांच शुरू हुई और इन्हें आरोपित घोषित किया गया। पुतला दहन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष यज्ञ दत्त कौशिक द्वारा किया गया। कौशिक ने कहा की इसमें सोनिया गांधी,राहुल गांधी,सैम पित्रोदा आदि जो भी दोषित हैं सभी को सजा मिलेगी और कोर्ट इंसाफ करेगा। जिला महामंत्री यतेंद्र फौजदार ने कहाँ की सैकड़ो युवा आज घोटाले बाजों के खिलाफ हर नगर में सड़को पर हैं अब दोषियों का बचना मुश्किल हैं। पुतला दहन में हरिओम शर्मा,अंकुर अग्रवाल,कुंज बिहारी चतुर्वेदी,रामकिशन पाठक,धीरज शर्मा,श्याम शर्मा,मनोज ठाकुर सोनोठ,नितिन चतुर्वेदी,रविंद्र गुर्जर,पुष्पेंद्र सिकरवार,अभय रावत,जयंत पाल,यश गौतम,प्रशांत चतुर्वेदी,निखिल गर्ग,प्रणय पाराशर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भव्य धार्मिक आयोजनों के साथ मनायी गयी मलूक दास जी की जयन्ती

**कार्ष्णि गुरू शरणानन्द महाराज एवं योग गुरू बाबा रामदेव ने की सहभागिता**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन। स्थानीय वंशीवट स्थित श्री मलूकपीठ बिहारी सेवा संस्थान में चल रहे श्रीमद् जगद्गुरू द्वाराचार्य श्री मलूकदास देवाचार्य जी महाराज के 451वें जयन्ती महोत्सव के सप्तम दिवस मलूक दास जी की जयन्ती भव्य धार्मिक आयोजनों के साथ मनायी गयी।कथा के समापन के उपरान्त श्री मलूक दास जी महाराज की जन्मतिथि पर्व पर मलूक पीठाधीश्वर डॉ राजेन्द्र दास महाराज के साथ-साथ



आयोजन में सम्मिलित होने पहुंचे योग गुरू बाबा रामदेव एवं कार्ष्णि पीठाधीश्वर गुरू शरणानन्द जी महाराज सहित अनेकों संत-महंतों द्वारा श्रीमद्जगद्गुरू मलूक दास जी महाराज की समाधि का पूजन एवं बधाई गायन भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को सम्बोधित करते योग गुरू बाबा रामदेव ने सनातन के गौरव को नष्ट करने के षड़यन्त्रों का पुरजोर विरोध करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एक आर्थिक, राजनैतिक ,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आतंकवाद के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन विरोधी, बहुत तरह के षड़यंत्र कर रहे है। हमें ऐसा प्रयास करना होगा कि चारो तरफ हमारी शक्ति, आचरण, सामर्थ और संगठन से सनातनी विरोधी दुर्योधन को परास्त किया जा सके। उन्होंने कहा समस्त विश्व को भारत से ही दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी से हमारे राष्ट्रधर्म एवं सनातन धर्म का पालन करने का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम में सहभागिता करने आए गुरु शरणानन्द महाराज ने कहा कि बिना गुरु के भगवत कृपा पाना भव सागर को पार करने के समान है। इसलिए हर मनुष्य को गुरु दीक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए और गुरुओं के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। क्योंकि गुरु ही भगवत कृपा पाने का एक सरल मार्ग है। महोत्सव में गोरे लाल पीठाधीश्वर महाराज, संत लाडली शरण महाराज, संत रसिक माधव दास जी महाराज, गोपेश बाबा, अनुराग दास महाराज, धनंजय दास आदि सहित ब्रज के अतिरिक्त देश के अन्य हिस्सों से आये प्रमुख संत एवं हजारों भक्तगण भी उपस्थित रहे।

## राजेश किशोर गोस्वामी बने अध्यक्ष ब्रज प्रदेश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक ठाकुर श्री मदन मोहन की प्राकट्य स्थली अद्वैत वट मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा की संस्तुति से श्री मदन मोहन मंदिर के सेवायत एवं प्रख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी को अध्यक्ष ब्रज प्रदेश का दायित्व सोपा गया। जिलाध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष ब्रज प्रदेश सभी विप्रो को जोड़कर उनके साथ मिलकर संगठन को आगे बढ़ाएंगे ऐसा हमारा विश्वास है बहुत जल्द राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक वृंदावन में आयोजित की जाएगी जिसेमें ब्राह्मणों की दिशा और दशा पर चिंतन होगा। नव नियुक्त अध्यक्ष ब्रज प्रदेश राजेश किशोर गोस्वामी ने कहा कि जो दायित्व मुझे सोपा गया है मैं पूर्ण विश्वास के साथ इस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा तथा बहुत जल्द आसपास के जनपदों का



भ्रमण करके ब्राह्मणों की स्थिति को जानकर उनका जीवन स्तर उठाने के लिए काम करूंगा। महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा एवं जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनुराधा शर्मा ने कहा कि महासभा पिछले काफी समय से उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार से विप्र कल्याण बोर्ड बनाने की मांग कर रही है। हमारी मांग शत प्रतिशत जायज है इसे हम बनवा कर ही रहेंगे। इस संबंध में बहुत जल्द एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से वार्ता करेगा। अन्य सक्रिय सदस्यों को नवीन पदभार ग्रहण कराया गया।

बैठक की अध्यक्षता संरक्षक कृष्ण कुमार शर्मा ने की। उपाध्यक्ष आचार्य दीपक गोस्वामी ने आगंतुक सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। बैठक में मार्गदर्शक गोपीनाथ शर्मा, नगर अध्यक्ष करुण गोस्वामी,प्रवीण शर्मा, सतीश त्रिपाठी गोपी किशोर गोस्वामी, गौरव पुरोहित, डॉ प्रमोद कुमार शर्मा, मनोज कृष्ण शास्त्री, पंकज गोस्वामी प्रदीप गोस्वामी,गिरधर शर्मा, बृजराज सारस्वत भावेश दुबे,तरुण दास, ऋषभदेव आदि विप्र उपस्थित रहे।

### चित्तौड़गढ़ पुलिस पुलिस पड़ी पीछे तो गाड़ी छोड़ भागे तस्कर

# 11 कट्टों में भरा 221.670 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा सहित थार जीप जप्त

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**






जयपुर(राजस्थान)।चित्तौड़गढ़ डीएसटी व बेगू थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 221.670 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित थार जीप को जब्त किया है।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय और जोधपुर रेंज के आईजी,विकास कुमार आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है।इसी क्रम में जिला डीएसटी टीम व थाना बेगू द्वारा संयुक्त नाकाबन्दी सादलपुर में की है।

नाकाबन्दी के दौरान काटून्दा की तरफ से एक ब्लैक रंग की थार जीप सादलपुर की तरफ आयी।पुलिस के द्वारा रूकने का ईशारा किया गया तो थार जीप चालक गाड़ी भगाकर ले गया।पुलिस टीम ने पीछा कर स्टॉप स्टिक से थार जीप का टायर पंचर कर रोका।गाड़ी मे सवार दो व्यक्ति थार जीप की लाईट बन्द कर अन्धेरे का फायदा उठाकर गाड़ी छोड़ कर भाग गये। पुलिस ने खेतो व आस पास जंगल मे उनकी काफी तलाश की गई मगर अंधेरा व सुनसान जगह होने से कोई पता नही चला। थार की तलाशी में 11कट्टों में भरा हुआ कुल 221.670 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला।थार जीप व अवैध अफीम डोडाचूरा को जब्त कर लिया है।इस कार्रवाई मे बेगूं थाने से एसएचओ शिवलाल,कांस्टेबल कमलेश,अरुण, मनोहर,जगदीप व हरमेन्द्र सिह एवं डीएसटी से प्रभारी एसआई मुन्शी मोहम्मद, हैड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिह,कांस्टेबल सुरेन्द्र पाल,अशोक,विक्रम,रणजीत व विजय शामिल थे।उल्लेखनीय है कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ जोधपुर रेंज के आईजी,विकास कुमार ने विशेष अभियान चला रखी है,जिसके दौरान जोधपुर रेंज के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर ऐसे कारोबारियों की धर पकड़ निरंतर जारी है।नशे के अवैध कारोबारियों में जोधपुर रेंज के आईजी की इस मुहिम से खलबली मची हुई है।वही जोधपुर रेंज के आईजी,विकास कुमार ने युवाओं से नशे का परित्याग करने की अपील करते हुए ऐसे तत्वों के खिलाफ चलाई गई मुहिम में पुलिस को सहयोग करने की बात कही है।जिससे जड़ मूल से इसका सफाया किया जा सके।

# एईएस प्रभावित 18 जिलों के 350 स्वास्थ्य संस्थानों को मिलेंगे एईएस किट :मंगल पांडेय,मंत्री

### 13 तरह चिकित्सीय उपकरण रहेंगे एईएस किट में शामिल

### मुजफ्फरपुर को प्रति स्वास्थ्य संस्थान मिलेंगे 5 एईएस किट

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एईएस की प्रभावी रोकथाम एवं उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर एवं पहले से ही अलर्ट है।इसे लेकर कई स्तरों पर जागरूकता गतिविधि के साथ प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।इसी कड़ी में एईएस की रोकथाम एवं शीघ्र उपचार की व्यवस्था को अत्याधिक प्रभावी बनाने के लिए एईएस से प्रभावित राज्य के 18 जिलों के 350 स्वास्थ्य संस्थानों में एईएस किट उपलब्ध कराए जाएंगें। 350 स्वास्थ्य संस्थानों में प्रति स्वास्थ्य संस्थान 2 एईएस किट उपलब्ध कराए जाएंगें।जबकि मुजफ्फरपुर के 19 स्वास्थ्य संस्थानों में प्रति स्वास्थ्य संस्थान 5 एईएस किट उपलब्ध कराए जाएंगे।इस तरह राज्य में कुल 1000 एईएस किट संबंधित जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों को उपलब्ध कराए जाएगें।इसके अलावा एईएस से विशेष प्रभावित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आपातकालीन जरूरतों के लिए 100 अतिरिक्त एईएस किट दिए जाएंगे।इससे एईएस की शीघ्र रोकथाम और उपचार को बल मिलेगा।श्री पांडेय ने कहा कि एईएस किट में डिजिटल बीपी मशीन,ग्लूक- ोमीटर,अम्बु बैग,म्यूकस सकर सहित 13 चिकित्सकीय सामग्रियां होगी।ऑक्सीजन की उपलब्धता सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकीय उपचार हेतु स्थानीय स्तर पर पहले से उपलब्ध है।आपको बता दे कि जिन जिलों में एईएस किट भेजे जाएंगे।बताते चलें कि उनमें अरवल,औरंगाबाद,पूर्वी चंपारण,प- श्चिमी चंपारण,दर- भंगा,गया,गोपालगंज, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नालन्दा, नवादा, पटना, समस्तीपुर, सारण, सिवान, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली शामिल हैं।श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को एईएस यानी चमकी बुखार से बचाने के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उयलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है।इसको लेकर राज्य से जिला स्तर तक के स्वास्थ्य कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी के साथ एईएस की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

## न्यूज ब्रीफ

### वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त ने शहर में विधि व्यवस्था का जायजा लिया



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

वाराणसी(उत्तर प्रदेश)।शुक्रवार को डा.एस.चन्नप्पा,अपर पुलिस आयुक्त,कानून एवं व्यवस्था,कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी में जुम्मा की नमाज,वक्फ बिल संशोधन एवं यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु गोलगड्डा, विश्वेश्वरगंज,मैदागिन चौराहा,चौक,दालमंडी होते हुए लंगडाहाफीज, रामपुरा,गोदौलिया,मदनपुरा तक एवं आस पास के संवेदनशील स्थलों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया,तथा उक्त के दृषित ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस बल डायल 112 एवं यातायात पुलिस को सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया।उक्त भ्रमण और निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त,काशी एवं संबंधित थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### JSSC CGL परीक्षा पेपर लीक मामले में क्ष्म्ह के 6 जवान होंगे बर्खास्त,डीजीपी ने दिया निर्देश

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रांची(झारखंड)। JSSC CGL परीक्षा में प्रश्नपत्र दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह में शामिल झारखंड IRB के जवानों पर अब कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। 24 मार्च को सीआईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए 5 जवानों के अलावा एक फरार जवान को मिलाकर कुल 6 जवानों को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में निषिद्ध सामग्री पहुंचाने का आरोपी जेल प्रहरी छोटा राम राज्य सेवा से बर्खास्त

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर(राजस्थान)।अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में निषिद्ध सामग्री ले जाते गिरफ्तार किए गए निलंबित जेल प्रहरी छोटा राम को विभागीय जांच के बाद शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया गया है।इस संबंध में उपमहा-निरीक्षक पुलिस कारागार रेंज जोधपुर द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। डीआईजी कारागार मोनिका अग्रवाल ने बताया कि जेल में बन्दियों को निषिद्ध सामग्री पंहुचाने वाली जेल कार्मिकों के विरुद्ध लगातार विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा है।डीआईजी अग्रवाल ने बताया कि आरोपी प्रहरी छोटाराम बेल्ट नंबर 5093 की 24 फरवरी को शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में ड्यूटी थी। 24 फरवरी की शाम ड्यूटी पर पहुंचे उक्त प्रहरी की जेल में तैनात आरएसी के कार्मिक कांस्टेबल अमरचंद द्वारा तलाशी ली गई तो प्रहरी की वर्दी की विशल में टेप से लपेटकर तीन मोबाइल सिम कार्ड छुपाए हुए बरामद किए गए।इस संबंध में अजमेर के सिविल लाइन पुलिस थाना में प्रकरण संख्या 63/25 अंतर्गत धारा 42 राजस्थान कारागार संशोधन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रहरी को 24 फरवरी को ही गिरफ्तार किया गया। विभागीय जांच पूरी होने के बाद शुक्रवार को डीआईजी कारागार जोधपुर रेंज दिनेश कुमार मीणा द्वारा जेल प्रहरी छोटा राम पुत्र लखाराम बेल्ट नंबर 5093 को राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात के बाद बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने आंदोलन समाप्ति की घोषणा की




**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रायपुर(छत्तीसगढ़)।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की।यह प्रतिनिधिमंडल 126 दिनों से लगातार आंदोलनरत था और आज की आत्मीय मुलाकात और चर्चा के बाद उन्होंने अपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि आप सब हमारे परिवार के सदस्य हैं।आपकी पीड़ा हमारी पीड़ा है।आपकी समस्याओं को समझते हुए सरकार सहानुभूति के साथ इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले के समाधान के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री श्री साय से भेंट के पश्चात शिक्षकों ने सरकार की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद,मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत,मुख्यमंत्री के सचिव डॉ.बसवराजु एस मौजूद रहे।

## कोटा स्टेशन पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा जल सेवा का शुभारंभ



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

कोटा(राजस्थान)।पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के कोटा यूनिट द्वारा 18 अप्रैल को रेलवे स्टेशन कोटा पर जल सेवा का शुभारंभ किया गया।यह जल सेवा वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर(सामान्य)एवं जिला आयुक्त(स्काउट)धर्मेन्द्र कस्तवार के निर्देशन में द्वारा किया गया।जिसमे स्टेशन निर्देशक एन के मीना,स्काउट एवं गाइड के रोवर, रेंजर और लीडर्स भी उपस्थित रहे। गर्मी के मौसम में यात्रियों को यात्रा के दौरान भीषण गर्मी से बचाव हेतु पीने का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कोटा मंडल पानी पिलाने के कार्य किया जा रहा है।सेवाभाव से यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य कर रहे है।जिसमे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है जिससे यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल प्राप्त हो सके।

## खेल

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी ने वंदना कटारिया के शानदार करियर की सराहना की



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को हॉकी स्टार वंदना कटारिया के खेल में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अपने शानदार करियर में 320 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलना उनके कौशल और नेतृत्व का प्रमाण है जिसने भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कटारिया ने इस महीने की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 15 साल के करियर का अंत हो गया। इस 32 वर्षीय स्ट्राइकर ने भारत के लिए 320 मैच में 158 गोल किए और वह उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया।
मोदी ने एक्स पर साझा किए गए पत्र में लिखा, भारतीय महिला हॉकी टीम की एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर उपलब्धियों से भरे शानदार करियर की बधाई और जीवन की एक नई पारी शुरू करने के लिए आपको हार्दिक शुभकामनाएं। अपने खेल से देशवासियों को गर्व के अनेक अवसर देते हुए आपने विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश के तिरंगे को ऊंचा रखने में बड़ा योगदान दिया। हरिद्वार के रोशनाबाद में जन्मी कटारिया का जन्म साधारण पृष्ठभूमि से हुआ था।

## महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है डब्ल्यूपीएल : मंधाना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है और पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है। मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने डब्ल्यूपीएल खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है।



महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिये लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है।

# फिर लय में आ रहे हैं रोहित : बाउचर

**मुंबई (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं और जल्दी ही बड़ी पारी खेलेंगे । रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके । सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है ।

मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा , हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे । मुझे उसके तेवर पसंद आये । उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे । वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा ।






वहीं नौ गेंद में 21 रन बनाने वाले मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के बारे में उन्होंने कहा , हार्दिक पंड्या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है । जब वह अच्छा खेलता है तो टीम जीतती है । अब वह सिर्फ पावरप्ले में ही नहीं बल्कि बीच के ओवरों में भी गेंदबाजी कर रहा है और विकेट भी ले रहा है । इससे उसका आत्मविश्वास बढेगा ।

विल जैक्स के बारे में उन्होंने कहा, वह दबाव में लग रहा है और उस तरह से प्रदर्शन नहीं रहा है, जैसा वह करना चाहता होगा । लेकिन वह शानदार खिलाड़ी है और जबर्दस्त हरफनमौला है । उसने कुछ अहम विकेट लिये जिससे बतौर बल्लेबाज भी उसका आत्मविश्वास बढा है । आखिरकार वह योगदान दे पा रहा है और इस लय को कायम रखना चाहेगा । पंड्या के बारे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा , हार्दिक पंड्या मोर्चे से अगुवाई कर रहा है । गेंदबाजी हो, बल्लेबाजी या फील्डिंग । वह हमेशा मुस्कुराता रहता है और कभी हार नहीं मानता।

# जीतू ने विश्व कप से पहले शिविर में मुझे कुछ उपयोगी सुझाव दिए थे : सुरुचि सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** निशानेबाज सुरुचि सिंह की अंगुलियों में सटीक निशाना साधने की प्रतिभा पहले से ही थी लेकिन राष्ट्रीय शिविर में पिस्टल के दिग्गज जीतू राय से मिले सुझाव से वह दक्षिण अमेरिका में आईएसएसएफ विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही।



भारत की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतने वाली इस 18 साल की निशानेबाज को भारतीय निशानेबाजी में अगली बड़ी खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। सुरूचि ने अपनी प्रतिभा और धैर्य से काफी प्रभावित किया है।

उन्हें अपनी घरेलू सफलता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए थोड़ी ह्यसलाहह्ल की जरूरत थी और ऐसे में उन्हें जीतू से मार्गदर्शन मिला। इस सुझाव के बाद उन्होंने बेहद ही कम समय में आईएसएसएफ विश्व कप में दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते।

सुरुचि ने लीमा से पीटीआई से कहा, जीतू ने मुझे कुछ सुझाव दिए, जिनसे मुझे यहां बहुत मदद मिली और खेल में आगे बढ़ने के लिए ये सलाह महत्वपूर्ण हैं। मैंने उनकी सलाह का पालन किया और इसका फल मुझे मिला।

वर्तमान में राष्ट्रीय टीम के पिस्टल कोचों में से एक जीतू को सुरुचि लंबे समय से जानती हैं। जब झज्जर की निशानेबाज ने अपने राष्ट्रीय कोच के रूप में सेना के इस पूर्व निशानेबाज को चुना तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ। सुरुचि के पिता भी सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

जीतू को अपने समय के दुनिया के सबसे बेहतरीन पिस्टल निशानेबाजों में से एक माना जाता था और जिन्होंने शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में कई स्वर्ण पदक जीते है। अपनी विनम्रता के लिए पहचाने जाने वाले इस पूर्व निशानेबाज ने कहा कि सुरुचि के पास अच्छी तकनीक है और वह मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत मजबूत है।

जीतू ने कहा, जब मैंने उसे प्रशिक्षण के दौरान निशाना साधते हुए देखा तो मैंने महसूस किया कि उसका हाथ थोड़ा बाईं ओर झुका हुआ था। अभ्यास के साथ उसने इसे जल्दी ही ठीक कर लिया। हमने 15 दिनों तक कर्णी सिंह रेंज में प्रशिक्षण लिया और यह एक बहुत ही उपयोगी शिविर था।

राय ने कहा, मैंने उसे बताया कि जब वह बड़े अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों में प्रतिस्पर्धा कर रही हो, तो दबाव को कैसे संभालना है, परिस्थितियों और स्थितियों का आकलन कैसे करना है क्योंकि सभी रेंज और स्थितियां एक जैसी नहीं होती हैं।

हरियाणा के भिवानी में द्रोणाचार्य अकादमी की छात्रा सुरुचि को अभी लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, मैं टूनार्मेंट की परवाह किए बिना अच्छी निशानेबाजी करने की कोशिश करती रहूंगी।

# सीएसके ने चोटिल गुरजपनीत की जगह ब्रेविस को टीम में शामिल किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में शामिल करने की घोषणा की।



दुनिया के सबसे रोमांचक युवा क्रिकेटरों में से एक ब्रेविस ने 2023 में पदार्पण के बाद दो टी20 अंतरर-ाष्ट्रीय मैच खेले हैं। ब्रेविस दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टूनार्मेंट में खेल चुके हैं जिसमें आईपीएल, सीपीएल, एमएलसी और एसए20 शामिल हैं।

वह 2025 एसए20 में 184.17 के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में छठे स्थान पर रहे थे जिससे मुंबई इंडियंस केपटाउन को अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली थी।

आईपीएल ने मीडिया को दिए बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बचे हुए मैचों के लिए चोटिल गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल करने का फैसला किया है। ब्रेविस (21 साल) इससे पहले 2022 और 2024 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे और उन्होंने 10 मैच खेले थे। उन्होंने 81 टी20 मैच खेले हैं और 1787 रन बनाए हैं। ब्रेविस 2.2 करोड़ रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।



"यह अभूतपूर्व सम्मान भारत की अनुपम आध्यात्मिक चेतना, अद्वितीय मेधा, शाश्वत ज्ञान-परम्परा, कालजयी कलात्मक प्रतिभा तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मान्यता है।"

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, शनिवार 19 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




नंद गोपाल नंदी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के गौरवशाली शताब्दी वर्ष शताब्दी वर्ष के अवसर पर महाराष्ट्र राज्य की उपराजधानी नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन कर आद्य सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।






# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 98वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री चंद्रशेखर जी की 98 वीं जयंती के अवसर पर युवा भारती ट्रस्ट द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार श्री राम बहादुर राय जी, प्रधानमंत्री मोदीजी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ. एच. आर. नागेंद्र जी, समाजसेवी व एडवोकेट राजकुमार शर्मा जी, दिल्ली जामा मस्जिद के सेक्रेटरी जनाब आसिफ मोहम्मद जावेद जी, पत्रकार लेखक मनोज शर्मा, अन्य अनेक वरिष्ठ पत्रकार, प्रोफेसर, विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख शख्सियतों सहित माननीय चंद्रशेखर जी के मित्रों, प्रशंसकों और अनुयायियों सहित सैकड़ो की तादाद में लोगों ने शिरकत की।

समारोह के दौरान सभागार में एक बड़ा भावयुक्त क्षण तब उपस्थित हो गया जब समारोह के आयोजक और माननीय चंद्रशेखर जी के राजनीतिक सलाहकार रहे डॉ. एच.एन. शर्मा जी माननीय चंद्रशेखर जी की स्मृतियां और संस्मरणों को याद करते हुए अत्यंत भावुक हो उठे, उनके नयन सजल हो गए, गला रूंध गया और आवाज अवरूद्ध हो गई। इसी क्रम में मनीषी पत्रकार श्री राम बहादुर राय जी ने स्मृतियों के अंतराल में उतरते हुए बताया कि चंद्रशेखर जी की हीरक जयंती (75 वें जन्मदिन) पर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर एक लघु पुस्तिका प्रकाशित करने की योजना बनी, तो मैंने 300 से अधिक प्रश्नों को तैयार किया और फिर नरेंद्र भवन में करीब महीने भर तक सुबह नौ बजे से देर शाम तक चंद्रशेखर जी से वार्ता के आधार पर रहबरी के सवाल नामक एक अच्छी खासी पुस्तक तैयार हो गयी, जिसे स्वयं चंद्रशेखर जी ने कहा, देखा, परखा और संशोधित भी किया। पूरा पढ़ने के बाद उन्होंने कहा कि इसमें मेरे बचपन के मित्रों का जिक्र नहीं है। फिर वह खंड लिखने, पुरानी स्मृति में उतर जाने और एकांत में स्थिर भाव से लिखने के लिए स्वयं चंद्रशेखर जी हरिद्वार चले गए; इस प्रकार उनके मित्रों के प्रसंग भी इस पुस्तक में समाहित हो पायें।

इसीप्रकार वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेश शर्मा जी द्वारा भी चंद्रशेखर जी से पूछे गये डेढ़ सौ से अधिक प्रश्नों के आधार पर चंद्रशेखर : जीवन जैसा जिया नामक पुस्तक भी प्रकाशित हुई। जिसमें श्री राम बहादुर राय जी और डॉ.एच.एन. शर्मा जी का भी विशेष सहयोग और भूमिका रही। चंद्रशेखर जी पर लिखी गई सैकड़ो पुस्तकों में से इन दो पुस्तक के बारे में कहा जा सकता है कि यही चंद्रशेखर जी की अधिकारिक जीवनी है।

## मंत्री नन्दी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर में की मुलाकात

# डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति स्मृति मंदिर में डॉ. हेडगेवार एवं सदाशिवराव गोलवलकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी भी रहीं मौजूद
- बेहतर कनेक्टिविटी ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक सेवाओं को सस्ता व सुलभ बनायाः मंत्री नन्दी



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में दो दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ जाकर मुलाकात किया। वहीं विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मंत्री नन्दी ने नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। नागपुर में प्रवास के दौरान मंत्री नन्दी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करप्रयागराज के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक माहात्म्य के साथ ही महाकुम्भ-2025 की व्यापक उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री नन्दी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में प्रयागराज में लगभग 100 करोड़ की लागत से स्वीकृत 2.2 किलोमीटर लम्बी रोपवे परियोजना के लिए प्रयागराजवासियों की ओर से आभार प्रकट किया। कहा कि यह परियोजना प्रयागराज के धार्मिक पर्यटन के प्रोत्साहन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध होगी।मंत्री नन्दी ने कहा कि रोड कनेक्टविटी के क्षेत्र में आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है। यूपीडा एवं एनएचआई द्वारा संचालित एक्सप्रेसवेज-हाइवेज की श्रृंखला विश्वस्तरीय सुविधाओं से परिपूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक सेवाओं को सस्ता व सुलभ बनाया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कनेक्टिविटी को और भी बेहतर व विस्तृत बनाने हेतु भविष्य में भी हर प्रकार के सहयोग व प्रोत्साहन का आश्वासन दिया।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद मंत्री नन्दी डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति स्थल पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के गौरवशाली शताब्दी वर्ष शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर मंत्री नन्दी ने महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं परम माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी भी मौजूद रहीं।मंत्री नन्दी ने कहा कि डॉ. हेडगेवार एवं पूज्य गुरु जी की स्मृतियों को संजोते, इस स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं। भारतीय संस्कृति, राष्ट्र वाद और संगठन शक्ति के मूल्यों को समर्पित यह स्थली हमें राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह पुण्य स्थली देश की सेवा में समर्पित करोड़ों स्वयंसेवकों के लिए ऊर्जा पुंज है।

# गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को द्वारा सम्मानित किया जाना गौरव की बात है: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियों को यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर' में शामिल किए जाने की शुक्रवार को सराहना की और इसे प्रत्येक भारतीय के लिए ₹गर्व का क्षण₹ बताया।

आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता और चेतना को पोषित कर रही श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर' में अंकित होना हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है।''उन्होंने कहा, ''यह अभूतपूर्व सम्मान भारत की अनुपम आध्यात्मिक चेतना, अद्वितीय मेधा, शाश्वत ज्ञान-परम्परा, कालजयी कलात्मक प्रतिभा तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मान्यता है।''



आदित्यनाथ ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सांस्कृतिक पुनर्स्थापना के प्रति किए गए युगांतरकारी प्रयासों का ही सुफल है कि आज भारत की गौरवशाली विरासत को वैश्विक विरासत के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।''

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए वह सम्पूर्ण देश वासियों को हृदय से बधाई देते हैं।

# प्रथम ज्योतिर्लिंग को समर्पित श्रीनृत्यांजलि द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

## भारत के 25 शहरों के संगीत के अलग-अलग विधाओं के कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





भारतीय कला संस्कृति विरासत केंद्र, गिविंग हैंड्स वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से सोमनाथ गुजरात के श्री राम मंदिर सभागृह में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्री सोमनाथ कला सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 25 शहरों के संगीत के अलग-अलग विधाओं के कलाकारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोहा ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर हुआ संस्था के डायरेक्टर श्री संदीप राय और फेस्टिवल डायरेक्टर डॉक्टर सुमिता दत्ता रॉय , मुख्य अतिथि के रूप में नाट्य कला पूर्ण नाट्याचार्य डॉ.श्री लक्ष्मी चिंतालुरी.. संस्थापक और निर्देशक.. नाट्य वेदम.. कुचिपुड़ी कला अकादमी..आंध्र प्रदेश, संस्कार भारती के अध्यक्ष श्री सुरूभा जनेजा, श्री नवल अम्बालिया जी, वरिष्ठ पत्रकार श्री भास्कर जी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

प्रतियोगिताओं का संचालन हुआ जिसमें कथक, भरतनाट्यम ,ओडीसी,कुचिपुड़ी मोहिनीअट्टम ,लोक नृत्य,गायन और बादन के प्रतिभागियों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी और दूसरे सत्र में वरिष्ठ अतिथि कलाकारों के द्वारा शास्त्रीय नृत्यों की अनुपम प्रस्तुतियां दी गई ।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी कलाकारों को मंच पर विभिन्न शीर्षक अवार्ड्स से सम्मानित किया गया एवं सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय कला एवं संस्कृति को जीवित रखने का एक प्रयास संस्था द्वारा किया गया और 250 से अधिक कलाकारों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और गौरान्वित बना दिया।संस्था के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 6 से 8 जून माँ गंगा के अवतरण दिवस के उपलक्ष में शिव गंगा उत्सव हरिद्वार में कला एवं संस्कृति के महोत्सव का टिन दिवसीय आयोजन किया जाएगा और लगातार विभिन्न कार्यक्रमों को करते रहते हैं संस्कृति कला को पूरे देश विदेश तक ले जाने का इस संस्था का में उद्देश्य है।

कार्यक्रम में देश के जाने माने कला गुरु श्री लक्ष्मी चिंतापुरी जी प्रियंका शर्मा, विक्की जी, रचना ओझा जी, सुरेंद्र सिंह जी, निकेश मलिक,संजीव एडप्पल, दृष्टि पंचाल जी को गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया साथ ही सूर्या वर्साणी अकादमी स्कूल और नृत्य शाला दिल्ली को उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री संजीब एडप्पल जी, स्तुति आनंदजी, प्रियंका शर्मा जी, रंचना बेन ओझा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संगीत प्रतियोगिताओं का संचालन हुआ जिसमें कथक, भरतनाट्यम ,ओडीसी, कुचिपुड़ी, लोक नृत्य , गायन और वादन के प्रतिभागियों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी और दूसरे सत्र में वरिष्ठ अतिथि कलाकारों के द्वारा शास्त्रीय नृत्यों की अनुपम प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी कलाकारों को मंच पर विभिन्न शीर्षक अवाड्र्स से सम्मानित किया गया, संस्था के श्री सुभाष चंद्र दत्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की प्रशंसा की इस प्रकार के कार्यक्रम से देश में सनातन सभ्यता का प्रचलन होगा और सुंदर नृत्य शैली से यह कला और पूरी है और पूरे विश्व में नाम रोशन करेगी, डायरेक्टर सुमिता राय दत्ता सभी का आभार व्यक्त किया और पधारे हुए सभी शहर के प्रबुद्ध समाज सेवायों को धन्यवाद दिया और सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया ,

# जादूगर सम्राट शंकर को शादी की गोल्डन जुबली पर देश के लाखों चाहने वालों की बधाइयां मिली

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



नई दिल्लीः जादू की दुनिया में एक प्रतिष्ठित नाम, जादूगर सम्राट शंकर जी ने कल अपनी वैवाहिक जीवन की स्वर्ण जयंती धूमधाम से अपने स्वजनों के बीच मनाई ।

इस अवसर पर देशभर से उनके लाखों प्रशंसको ने उन्हें फोन द्वारा एवं व्यक्तिगत संदेश भेज कर उनके आजीवन स्वस्थ एवं प्रसन्न रह कर इसी प्रकार से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हुए अपने मिशन को पूरा करने की दिल से बधाई और शुभकामनाएं भेजी है। श्री जादूगर सम्राट शंकर जी के पर राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक श्री जगदीश मित्तल व नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह तथा भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं अग्रवाल, वैश्य सहित सामजिक , संस्थाओं उद्योग जगत पत्रकारों सहित शिक्षा से जुड़ी कई संस्थाओं ने अपनी हार्दिक बधाइयां भेजी है।मंच पर अपने अद्भुत जादू और कला के ज़रिए उन्होंने लाखों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने 30,000 से अधिक चैरिटी शो कर समाज की सेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा अनेक सामाजिक कार्यों में भाग लेकर ज़रूरतमंदों की मदद की है।

जादूगर सम्राट शंकर न केवल मंच पर बल्कि असल ज़िंदगी में भी एक नायक हैं जो हर समय लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं।उनके जीवन का सबसे ख़ास जादू है उनका प्रेम, समर्पण और 50 वर्षों का साथ, जिसे उन्होंने अपनी जीवनसंगिनी के साथ सच्चे मन से निभाया। उनका यह जीवन सफर हमें यह सिखाता है कि जादू केवल मंच तक सीमित नहीं, बल्कि सच्चे रिश्तों और सेवा-भाव में भी बसता है। श्री श्याम जादूगर सम्राट शंकर ने देश के सभी अपने चाहने वालों को"इस पावन अवसर पर यही कामना है कि आपका साथ यूं ही बना रहे हमेशा मुस्कुराते और खुशियों से भरे रहें।"

# 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जाएगा पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क : बालकृष्ण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

पतंजलि ग्रुप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) क्षेत्र में अपने औद्योगिक विस्तार को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, आचार्य बालकृष्ण जी आज प्लॉट नंबर 1A, सेक्टर 24A, YEIDA पहुंचे, जहां उन्होंने पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क की आगामी योजनाओं पर चर्चा की। यह प्रमुख परियोजना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोज़गार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है।

इस पार्क में एक अत्याधुनिक डेयरी प्लांट और औद्योगिक प्रमोशन हब स्थापित किया जाएगा, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

आर्थिक विकास और रोज़गार के अवसर इस मौके पर आचार्य बालकृष्ण जी ने बताया कि यह औद्योगिक पार्क 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'मेक इन इंडिया' अभियान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 'इन्वेस्ट यूपी' मिशन के अनुरूप है। पूरी तरह से कार्यशील होने पर, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क से 3,000 से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।



पतंजलि ग्रुप पहले से ही एक औद्योगिक पार्क विकसित कर रहा है, जहां छोटे और मध्यम आकार के उद्योगों (SMEs) को सब-लीज के माध्यम से औद्योगिक स्पेस उपलब्ध कराया गया है। आगामी फूड एंड हर्बल पार्क इस पहल को और मजबूती देगा, जिससे एफएमसीजी, आयुर्वेद, डेयरी और हर्बल उद्योगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और स्थानीय स्तर पर औद्योगिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

YEIDA अधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा औद्योगिक पार्क का दौरा करने के बाद, आचार्य बालकृष्ण जी उद्योग जगत के विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ YEIDA कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने CEO श्री अरुणवीर सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।इस दौरान, CEO श्री अरुणवीर सिंह ने YEIDA क्षेत्र में हो रहे औद्योगिक विकास को लेकर अपनी सकारात्मक सोच और प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं को समर्थन देना, बुनियादी ढांचे को मज़बूत करना और क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना YEIDA की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास को संतुलित और समावेशी रूप से आगे बढ़ाने के लिए सभी परियोजनाओं की कड़ी निगरानी की जाएगी, जिससे स्थानीय व्यापारियों और उद्योगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।